|| श्री चतुर्विंशति तीर्थंकराय नमः ||

चतुर्विंशति
निर्वाण भक्ति
स्तवन

:: आशीर्वाद एवं प्रेरणा ::

अध्यात्म योगी, ८४ लाख मंत्र लेखन कर्ता

परमपूज्य आचार्य श्री १०८ वासुपूज्य सागरजी महाराज

:: लेखिका ::

परम पूज्य आर्यिका श्री १०५ श्रेयमती माताजी

:: निमित्त ::

बाल ब्रह्मचारिणी नेहल बहन

:: कवर कम्पोजिंग ::

बाल ब्रह्मचारी सुगन्ध कुमार जैन

प्रथम संस्करण
1000 प्रतियाँ

:: प्राप्ति स्थान ::
आचार्य श्री १०८ वासुपूज्य सागर जी महाराज

:: मूल्य ::
स्वाध्याय

:: समय सहयोग ::
श्री मोहन लाल जैन (बाराबंकी)

:: प्रकाशक ::
दिगम्बर जैन समाज, रामपुर (उ.प्र.)

:: मुद्रक ::
बंसल प्रिन्टर्स, रामनाथ कालोनी, रामपुर, फोन : २३५१६०९

❖ निर्वाण भक्ति ❖

विषय सूची	पृष्ठ संख्या

१. श्री भगवान आदिनाथ जी की भक्ति १
आदिनाथ जी की पूजा वंदना

२. श्री भगवान अजितनाथ जी की भक्ति १८
अजितनाथ की पूजा वंदना

३. श्री भगवान संभवनाथ जी की भक्ति ३४
संभवनाथ जी की पूजा वंदना

४. श्री भगवान अभिनंदननाथ की भक्ति ५०
अभिनंदननाथ जी की पूजा वंदना

५. श्री भगवान सुमतिनाथ जी की भक्ति ६७
सुमतिनाथ जी की पूजा वंदना

६. श्री भगवान पदम प्रभु जी की भक्ति ८३
पदम प्रभु जी की पूजा वंदना

७. श्री भगवान सुपार्श्वनाथ जी की भक्ति ९९
सुपार्श्वनाथ जी की पूजा वंदना

८. श्री भगवान चन्द्र प्रभु जी की भक्ति ११५
चन्द्र प्रभु जी की पूजा वंदना

९. श्री भगवान पुष्पदंत जी की भक्ति १३१
पुष्पदंत जी की पूजा वंदना

१०. श्री भगवान शीतलनाथ जी की भक्ति १४७
शीतलनाथ जी की पूजा वंदना

११. श्री भगवान श्रेयांसनाथ जी की भक्ति १६३
श्रेयांसनाथ जी की पूजा वंदना

१२. श्री भगवान वासुपूज्य जी की भक्ति १७९
वासुपूज्य जी की पूजा वंदना

१३. श्री भगवान विमलनाथ जी की भक्ति १९४
विमलनाथ जी की पूजा वंदना

विषय सूची	पृष्ठ संख्या
१४. श्री भगवान अनंतनाथ जी की भक्ति अनंतनाथ जी की पूजा वंदना	२१०
१५. श्री भगवान धर्मनाथ जी की भक्ति धर्मनाथ जी की पूजा वंदना	२२५
१६. श्री भगवान शांतिनाथ जी की भक्ति शांतिनाथ जी की पूजा वंदना	२४०
१७. श्री भगवान कुन्थुनाथ जी की भक्ति कुन्थुनाथ जी की पूजा वंदना	२५६
१८. श्री भगवान अरहनाथ जी की भक्ति अरहनाथ जी की पूजा वंदना	२७२
१९. श्री भगवान मल्लिनाथ जी की भक्ति मल्लिनाथ जी की पूजा वंदना	२८७
२०. श्री भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी की भक्ति मुनिसुव्रतनाथ जी की पूजा वंदना	३०४
२१. श्री भगवान नमिनाथ जी की भक्ति नमिनाथ जी की पूजा वंदना	३१९
२२. श्री भगवान नेमिनाथ जी की भक्ति नेमिनाथ जी की पूजा वंदना	३३५
२३. श्री भगवान पार्श्वनाथ जी की भक्ति पार्श्वनाथ जी की पूजा वंदना	३५०
२४. श्री भगवान महावीर स्वामी जी की भक्ति महावीर स्वामी जी की पूजा वंदना	३६६
२५. निर्वाण काण्ड	३८४
२६. निर्वाण क्षेत्र पूजा	३८६
२७. चौबीस तीर्थंकरों का पूर्ण परिचय वर्णन एवं भरत चक्रवती के सोलह स्वप्न	३९२

❖ भागलपुर बिहार ❖

प्रिय मोक्षमार्गी सज्जनों सन् १९९८ की बात है कि जब भगवान श्री १००८ पार्श्वनाथ जी का निर्वाण कल्याणक दिन आया निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। फिर निर्वाण क्रिया करना है तो भगवान महावीर की पार्श्वनाथ के नाम पर त्यागीगण भक्ति पढ़ रहे थे तब बाल ब्र० नेहल जी भाग्या ने कहा कि भगवान पार्श्वनाथ जी का निर्वाण दिवस और भक्ति भगवान महावीर की यह सुनकर मन में खेद हुआ कि देखो काम किसी का और नाम किसी का तिथि पक्ष महिना वर्ष महावीर का और केवल नाम पार्श्वनाथ जी का ठीक कोई बात नहीं ब्र० नेहल जी भाग्या के सुझावानुसार दोपहर में स्वाध्याय के समय आर्यिका श्रेयमति जी से कहाकि आप आचार्य श्री पूज्यपाद जी कृत (अपरनाम देव नन्दि जी कृत) निर्वाण भक्ति के अनुसार शेष २३ तीर्थंकरों की निर्वाण भक्तियाँ तैयार कर लो तब उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर क्रमशः भागलपुर चार्तुमास में भक्तियाँ तैयार कर लीं और भण्डार में जमा रहीं फिर बहराइच में सुलभ बहन ने निःस्वार्थ भावों से अपने क्षयोपशमानुसार संस्कृत श्लोकों का संशोधन किया। अतः ये आशिर्वाद की पात्र हैं तथा हिन्दी अर्थ का मैंने संशोधन किया, फिर भी दृष्टि दोष से या असावधानी से भूल रह जाना सम्भव है अतः ज्ञानीजन सुधार कर पढ़ें तथा हमको शुद्धिपत्र भेजकर सम्बोधन करें। इस पुस्तक के कम्पोजिंग कार्यकर्ता जो युवा निष्कपट, निस्वार्थी हैं ऐसे मोहन जी जैन स्वतंत्र एवं अन्य सभी सहयोगीजन धर्म प्रेमी बन्धु भी मनसः पूर्ण आशिर्वाद के पात्र हैं तथा ये भी हमारे जैसे बनकर स्वपर कल्याण करें यही मंगलाशीर्वाद है।

अब यह पंचकल्याणक भक्ति पूजा और टोंक वंदना पुस्तक आप लोगों के सामने आने वाली है आप लोग इसका योग उपयोग यथावसर कार्य रूप में परिणत करें यही संदेश है। यही इसका मूल्य है।

आ० श्री १०८ विमलसागर जी के प्रथम शिष्य आ० श्री पार्श्वसागर जी, इनके प्रथम शिष्य

आ० वासुपूज्यसागर

आ० वासुपूज्य सागर "महाराज"

❖ असीम वात्सल्य ❖

पंच परमेष्ठि के चरणों में वंदन करते हुए अपनी भावनाओं को लिखने की कोशिश कर रही हूँ सर्व प्रथम तो भावनाओं की कोई सीमा नहीं होती जबकि शब्द सीमित होते हैं और इन्हीं सीमित शब्दों में आपको यह पंचकल्याणक भक्ति नामक पुस्तक के विषय में जानकारी देना चाहती हूँ जब आचार्य श्री ने मुझे इस कृति को लिखने के लिए कहा तो गुरूआज्ञा को मैंने स्वीकार कर लिया लेकिन जब मैंने लिखने के लिए कलम उठाई तो हाथों में कंपन शुरू हो गई मन कहता है क्या लिखूं कहां से शुरू करूं कुछ समझ में नहीं आ रहा था क्योंकि लिखना भी ऐसे महापुरुषों के सम्बन्ध में है जो हमारी आंखों से ओझल रह कर भी प्रत्यक्ष हों। मन को दृढ़कर संकल्प किया कुछ भी हो गुरू आज्ञा है गुरू का आशीर्वाद है यह कार्य मुझे करना है जब इंसान संकल्प कर लेता है तो इसके लिए कठिन कार्य भी सुलभ हो जाता है संकल्प लेते ही लेखन कार्य की गति शुरू हुई, लेकिन फिर कलम रूक गई तो पहुंच गई मैं गुरू के पास पूछा आचार्य श्री मैंने कभी कोई कृति लिखी नहीं है अतः आप ही बताईये कैसे लिखूं। तब आचार्य श्री ने कहा कि आचार्य पूज्य पाद कृत महावीर निर्वाण को देखकर लिखो। मैंने कहा आचार्य श्री ने मुझे बहुत अच्छा मार्गदर्शन दिया भले ही वह भगवान महावीर की निर्वाण भक्ति है लेकिन उसी के सहारे से शेष तीर्थंकरों की निर्वाण भक्ति बन सकती है जैसे एक गुलाब को देखकर अन्य गुलाब पुष्पों का वर्णन कर सकते हैं वैसे ही भगवान महावीर की निर्वाण भक्ति एवं अन्य ग्रन्थों का सहारा लेकर गुरू के आशीष से शेष २३ तीर्थंकरों की निर्वाण भक्ति बनाने में सरलता मिली यह पंच कल्याणक भक्ति कठिन मालूम पड़ती थी और सरल भी। कठिन इसलिए लगती थी क्योंकि इसके श्लोक संस्कृत में थे और सरल इसलिए लगती थी

कि गुरू का आशीर्वाद था। कार्य पूर्ण हुआ उसके बाद संस्कृत श्लोक संशोधन होना था आचार्य श्री से मैंने कहा आचार्य श्री आपकी संस्कृत बहुत ही अच्छी है आपही संशोधन करें। आचार्य श्री ने कहा मैंने संशोधन कर दिया है लेकिन फिर भी किसी और से संशोधन करवाना होगा अपने से कोई नजर की चूक हो सकती है। अतः आचार्य श्री ने बहुत कोशिश की लेकिन भक्ति को देखकर संस्कृत टीचर भी भाग जाते, कहते ये कार्य हम नहीं कर सकते। ऐसे करते हुए करीब पाँच-छ वर्ष बीत गये। मैंने आचार्य श्री से कहा आचार्य श्री यह कार्य होना नहीं है न ये कृति छप सकती है अब हम इसे ऐसे छोड़ देंगे। आचार्य श्री ने आश्वासन दिया और कहा कि घबराओ नहीं धीरज का फल मीठा होता है कोई न कोई अवश्य मिलेगा। फिर आये बहराइच यहाँ पर सुलभ बहन हैं जिन्होंने संस्कृत से पी०एच०डी० की है उन्होंने अपने अथक परिश्रम से संशोधन का कार्य किया। संघस्थ बाल ब्र० सुगन्ध (सौरभ) एवं बाल ब्र० नेहल जी भाग्या ने अर्थ व्यवस्था में सहयोग दिया।

अतः अब यह कार्य २००६ में पूर्ण हुआ यह कृति आपके समक्ष लाने में समय काफी लग गया खैर कोई बात नहीं अच्छी वस्तु को प्रकाश में लाने के लिए समय का इन्तजार करना पड़ता है। अब इन्तजार की घड़ियां पूर्ण हो चुकी हैं अतः यह कृति आपके समक्ष है। यह कृति हमारे गुरूजनों एवं साधर्मी श्रावक श्राविकाओं के उपयोग की हो अतः आप इस कृति को पढ़ते हुए गल्तियां अवगत कराते हुए कर्मों की निर्जरा करें इन्हीं भावनाओं के साथ कलम को विराम देती हूँ।

परम पूज्य १०८ आचार्य श्री वासुपूज्य सागर महाराज जी
की संघस्था

आ॰ श्रेयमती

आर्यिका १०५ श्रेयमती माता जी

❖ नयी ज्योति ❖

काम किसी का नाम किसी का, कभी न शोभा पाता है।
काम जिसी का नाम उसी का, भक्ति में रंग लाता है।।
निर्वाण हुआ चौबीसों का, पढ़ने में आता बस एक का।
श्रेयमती ने पंचकल्याणक लिखी, अब चौबीसों की।।

परम पूज्य आर्यिका श्री १०५ श्रेयमती माता जी ने अपने अथक परिश्रम से चौबीसों तीर्थंकरों की पंचकल्याणक स्तुति लिखी जो वास्तव में प्रशंसनीय है क्योंकि कहा है कि......

" कभी न किया काम किसी ने, माता वो कर दिखलायीं
वासुपूज्य का आशीष पा निर्वाण भक्ति लिख हर्षायीं"

अतः गुरूवर का आशीष पाकर आपकी लेखनी इसी प्रकार आध्यात्मिक ग्रन्थों को लिखती रहें।

पूज्य माता जी के चरणों में

शत् शत् नमन

संघस्थ

बा० ब्र० सुगन्ध कुमार जैन

बा०ब्र० सुगन्ध कुमार (सौरभ) जैन
बाराबंकी

❖ सहज संकेत ❖

पंचम काल में मोक्षमार्ग पर चलने के लिए और मोक्षमार्ग को प्राप्त करने के लिए एक मात्र प्रशस्त साधन है तो वह है भक्ति। बिना भक्ति के सारे स्वर और सारे लय बेजान है। एकान्त वादियों के यहाँ तो व्यक्ति विशेष की भक्ति की जाती है किन्तु स्याद्वादियों के यहाँ एक मात्र सम्यक् आप्त की ही भक्ति होती है और वे आप्त हैं वीतराग सर्वज्ञ और हितोपदेशी लक्षण से युक्त अपने २४ तीर्थंकर। वैसे तो भक्ति नित प्रतिदिन करनी चाहिए किन्तु विशेष दिन में विशेष भक्ति होती है जैसे कि निर्वाण दिन और उस दिन निर्वाण भक्ति करनी चाहिए। किन्तु सवाल यह है कि प्रत्येक तीर्थंकर के कल्याणक नाम आदि भिन्न-भिन्न हैं और निवार्ण भक्ति है सिर्फ महावीर स्वामी की। जिससे निर्वाण भक्ति पढ़ते समय मायाचारी जैसा प्रसंग उपस्थित होता है किसी तीर्थंकर का निर्वाण दिवस और निर्वाण भक्ति सिर्फ महावीर स्वामी की करो। जिससे दिल में कुछ चुभन सी महसूस होती थी कि हमें भी ऐसा छल क्यों करना पड़े ? यही प्रश्न आचार्य श्री से मैंने पूछा कि क्या धर्म के नाम पर भक्ति के नाम पर अपन लोग ढ़ोंग करते हैं ? जिसका निर्वाण दिवस है उसके लिए न पढ़कर सिर्फ महावीर स्वामी की ही भक्ति पढ़ते हैं तो आचार्य श्री ने समाधान किया कि जिस प्रकार आचार्य श्री कुन्दकुन्द के ८४ पाहुड में से प्रायः कर अधिक पाहुड लुप्त हो चुके हैं उसी प्रकार संभवतः ही २३ तीर्थंकरों की निर्वाण भक्ति भी इस भूमण्डल में गुम हो गयी हैं लेकिन इसमें निराश होने की भी आवश्यकता नहीं और न मन में खेद करनें की जरूरत है। पुरुषार्थ से सारे कार्य सफल हो सकते हैं और हो जाते हैं। उसी समय आचार्य श्री ने प०पू० १०५ आर्यिका श्री श्रेयमती

माता जी को प्रोत्साहित किया और कहा कि प०पू० आ. प्रवर श्री पूज्य पाद जी कृत महावीर स्वामी की निर्वाण भक्ति को आधार बनाकर अन्य २३ तीर्थंकर की निर्वाण भक्ति बनाओ। पूज्य माता श्री के अथक प्रयास से तथा पूज्य आचार्य श्री के प्रोत्साहन से संस्कृत में निर्वाण भक्ति बनाने का कठिन कार्य आसानी से सम्पन्न हुआ। उसे देखकर और पढ़कर मेरा मन मयूर नाच उठा भले ही संस्कृत के विषय में अंगूठा छाप हूँ लेकिन मन में इस बात का हर्ष हुआ कि अब झूठा दिखावा नहीं करना पड़ेगा। वैसे तो यदि सिर्फ निर्वाण भक्ति को ही छपवाते तो एक मात्र त्यागी व्रती गण को ही लाभदायी होती किन्तु आचार्य श्री के विशाल सागर दिल में विचार आया कि इसका लाभ गृहस्थगण श्रावकजन को भी मिल जाये इसलिए इसमें प्रत्येक निर्वाण भक्ति के साथ प्रत्येक तीर्थंकर की पूजा तथा टोंक पूजन का अर्घ दिया है। इसका विस्तृत लाभ अगर विद्वान वर्ग प्रतिष्ठाचार्य आदि भी लेना चाहेंगे तो उनके लिए अमूल्य निधी स्वरूप ही है। मेरी तो हार्दिक इच्छा यही है कि इस प्रकार की नई-नई कृतियां पूज्य माता जी द्वारा रचित हमें प्राप्त होती रहें जिससे हमारे मन में उठी हुई कमियों की आंधी धीरे धीरे शांत होती जाये।

-: अस्तु :-

अंत में मन वचन काय से से पूज्य आचार्य श्री एवं पूज्य माता श्री के चरणों में

शत् शत् नमन

प०पू० १०८ आचार्य श्री
वासुपूज्य सागर महाराज जी
की संघस्था
Bhagya Jain (Nehal Jain)
ब्र०भाग्या जैन (नेहल जैन)

वासुपूज्याय नमः

❋ श्री आदिनाथ निर्वाण भक्ति ❋

विबुधपति खगपति नरपति धन दोरगभूत यक्षपति महितम्।
अतुल सुख विमल निरुपम शिवमचलमनामयं हि संप्राप्तम्॥१॥
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परमगुरुम्।
भव्यजन तुष्टिजननैर्दुरवापैः आदि जिनं भक्त्या॥२॥

अन्वयार्थ - जो (हि) यथार्थ में (विबुधपति खगपति-नरपति-धनद- उरग-भूत- यक्षपति- महितम्) देवेंद्र, विद्याधर चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेन्द्र, भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल्य सुख रूप हैं (विमलं-निरुपम शिवम्) निर्मल हैं उपमा रहित हैं कल्याण स्वरूप हैं (अनघं) जो निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरुम्) जो तीनों लोकों के श्रेष्ठ गुरू हैं ऐसे (संप्राप्तम्) विशेषणों को प्राप्त (भक्त्या) भक्ति से उन भगवान (आदिजिनं) आदिनाथ को नमस्कार करके (भव्यजन-तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यन्त दुर्लभ (पञ्चभिः कल्याणैः) गर्भादि पाँच कल्याणकों के द्वारा (संतोष्ये) मैं उन आदिनाथ भगवान की स्तुति करूँगी ।

आषाढः द्वितीयायां हस्तोत्तर मध्यमाश्रिते शशिनि।
आयातः स्वर्गसुखं, भुक्त्वा सर्वार्थाधीशः॥३॥
नाभिराय नृपतितनयो भारतवास्ये साकेत पुरनगरे।
देव्यां मरुजनन्यां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ - (सर्वार्थ-आधीशः) सर्वार्थसिद्धि विमान का स्वामी (विभुः) भगवान आदिनाथ का जीव (आषाढः द्वितीयायां)

आषाढ कृष्ण द्वितीया के दिन (शशिनि) जब चन्द्रमाँ (हस्तोत्तर-मध्यमाश्रिते) हस्तोत्तर नक्षत्र पर था तब (स्वर्ग सुखं भुक्त्वा) स्वर्ग के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारत वर्ष में (साकेतपुरनगरे) कौशल क्षेत्र के साकेतपुर नगर में (सु-स्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (मरुजनन्यां) माता मरुदेवी और (नाभिराय नृपति-तनयो) नाभिराज राजा का पुत्र (आयातः) हुआ।

सोलह स्वप्न - १. सफेद हाथी, २. सुंदर सफेद बैल, ३. सिंह, ४. हाथियों के द्वारा कलशाभिषेक को प्राप्त होती हुई लक्ष्मी को देखा, ५. दो मालाएं, ६. सूर्य विमान, ७. चंद्र विमान, ८. मीन युगल, ९. कनक कलश, १०. कमलयुक्त सरोवर ११. लहरों युक्त सागर, १२. सिंहासन, १३. देव विमान, १४. धरणेन्द्र विमान, १५. रत्नों की राशि, १६. निर्धूम अग्नि।

चैत्र पक्षाभिजिते शशांकयोगे दिने नवमी तिथ्याम्।
जज्ञेस्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सौम्येषु शुभलग्ने॥५॥
अभिजिताश्रिते शशांके चैत्र कृष्णे खलु नवम्यांदिवसे।
पूर्वाण्हे रत्नघटै र्विबुधेन्द्राश्चकुरभिषेकम्॥६॥

अन्वयार्थ - (चैत्रपक्षाभिजिते शशांकयोगे नवमीतिथ्याम्) चैत्रकृष्ण नवमी के दिन जब अभिजित नामक चंद्रयोग था (सोम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषुजज्ञे) शुभग्रह अपने अपने उच्च स्थान पर स्थित थे (शुभलग्ने) शुभ लग्न था। (शशांके अभिजिताश्रिते) चंद्रमा अभिजित नक्षत्र पर स्थित था (चैत्र कृष्णे) चैत्र कृष्ण (नवमी दिवसे) नवमी को आदिनाथ का

जन्म हुआ था और (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) इन्द्रों ने रत्नमयकलशों से उन आदिजिन का अभिषेक किया।

भुक्त्वा कुमार काले अनेक लक्ष पूर्वाऽनंत गुणराशिः।
अमरोपनीत भोगान् नीलाभिनिबोधितोत्वरितः॥७॥
नानाविध रूपचितां विचित्रकूटोच्छ्रितांमणि विभूषाम्।
सुदर्शनाख्या शिविकामारूह्य पुराद्विनिःक्रान्तः॥८॥
चैत्र कृष्णनवम्यां हस्तोत्तर मध्यमाश्रिते सोमे।
षष्ठेनत्वपराण्हे भक्तेन जिनः प्रवव्राज ॥९॥

अन्वयार्थ - जो (अनंत-गुण-राशिः) अनंतगुणों के राशि स्वरूप वे आदिनाथ (कुमार काले) कुमार काल में (अनेक लक्षपूर्व) २० लाख पूर्व काल तक (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवों के द्वारा लाये गये भोगों को भोगकर (नीलाभिनिबोधितः) अचानक नीलांजना की मृत्यु को देखकर वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरंत (नानाविधरूपचितां) नाना चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची विशाल (मणि-विभूषाम्) मणियों से विभूषित सुशोभित ऐसी (सुदर्शनाख्य शिविकाम्-आरूह्य) सुदर्शननामक पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्क्रान्तः) अयोध्या नगर के बाहर निकल गये। (चैत्रकृष्ण नवम्यां हस्तोत्तर-मध्यमाश्रिते सोमे) चैत्र कृष्ण नवमी के दिन जब चंद्रमा हस्तनक्षत्र के मध्य में था तब उन्होंने (षष्ठेनत्वपराण्हे जिनः प्रवव्राज) छः मासके उपवास का नियम ले कर दोपहर में जैनेश्वरी निर्ग्रंथ दीक्षा धारण

कर ली।

ग्रामपुर खेटकर्वटमटंब घोषाकरान्प्रविजहार।

उग्रैस्तपोविधानैः सहस्र वर्षाण्यमरैः पूज्यः॥१०॥

अन्वयार्थ - (अमरैः पूज्यः) देवों से पूज्य भगवान आदि नाथ ने (उग्रैः तपोविधानैः) उग्र तपों के विधान से (सहस्र-वर्षाणि) एक हजार वर्ष तक (ग्राम-पुर-खेट- कर्वट-मटम्ब-घोषाकरान्) ग्राम, पुर, खेट, कर्वट, मटम्ब, घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

ग्राम - जो स्थान कंटीली बाडी से वेष्टित होता है, उसे ग्राम कहते हैं

खेट - जो स्थान नदी व पर्वतों से युक्त हो उसे खेट कहते हैं।
कर्वट - जो स्थान पर्वत से युक्त हो उसे कर्वट कहते हैं।
घोष - अहीरों की बस्ती को घोष कहते हैं।
आकर - सोना, चांदी, रत्न आदि की खानि को आकर कहते हैं (यहाँ उपलक्षण से द्रोण-पत्तन-संवाहन आदि का भी ग्रहण होता हैं)
पुर - चार गोपुरों से शोभा को प्राप्त तथा कोट से वेष्टित हो उसे पुर कहते हैं।
द्रोण - दो पर्वतों के बीच बसा नगर द्रोण कहलाता है।
पत्तन- समुद्र तट पर बसा नगर पत्तन कहलाता है।
संवाहन - पर्वत पर बसा नगर संवाहन कहलाता है।
मटंब - जो पाँच सौ ग्रामों से सम्बद्ध हो उसे मटम्ब कहते हैं।

पुरिमतालपुरोद्यानेन्यग्रोधे संश्रिते शिलापट्टे

पूर्वाण्हे अष्टेनस्थितस्य खलु पुरिमतालपुरे॥११॥

अन्वयार्थ - (पुरिमतालपुरोद्याने) पुरिमताल नाम के उद्यान

में (खलु पुरिमतालपुरे) पुरिमताल ग्राम के समीप (न्यग्रोधे) वटवृक्ष के नीचे (संश्रिते शिलापट्टे) स्थित शिलापट्ट पर (पूर्वाण्हे-अष्टेनस्थितस्य) प्रातः काल तीन दिन का उपवास लेकर विराजमान हुए।

फाल्गुन एकादश्यां हस्तोत्तर मध्यमाश्रिते चन्द्रे।
क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्।।१२।।

अन्वयार्थ - (फाल्गुन एकादश्यां) फाल्गुन कृष्ण एकादशी के दिन जब (हस्तोत्तर मध्यमाश्रितेचंद्रे) चंद्रमा हस्तोत्तर नक्षत्र पर स्थित था (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानम्) तब क्षपक क्षेणी पर आरूढ उन आदिनाथ मुनिराज को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभि कुसुमवृष्टिम्।
वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्।।१३।।

अन्वयार्थ - वहाँ बारह योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुन्दुभि) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगन्धित सुमनों की वर्षा (वर-चमर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दशविधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।
देशयमानो व्यवहरं लक्षैक पूर्वाण्यथ जिनेंद्रः।।१४।।

अन्वयार्थ- (अथ) केवलज्ञान के पश्चात् (जिनेन्द्रः) भगवान आदिनाथ स्वामी ने (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनिधर्म का तथा (एकादशधाउत्तरं धर्मम्) ग्यारह प्रतिमा रूप

श्रावक धर्म का (देशयमानः) उपदेश देते हुए (लक्षैकपूर्वाणि) एक हजार वर्ष कम एक लाख पूर्व काल तक (व्यवहरत्) विशेष विहार किया।

अथ भगवान सम्प्रापद् दिव्यं कैलाशपर्वतं रम्यम्।
चातुर्वर्ण्यसुसंघस्तत्राभूद् श्री वृषभप्रभृति॥१५॥

अन्वयार्थ- (अथ) केवलज्ञान प्राप्ति के पश्चात् (भगवान) श्री भगवान आदिनाथ (दिव्यरम्यं कैलाशपर्वतं सम्प्रापत्) विशाल सुंदर मनोज्ञ ऐसे कैलाश पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ साथ में (वृषभ प्रभृति) वृषभसेन आदि गणधर को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि, आर्यिका श्रावक, श्राविका रूप चार प्रकार का संघ था।

पद्मवनदीर्घिका कुल विविध द्रुम खण्ड मंडिते रम्ये।
कैलाशगिरौ शिखरे पद्मासनेन स्थितः स मुनिः॥१६॥

अन्वयार्थ - (सः मुनिः) वे केवलज्ञानी भगवान आदिनाथ (पद्मवन दीर्घिका-कुल-विविध-द्रुम-खंड-मण्डिते) कमलवन समूह और अनेक प्रकारों के वृक्ष समूह से शोभायमान (कैलाशगिरौ शिखरे) कैलाश पर्वत पर (पद्मासनेन स्थितः) पद्मासन से स्थित हो गये।

माघ कृष्ण चतुर्दश्यां उत्तराषाढे निहत्यकर्मरजः।
अवशेषं संप्रापद्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्॥१७॥

अन्वयार्थ - वे सकल परमात्मा श्री आदिनाथ जी ने (माघ कृष्ण चतुर्दश्यां) माघ कृष्ण चतुर्दशी के दिन (उत्तराषाढे) उत्तराषाढ नक्षत्र के प्रातः काल में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मों का क्षय करके (व्यजरम् अमरम्,

अक्षयम् सौख्यम्) जरामरण से रहित अक्षय, अविनाशी, शाश्वत सुख को (संप्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधहय्थासु चागम्य।

देवतरु रक्तचंदन कालागरु सुरभिगोशीर्षैः॥१८॥

अग्नीन्द्राज्जिनदेहं मुकटानल सुरभि धूपवरमाल्यैः।

अभ्यर्च्य गणधरानपि गतादिवं खं च वन भवने॥१९॥

अन्वयार्थ - (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) आदि जिनेन्द्र को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इन्द्र आदि चारों निकाय के देवों ने (आशु आगम्य) शीघ्र आकरके (देवतरु -रक्त- चंदन - कालागरु सुरभिगोशीर्षैः) देवदारु लाल चन्दन कालागरु और सुगंधित गोशीर्ष-चन्दनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नी कुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि-धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नि, सुगन्धित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेन्द्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरान् अपि अभ्यर्च्य) गणधरों की भी पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वनभवने गता) वैमानिक देव स्वर्ग को ज्योतिषी देव आकाश को, व्यन्तरदेव वनको तथा भवनवासी देव भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति श्री आदीश चंद्रे।
यः स्तोत्रं पठति सुसंध्ययोर्द्वयोर्हि।
सोऽनन्तं परमसुखं नृदेवलोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति ॥२०॥

अन्वयार्थ - (इति एवं) इस प्रकार (भगवति श्री आदीश चंद्रे) श्री आदिनाथ से सम्बन्धित (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो

(द्वयोःहि) दोनों ही (सुसन्ध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृदेव लोके) मनुष्य और देव लोक में (परमसुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनन्तं शिवपदं) अविनाशी, शाश्वत ऐसे मोक्ष पद को (प्रयाति) प्राप्त करता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाणभूमिरिह भारत वर्षजानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रियया वचोभिः,
संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमिभक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ - (इह) इस जम्बूद्वीप के (यत्र) जहाँ (भारतवर्षजानाम्) भारत देश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां निर्वाण भूमिः) अर्हंतों की तीर्थंकरों की, गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियाँ हैं। (संस्तोतुम्-उद्यतमतिः) उन भूमियों की सम्यक् प्रकार स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्ति पूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया वचोभिः) शुद्ध मन से काय से वचन से (परिणौमि) नमस्कार करती हूँ।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानसकरैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः,
संप्रार्थिता वयमिमे परमां गतिं ताः॥२२॥

अन्वयार्थ - (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूंथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मन रूपी हाथों में ग्रहण करके (अभितः)

चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृतियुता पर्येम) भगवंतों की निर्वाण भूमियों की आदर सहित परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे उत्तम सिद्धगति की प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः,
पण्डोः सुताः परमनिर्वृतिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा,
नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वततले वर सिद्धकूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रि बलाहके च,
विन्ध्ये च पोदनपुरे वृषदीपके च॥२४॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्यभूवन्॥२५॥

अन्वयार्थ – (दमित अरिपक्षाः पण्डोःसुताः) शत्रुनाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम् अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय नामक श्रेष्ठ पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संगरहितः बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्रनामा मुनि तुङ्गिगिरि से (जितरिपुः सुर्वणभद्रः) कर्मशत्रुओं को जीतने वाले मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) पावागिरि के पास चेलना नदी के किनारे से मुक्ति को प्राप्त हुए (द्रोणीमति) द्रोणगिरि

(प्रबल-कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मेढ्रगिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के तलभाग से (वर सिद्धकूटे) उत्कृष्ट सिद्धकूट-सिद्धवर कूट से (ऋषि-अद्रिके) सोनागिर से (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल व बलाहक पर्वत (विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले) सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे हिमवति अपि) अति प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत पर से (ये साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षय कर (सुगतिं-प्रयाताः) उत्तम सिद्धगति को प्राप्त हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेनलोके,
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयाति यद्वत्।
तद्वच्च पुण्यपुरुषै रुषितानि नित्यं,
स्थनानि तानि जगतामिह पावनानि॥२६॥

अन्वयार्थ- (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रस पृक्त गुणेन) गन्ने के रस से निर्मित (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है (तद्वत् च) उसी प्रकार (पुण्यपुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इह जगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृत्ति भूमिदेशाः।
ते मे जिना जितभया मुनयश्च शांता,

दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्।।२७।।

अन्वयार्थ - (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ-इस निर्वाण भक्ति स्तोत्र में (अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन, और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शान्ताः मुनयः च) वे सप्त भयों को जीतने वाले तीर्थंकर जिन और शान्त अवस्था को प्राप्त महामुनिराज (मे) मेरे लिये (आशु) शीघ्र ही (निरवद्य सौख्याम् सुगतिं दिश्यासुः) निर्दोष सुख से युक्त उत्तम मोक्षगति को प्राप्त कराने वाले हों।

-: क्षेपक श्लोक :-

शान्ति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।

उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशराजाः।।१।।

अन्वयार्थ - (शान्ति कुन्थु-अर-कौरव्या) शांतिनाथ, कुंथुनाथ और अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में उत्पन्न हुए (नेमि सुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुब्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में उत्पन्न हुए (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथजी उग्रवंश में तथा भगवान महावीर नाथ वंश में पैदा हुए हैं।

-: अंचलिका :-

इच्छामि भंते। परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मि अवसप्पिणीए तदिये समयस्य पच्छिमे भाए आउट्ठमासहीणे तदिये समयम्मि सेसकालम्मि केलासे पव्वए माह मासम्मि चउदसीए उत्तराषाढ णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो आदिजिणो सिद्धिंगदो। तिसुवि लोएसु, भवणवासिय-वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेणण्हाणेण, दिव्वेणगंधेण, दिव्वेण अक्खेण,

दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेणदीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेणवासेण णिच्चकालं अंचंति, पूजंति, वंदंति णमंसंति परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति । अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंच्चेमि पुज्जेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाओ सुगईगमणं, समाहि-मरणं जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवन् ! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति संबंधि कायोत्सर्ग किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उसकी आलोचना करने की इच्छा करती हूं। (इमम्मि अवसप्पिणीए तदिय समयस्य पच्छिमे भाए) इस अवसर्पिणी संबंधि तृतीय काल के पिछले भाग में अर्थात् अंतिम भाग में (आउट्ठमासहीणे वास तदियम्मि सेसकालम्मि) तीन वर्ष साढे आठमाह काल शेष रहने पर (केलासे पव्वए माहमासस्स चउदसीए दिवसे उत्तराषाढे णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो आदिजिणो सिद्धिं गदो) कैलाश पर्वत से माघ मास की चौदस के दिन उत्तराषाढ नक्षत्र के रहते हुए प्रातः काल में आदिनाथ भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए। (तिसुविलोएसु भवणवासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउहिब्बहा देवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेणदीवेण, दिव्वेण, धूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्यगंध, दिव्यअक्षत, दिव्यपुष्प दिव्यनैवेद्य, दिव्यदीप, दिव्य धूप, दिव्य फलों, के द्वारा (णिच्चकालं अंचंति पुज्जंति, वंदंति, णमंसंति परिणिव्वाण-महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चा करते हैं पूजा करते हैं नमस्कार

करते हैं परिनिर्वाण महाकल्याण की पूजा करते हैं (अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि, णमंस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्य अर्चा करती हूं पूजा करती हूं वंदना करती हूं नमस्कार करती हूं (दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाओ सुगईगमणं समाहिमरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, बोधि की प्राप्ति हो सुगति में गमन हो, समाधि मरण हो (जिणगुण-संपत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनेन्द्र देव के गुणरूपी सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

आदिनाथ भगवान की पूजा

नाभिराय मरुदेवी के नन्दन,
आदिनाथ स्वामी महराज।
सर्वार्थसिद्धि तैं आप पधारे,
मध्यलोक मांही जिनराज॥
इन्द्र देव सब मिलकर आये,
जन्म-महोत्सव करने काज।
आह्वानन सब विधि मिल कर के,
अपने कर पूजों प्रभु पांय॥

ॐ ह्रीं आदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्, आह्वाननं।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः, स्थापनं।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

अष्टक

क्षीरोदधि को उज्ज्वल जल ले,श्रीजिनवरपद पूजन जाय।
जन्म-जरा-दुःख मेटन कारन, ल्याय चढ़ाऊँ प्रभुजी के पांय॥

श्री आदिनाथजी के चरण-कमल पर,बलि-बलि जाऊँ मनवचकाय ।
हो करुणानिधि भव-दुःख मेटो, यातै मैं पूजौं प्रभु पांय।।
ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपा० स्वाहा।
मलयागिरि चंदन दाहनिकंदन, कंचन झारीमें भर ल्याय ।
श्रीजी के चरण चढ़ाओ भविजन,भवआतापतुरत मिटजाय।। श्री०।।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्व० स्वाहा।
शुभशालि अखंडित सौरभमंडित, प्रासुक जलसों धोकर ल्याय ।
श्रीजी के चरण चढ़ावो भविजन,अक्षयपदको तुरतउपाय।।श्री०।
ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।
कमल केतकी बेल चमेली,श्री गुलाब के पुष्प मंगाय।
श्री जी के चरण चढ़ावो भविजन, कामबाणतुरत नसिजाय।।श्री०।।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथ जिन्नेन्द्राय कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपा० स्वाहा।
नेवज लीना षट् रस भीना,श्री जिनवर आगे धरवाय।
थाल भराऊँ क्षुधा नसाऊँ, ल्याऊँ प्रभु के मंगल गाय।।श्री०।।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्व० स्वाहा।
जगमग-जगमग होत दशोंदिशि, ज्योति रही मन्दिर में छाय।
श्रीजी के सम्मुख करत आरती, मोहतिमिर नासै दुखदाय।।श्री०।।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्व० स्वाहा।
अगर कपूर सुगंध मनोहर, चन्दन तगर सुद्रव्य मिलाय।
श्रीजी के सम्मुख खेय धुपायन,कर्मजरे चहुँगति मिटि जाय।।श्री०।।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथ जिनेन्द्राय अष्ठकर्मदहनाय धूपं निर्व० स्वाहा।।७।
श्रीफल और बदाम सुपारी,केला आदि छुहारा ल्याय।
महामोक्षफल पावन कारण, ल्याय चढ़ाऊँ प्रभुजी के पांय।।श्री०।।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्व० स्वाहा।।८।।

शुचि निरमल नीरं गंध सुअक्षत,पुष्प चरू ले मन हर्षाय।
दीप धूप फल अर्घ सु लेकर,नाचत ताल मृदङ बजाय।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्य पदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति०।

पंचकल्याणक

सर्वार्थसिद्धि तैं चये, मरुदेवी उर आय।
दोज असित आषाढ़ की, जजूँ तिहारे पांय।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णद्वितीयायां गर्भकल्याणकप्राप्ताय श्री आदिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

चैत वदी नौमी दिना, जन्म्या श्री भगवान।
सुरपति उत्सव अति कर्या, मैं पूजौं धरि ध्यान।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णनवम्यां जन्मकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तृणवत् ऋद्धि सब छोड़िके, तप धार्यो वन जाय।
नौमी चैत्र असेत की, जजूँ तिहारे पाय।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णनवम्यां तपःकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फाल्गुन वदी एकादशी, उपज्यो केवलज्ञान ।
इन्द्र आयपूजा करि, मैं पूजौं इह थान।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णएकादश्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

माघ चतुर्दशी कृष्ण की, मोक्ष गये भगवान ।
भवि जीवों को बोधि के, पहुँचे शिवपुर थान।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथ जिनेन्द्राय

अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

अथ जयमाला

आदीश्वर महराज मैं विनती तुमसों करूँ ।
चारों गति के माँहि मैं दुःख पायो सो सुनो।।
अष्टकरम मैं एकलो, ये दुष्ट महादुःख देत हो ।
कबहूँ इतर निगोद में मोकूँ पटकत करत अचेत हो ।।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।
प्रभु कबहुंक पटक्यों नरक में, जठै जीव महादुःख पाय हो।
नित उठि निरदई नारकी, जठै करत परस्पर घात हो।।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।
प्रभू नरकतणा दुःख अब कहूँ,जठे करै परस्पर घात हो;
कोइयक बांध्यो खंभसों, पापी दे मुद्गर की मार हो।
कोइयक काटे करोतसों, पापी अङ्गतणी दोय फाड़ हो।।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।
प्रभु इहविधिदुःख भुगत्या घणा, फिर गति पाई तिर्यञ्च हो;
हिरणा बकरा बाछड़ा पशु दीन गरीब अनाथ हो।
पकड़ कसाई जाल में पापी काट-काट तन खाय हो।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।
प्रभु मैं ऊँट बलद भैंसा भयो, ज्यापे लादियो भार अपार हो।
नहिं चाल्यों जठै गिरपर्‍यो पापी दे सोटन की मार हो।।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।
प्रभु कोइयक पुण्य संजोगसूं, मैं तो पायो स्वर्गनिवास हो।
देवांगना संग रमि रह्यो, कर-कर अति अनुराग हो।
कबहुँक नन्दन-वन विषैं प्रभु, कबहुँक वन-गृह मांहि हो।।म्हारी०

प्रभु इह विधि काल गमायकै, फिर माला गई मुरझाय हो;
देव तिथी सब घट गई, फिर उपज्यो सोच अपार हो।
सोच करत तन खिर पड़्यो, फिर उपज्यों गर्भ में जाय हो।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।

प्रभु गर्भतणा दुःख अब कहूँ, जठै सकुड़ाई की ठौर हो।
हलन-चलन नहिं कर सक्यो, जठै सघन कीच घनघोर हो।।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।

माता खावै चरपरौ, फिर लागै तन सन्ताप हो।
प्रभु जो जननी तातो भखै, फिर उपजै तन सन्ताप हो ।।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।

औंधे मुख झूल्यों रह्यो फेर निकसन कौन उपाय हो ।
कठिन-कठिन कर नीसर्‌यो, जैसे निसरैं जंत्री में तार हो ।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।

प्रभु निकसत ही धरत्यां पड़्यो, फिर लागी भूख अपार हो।
रोय-रोय बिलख्यो घणो, दुखवेदन को नहि पार हो।। म्हारी०।।
प्रभु दुख मेटन समरथ धनी, यातैं लागूं तिहारे पांय हो।
सेवक अरज करै प्रभों ! मोकूँ भवोदधि पार उतार हो।।
म्हारी दीनतनी सुन विनती।।

दोहा - श्रीजी की महिमा अगम है, कोई न पावै पार।
मैं मति अल्प अज्ञान हूं, कौन करे विस्तार।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय जयमालापूर्णार्घ्यं महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विनती ऋषभ जिनेश की, जो पढ़सी मन ल्याय।
स्वर्गों में संशय नहीं, निश्चैशिवपुर जाय।।
इत्याशीर्वादः । पुष्पांजलिं क्षिपामि।

आदिनाथ भगवान की टोंक ।।दोहा।।

रिषभदेव जिन सिद्ध भए, गिरि कैलाश से जोय।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर नमूं पद दोय।।

ॐ ह्रीं श्री ऋषभनाथ जिनेन्द्रादि दश सहस्त्र मुनि कैलाश गिरेः मोक्षं गतः तान् चरणान् अहं योगैः पुनः पुनः नमस्करोमि जलादि अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वासुपूज्याय नमः

"श्री अजितनाथ निर्वाण भक्ति"

विबुधपति-खगपतिनरपति धनदोरग भूत यक्षपति महितम्।
अतुलसुख विमलनिरुपमशिवमचलमनामयं हि संप्राप्तम्।।१।।
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परम गुरुम्।
भव्यजन तुष्टिजननैर्दुरवापैः अजितजिनं भक्त्या।।२।।

अन्वयार्थ - जो यथार्थ में (विबुधपति - खगपति-नरपति - धनद-उरग -भूत यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेन्द्र भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल सुख रूप हैं (विमल-निरुपमशिवम्) निर्मल हैं उपमातीत हैं जो मंगलरूप हैं (अनघं) जो निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरुम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ परम गुरु हैं (संप्राप्तम्) ऐसे विशेषणों को प्राप्त (भक्त्या) भक्ति से (अजितजिनं नत्वा) उन भगवान अजितनाथ को नमस्कार करके (भव्यजन तुष्टि जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यंत दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः) गर्भादि पाँच कल्याणकों के द्वारा (संतोष्ये) मैं उन

ज्येष्ठः मासामावस्या रोहिणी भा मध्यमाश्रितेशशिनि।
आयातः स्वर्गसुखं भुक्त्वावैजयंताधीशः॥३॥
जितरिपुराज्ञः तनयो भारतवास्ये खलु अयोध्यानगरे।
देव्यां विजयसेनायां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ - (वैजयंत आधीशः) वैजयंत विमान का स्वामी (विभुः) भगवान अजितनाथ का जीव (ज्येष्ठ मासामावस्या) ज्येष्ठ वदी अमावस्या के दिन (शशिनि) चंद्रमा (रोहिणी भा मध्यमाश्रिते) रोहिणी नक्षत्र के मध्य स्थित होने पर (स्वर्गसुखं-भुक्त्वा) स्वर्ग के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष में (खलु अयोध्यानगरे) कौशल क्षेत्र के अयोध्या नगर में (सु स्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (विजयसेनायांजनन्यां) माता विजयसेना (देव्यां) देवी (जितरिपुः) और जितरिपु (राज्ञः तनयो) राजा का पुत्र हुआ

पौष शुक्ल रोहिण्या शशांकयोगेशुभ दिनेदशम्याम्।
जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सौम्येषु शुभलग्ने॥५॥
रोहिण्याश्रिते शशिनिपौष ज्योत्सनेदशम्यां दिवसे।
पूर्वाण्हेरत्नघटै र्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्॥६॥

अन्वयार्थ - (पौष-शुक्ल-पक्ष-रोहिण्या शशांक योगे-दशम्यां दिने) पौष मास शुक्ल पक्ष दशमी के दिन जब रोहिणी नामक चंद्रयोग था (सौम्येषु ग्रहेषु स्व उच्चस्थेषु-जज्ञे) शुभग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे (शुभ लग्ने) शुभ लग्न था (रोहिण्याश्रिते शशिनि) चंद्रमा रोहिणी नक्षत्र पर स्थित था, तथा (पौष ज्योत्सने) पौष मास के शुक्ल पक्ष की शुभ बेला में अजितनाथ

का जन्म हुआ था (दशमी दिवसे) दशमी के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः) इंद्रों ने (रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) रत्नमय कलशों से उन अजित जिन का अभिषेक किया।

भुक्त्वा कुमार काले अष्टादशबहु लक्षपूर्वानंत गुणराशिः।
अमरोपनीत भोगान् उल्कापातबोधितो त्वरितः।।७।।
नानाविधरूपचितां विचित्र कूटोच्छ्रितांमणि विभूषाम्।
सुप्रभाख्या शिविकामारूह्य पुराद्विनिःक्रान्तः।।८।।
पौषशुक्ला नवमी रोहिणी मध्यमाश्रिते सोमे।
षष्ठेनत्वपराण्हे भक्तेन जिनः प्रवव्राज।।९।।

अन्वयार्थ – जो (अनंतगुणराशिः) अनंत गुणों के राशि स्वरूप थे वे अजितनाथ (कुमार काले) कुमार काल अवस्था में (अष्टादश बहुलक्ष पूर्वाः) अठारह लाख वर्ष पूर्व काल तक (अमर-उपनीत-भोगान् भुक्त्वा) देवों के द्वारा लाये गये भोगों को भोगकर (उल्कापात-अभिनिबोधितः) उल्कापात को देखकर वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरन्त (नानाविधरुपचितां) नाना प्रकार के रुपों से युक्त (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र ऊँची विशाल (मणि विभूषाम्) मणियों से विभूषित, सुशोभित ऐसी (सुप्रभा शिविकाम् आरूह्य) सुप्रभा नामक पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्कांतः) नगर से बाहर निकल गये। (पौष शुक्ल नवमी रोहिणी मध्यमाश्रिते सोमे) पौष माह की शुक्ल पक्ष की नवमी के शुभ दिन जब चंद्रमा रोहिणी नक्षत्र पर स्थित था उन्होंने (षष्ठेन त्वपराण्हे जिनः प्रवव्राज) सायंकाल दो दिन के उपवास का नियम लेकर जिनेश्वरी निर्ग्रंथ दीक्षा धारण कर ली।

ग्रामपुर खेट कर्वट मटंब घोषाकरान्प्रविजहार।

उग्रैस्तपोविधानै र्द्वादश वर्षाण्यमरपूज्यः॥१०॥

अन्वयार्थ – (अमरैः-पूज्यः) देवों से पूजित भगवान अजितनाथ (उग्रैः तपोविद्यानैः) उग्रतपों के विधान से (द्वादश वर्षाणि) बारह वर्ष तक (ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटम्ब-घोषा-करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटम्ब-घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

सहेतुक वनस्यमध्ये सप्तपर्ण संश्रिते शिलापट्टे।
अपराण्हे षष्ठेनास्थितस्य खलु अयोध्याग्रामे॥११॥

अन्वयार्थ- (अयोध्याग्रामे) अयोध्या नगर के पास (सहेतुक वनस्यमध्ये) सहेतुक वन के मध्य में (सप्तपर्ण संश्रिते शिलापट्टे) सप्तपर्ण वृक्ष के नीचे स्थित शिलपट्ट पर (अपराण्हे षष्ठेनास्थितस्य) अपराह्न काल में दो उपवास का नियम ग्रहण कर स्थित हो गये।

पौषसित एकादश्यां रोहिण्यांमध्यमाश्रिते चंद्रे।
क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्॥१२॥

अन्वयार्थ – (पौषसित एकादश्यां) पौष शुक्ल एकादशी के दिन (रोहिण्यां मध्यमाश्रितेचंद्रे) जब चंद्रमा रोहिणी नक्षत्र पर स्थित था तब (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानम्) क्षपक श्रेणी पर आरूढ उन अजितनाथ मुनिराज को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभि कुसुमवृष्टिम्।
वरचामर भामण्डलदिव्यान्यन्यानि चावापत्॥१३॥

अन्वयार्थ – वहाँ साढ़े ग्यारह योजन प्रमाण विशाल समवशरण में) छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष (घोषं) दिव्य

ध्वनि (सिंहासन दुंदुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगंधित सुमनों की वर्षा (वर-चामर-भामण्डल दिव्यानि अन्यानि च) उत्तम चँवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दसविधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।
देशयमानो व्यवहरं खलुलक्ष पूर्वाप्यथ जिनेन्द्रः॥१४॥

अन्वयार्थ - (अथ) केवलज्ञान के पश्चात् (जिनेन्द्रः) भगवान अजितनाथ (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनि धर्म का (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्मम्) ग्यारह प्रतिमा रूप श्रावक धर्म का (देशयमानः) उपदेश देते हुए (पूर्वांगद्वादशवर्षाण्यूनलक्ष) एक पूर्वांग बारह वर्ष कम एक लाख पूर्व काल तक (व्यवहरत्) विहार किया।

अथ भगवान सम्प्रापद्-दिव्यं सम्मेद पर्वतं रम्यम्।
चातुर्वर्ण्य सुसंघस्तत्राभूत् सिंहगण प्रभृति॥१५॥

अन्वयार्थ - (अथ) धर्मोपदेश के समाप्ति के पश्चात् (भगवान्) भगवान अजितनाथ (दिव्यं रम्यं सम्मेद पर्वतम् सम्प्रापत्) विशाल सुंदर मनोज्ञ ऐसे सम्मेद शिखर पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ साथ में सुसंघः (सिंह गण प्रभृति) सिंहसेन स्वामी को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका रूप चार प्रकार का संघ था।

सम्मेदवनदीर्घिका कुल विविध द्रुमखण्ड मंडितेरम्ये।
सिद्धवरकूटोद्याने व्युत्सर्गेण स्थित स मुनिः॥१६॥

अन्वयार्थ- (सः मुनि) वे केवलज्ञानी अजितनाथ भगवान

(सम्मेदवन दीर्घिकाकुल विविध-द्रुम-खंड-मण्डिते) कमलवन समूह और अनेक प्रकारों के वृक्षों से शोभायमान (सिद्धवरकूटोद्याने) सिद्धवर कूट के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग में स्थित हो गये।

चैत्रशुक्ल पंचम्यां रोहिणीऋक्षे निहत्यकर्मरजः।
अवशेषं संप्रापद्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्।।१७।।

अन्वयार्थ - वे सकल परमात्मा अजितनाथ (चैत्र शुक्ल पंचम्यां) चैत्र मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन (रोहिणीऋक्षे) रोहिणी नक्षत्र में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) संपूर्ण अघातिया कर्मों को क्षय करके (व्यजरम् अमरम् अक्षयम् सौख्यम्) जन्म जरा-मरण से रहित अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को मोक्ष को (संप्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रंज्ञात्वा विबुधह्यथाशु चागम्य।
देवतरु रक्त चंदनकालागरु सुरभिगोशीर्षै।।१८।।
अग्नीन्द्राज्जिनदेहं मुकुटानल सुरभि धूपवरमाल्यैः।
अभ्यर्च्य गणधरानपि गता दिवं खं च वनभवने।।१९।।

अन्वयार्थ- (अथ हि) पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) भगवान अजितनाथ को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इंद्र आदि चारों निकाय के देवों ने (आशु आगम्य) शीघ्र आकर के (देवतरु-रक्त-चंदन-कालागरु सुरभिगोशीर्षैः) देवदारु, लाल चंदन कालागरु और सुगंधित गोशीर्ष-चदंनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नि कुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि-धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नि, सुगन्धित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेन्द्र देव के शरीर की

(अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरान् अपि अभ्यर्च्य) गणधरों की भी पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वनभवने गता) वैमानिकदेव स्वर्ग को ज्योतिषी द्रेव आकाश को, व्यन्तरदेव वनको तथा भवनवासी देव भवनों को चले गये ।

इत्येवं भगवति श्री अजितजिनं चंद्रे,
यः स्तोत्रं पठति सुसंध्ययोर्द्वयोर्हि।
सोऽनन्तं परम सुखं नृदेवलोके,
भुक्त्वान्ते शिव पदमक्षयं प्रयाति।।२०।।

अन्वयार्थ - (इति एवं) इस प्रकार (भगवति श्री अजितजिनं चंद्रे) श्री अजितनाथ से संबंधित (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों ही (सुसन्ध्ययोः पठति) संध्याओं में पढता है (सः) वह (नृदेव लोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनन्त शिवपदं) अविनाशी, शाश्वत ऐसे मोक्ष पद को (प्रयाति) प्राप्त करता है ।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाण भूमिरिह भारतवर्ष जानाम् ।
तामद्य शुद्धमनसा क्रियया वचोभिः,
संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमिभक्त्या।।२१।।

अन्वयार्थ - (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्ष जानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां निर्वाण भूमिः) अर्हंतों की, तीर्थंकरों की, गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियाँ हैं (संस्तोतुम्-उद्यत-मतिः) उन भूमियों की सम्यक् प्रकार स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्ति पूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-

क्रियया वचोभिः) शुद्ध मन से काय से और वचन से (परिणौमि) नमस्कार करती हूं।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानसकरैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः
संप्रार्थिता वयमिमे परमां गतिं ताः॥२२॥

अन्वयार्थ - (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूँथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मन रूपी हाथों में गृहण करके (अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृतियुता पर्येमं) भगवंतों की निर्वाण भूमियाँ हैं उनकी आदर सहित परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे उत्तम सिद्धगति की प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः,
पण्डोः सुताः परमनिर्वृतिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संग रहितो बलभद्रनामा,
नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वततले वर सिद्धकूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रि बलाहके च,
विन्ध्ये च पोदनपुरे वृषदीपके च॥२४॥
सह्याचले च हिंमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,

स्थानानि तानि जगति प्रथितान्यभूवन्।।२५।।

अन्वयार्थ - (दमित अरिपक्षाः पण्डोः सुताः) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्- अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय नामक श्रेष्ठ पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहितः बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्रनामा मुनि तुङ्गिगिरि से तथा (जितरिपुः सुवर्णभद्रः) कर्मशत्रुओं को जीतने वाले मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) पावागिरि के पास चेलनानदी के किनारे से मुक्ति को प्राप्त हुए (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रबल कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मेढ्रगिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के तलभाग (वर-सिद्धकूटे) उत्कृष्ट सिद्धवर कूट के (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल व बलाहक पर्वत (विन्ध्ये) विन्ध्याचल (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर (सह्याचले) सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत से (ये साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षय कर (सुगतिं प्रयाताः) उत्तम सिद्धगति को प्राप्त हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्)प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेनलोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयातियद्वत्।
तद्वच्च पुण्यपुरुषै रुषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि।।२६।।

अन्वयार्थ - (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षो र्विकार रसपृक्तगुणेन) गन्ने के रस से निर्मित मिष्ट (पिष्टः)

आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है (तद्वत् च) उसी प्रकार (पुण्यपुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं ।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृत्ति भूमिदेशाः।
ते मे जिना जितभया मुनयश्च शांताः,
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥३२॥

अन्वयार्थ - (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ- इस निर्वाण भक्ति स्तोत्र में (अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृत्ति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शान्ताः मुनयः च) वे सप्तभयों को जीतने वाले तीर्थंकर जिन और शान्त अवस्था को प्राप्त मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्य सौख्याम् सुगतिं दिश्यासुः) निर्दोष सुख से युक्त, उत्तम मोक्षगति को प्राप्त कराने वाले हों ।

क्षेपक श्लोकानि

शान्ति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।
उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजाः॥५॥

अन्वयार्थ - (शान्ति कुंथुअर-कौरव्या) शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में उत्पन्न हुए हैं (नेमिसुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में उत्पन्न हुए हैं (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथजी उग्रवंश में और महावीर स्वामी नाथ वंश में पैदा हुए हैं । (शेषा इक्ष्वाकु

वंशजाः) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकुवंश में पैदा हुए हैं।

अंचलिका

इच्छामि भंते। परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मिअवसप्पिणीएचउत्थ समयम्मि समयस्य पुव्वेभाये पण्णास लक्ख कोडी सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि सम्मेए पव्वए चैत मासस्स सुक्क पंचमीए पुव्वण्हे रोहिणीये णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो अजियणाहो सिद्धिं गदो। तिसुविलोएसु, भवण वासिय- वाणविंतर, जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण, दिव्वेणधूवेण, दिव्वेणवासेण, णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वंदंति, णमंसंति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति। अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं, अंच्चेमि पुज्जेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगईगमणं, समाहि-मरणं जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवन् ! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति संबंधी कायोत्सर्ग किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उसकी आलोचना करने की इच्छा करती हूँ (इमम्मि अवसप्पिणीए चउत्थ समयस्स पुव्वेभाए) इस अवसर्पिणी काल के पूर्व भाग में (पण्णास लक्खकोडी सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि) ५० लाख कोटी सागर काल व्यतीत हो जाने पर (सम्मेए पव्वए चइत मासस्स सुक्क पंचमीए पुव्वण्हे रोहिणीये णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो अजियणाहो सिद्धिं गदो) सम्मेद शिखर पर्वत

से चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन प्रातः काल रोहिणी नक्षत्र के रहते हुए श्री अजितनाथ भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए (तिसुविलोएसु भवणवासिय, वाणविंतर जोइसिय कप्पवासियत्ति-चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेणण्हाणेण दिव्वेण गंधेण, दिव्वेणअक्खेण, दिव्वेणपुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण दिव्वेणधूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्यगंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य, दिव्य दीप दिव्य धूप, दिव्य फलों के द्वारा (णिच्चकालं अंचंति, पुज्जंति, वंदंति णमंसंति परिणिव्वाण-महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चा करते हैं पूजा करते हैं, नमस्कार करते हैं परिनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं। (अहमवि इहसंतो तत्थसंताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करती हूं पूजा करती हूँ, वंदना करती हूँ नमस्कार करती हूँ (दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगईगमणं समाहिमरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, बोधि की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो समाधि मरण हो (जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनेंद्र देव की गुण रूपी सम्पत्ति की प्रप्ति हो।

श्री अजितनाथ पूजा

छंद

त्यागवैजयन्त सार सारधर्मके आधार, जन्मधार धीर नम्र सुष्टुकोशलापुरी।
अष्टदुष्टनष्टकार मातु वैजयाकुमार, आयु लक्षपूर्व दक्ष है बहत्तरैपुरी॥
ते जिनेश श्री महेश शत्रुके निकंदनेश, अत्र हेरियेसुदृष्टि भक्तपै कृपा पुरी।

आय तिष्ट इष्टदेव मैंकरोंपदाब्जसेव, परमशर्मदाय पाय आय शर्म आपुरी ॥१॥

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिन आत्रावतरावतर संवोषट् आह्वानम्

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिन अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठःठः स्थापनम्

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिन अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम् ॥१॥

अष्टक

छंद त्रिभंगी अनुप्रासक।

गंगाहृदपानी निर्मल आनी, सौरभसानी सीतानी ।
तसु धारत धारा तृषानिवारा, शांतागारा सुखदानी ॥
श्री अजित जिनेशं नुतनाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं ।
मनवांछितदाता त्रिभुवनत्राता, पूजों ख्याता जग्गेशं ॥१॥

ॐ ह्रीं श्री अजित जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा॥

शुचि चंदन बावन ताप मिटावन, सौरभ पावन घसि ल्यायो।
तुम भवतपभंजन हो शिवरंजन, पूजनरंजन मैं आयो।श्री०॥२॥

ॐ ह्रीं श्री अजित जिनेन्द्रय भवातापविनाशनाय चन्दनं नि० स्वाहा॥

सितखंडविवर्जित निशिपति तर्जित, पुंज विधर्ज्जित तंदुलको।
भवभावनिखर्जित शिवपदसर्जित, आनँदभजित दंदलको। श्री०॥३॥

ॐ ह्रीं श्री अजितजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् नि० स्वाहा॥

मनमथमदमंथन धीरजग्रंथन, ग्रंथनिग्रंथन ग्रंथपति।
तुअपादकुशेसे आदिकुशेसे, धारि अशेसे अर्चयती॥श्री४॥

ॐ ह्रीं श्री अजितजिनेन्द्राय कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं नि० स्वाहा॥

आकुलकुलवारन थिरताकारण, छुधाविदारन चरु लायो ।
षटरसकर भीने अन्न नवीने, पूजन कीने सुखपायो श्री०॥५

ॐ ह्रीं श्री अजितजिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं नि० स्वाहा॥

दीपक मनिमाला जोतउजाला, भरि कनथाला हाथलिया।
तुम भ्रमतमहारी शिवसुखकारी केवलधारी पूज किया।।श्री।।६

ॐ ह्रीं श्री अजितजिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि० स्वाहा।।

अगरादिक चूरन परिमलपूरन खेवत क्रूरन कर्म जरै।
दशहूंदिश धावत हर्षबढ़ावत अलि गुणगावत नृत्यकरै।।श्री०।।७।।

ॐ ह्रीं अजितजिनेनद्राय अष्टकर्मदहनाथ धूपं नि० स्वाहा।।

बादाम नारंगी श्रीफल पुंगी और अभंगीसौं अरचौं।
सब विघनविनाशै सुखपरकाशै आतम भासै भौ विरचौं।।श्री०।।८

ॐ ह्रीं श्री अजितजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं नि० स्वाहा।।

जलफल सब सज्जे बाजत बज्जे गुनगनरज्जे मनमज्जे।
तुअपदजुगमज्जे सज्जन जज्जेते भवभज्जे निजकज्जे।।श्री०।९।।

ॐ ह्रीं श्री अजितजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं नि० स्वाहा

पंचकल्याणक

छन्द द्रु तमध्यकंर्क १६ मात्रा।

जेठ असेत अमावशि सोहै। गर्भदिना नँद सो मनमोहै।
इंद फनिंद जजे मनलाई। हम पद पूजत अर्घ चढ़ाई।।१।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णामावस्यायां गर्भमंगलप्राप्ताय श्री अजितजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि० स्वाहा।।

माघसुदी दशमी दिन जाये। त्रिभुवन में अति हरष बढ़ाये।।
इन्दफनिंद जजैं तित आई। हम पद सेवत हैं हुलशाई।।२।।

ॐ ह्रीं माघशुक्लदशमीदिने जन्ममंगलमंडिताय श्रीअजितजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि० स्वाहा।।

माघसुदी दशमी तप धारा। भव तन भोग अनित्य विचारा।।
इन्द फनिंद जजैं तित आई। हम पद सेवत हैं सिरनाई।।३।।

ॐ ह्रीं माघशुक्लदशमीदिने दीक्षाकल्याणक प्राप्ताय श्री अजितजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि० स्वाहा।।

पौषसुदी तिथि चौथ सुहायो। त्रिभुवनभानु सु केवल जायो।।
इन्द फनिंद जजैं तित आई। हम पद पूजत प्रीति लगाई।।४।।

ॐ ह्रीं पौषशुक्ल एकादशी दिने ज्ञानकल्याणक प्राप्ताय श्रीअजितजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि० स्वाहा।।

पंचमि चैतसुदी निरबाना। निजगुनराज लियो भगवाना।।
इन्द फनिंद जजैं तित आई। हम पद पूजत है गुनगाई।।५।।

ॐ ह्रीं चैतशुक्लपंचमीदिने निर्वाणमंगलप्राप्ताय श्री अजितजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि० स्वाहा।।

जयमाला

दोहा- अष्ट दुष्टको नष्ट करि इष्टमिष्ट निज पाय।
शिष्ट धर्म भाख्यों हमें पुष्ट करो जिनराय।।१।।

छन्द पद्धरी १६ मात्रा।

जय अजित देव तुअ गुन अपार, पै कहुँ कछुक लघु बुद्धि धार।।
दश जनमत-अतिशय बल अनन्त, शुभलच्छन मघुरवचन भनंत।।२।।
संहनन प्रथम मलरहित देह, तनसौरभ शोषित स्वेत जेह।।
वपु स्वेदबिना महरूप धार, समचतुर धरें संठान चार।।३।।
दस केवल गमन आकाशदेव, सुरभिच्छ रहै योजन सतेव।।
उपसर्गरहित जिनतन सु होय, तब जीव रहित बाधा सु जोय।। ४।।
मुख चारि सरवविद्याअधीश कवलाआहार वर्जित गरीश।।
छायाबिनु नख कच बढै नाहिं, उन्मेष टमक नहिं भ्रकुटि माहिं।। ५।।
सुरकृत दशचार करौं बखान, सब जीवमित्रता भावजान।।
कंटकविन दर्पणवत सुभूम, सब धान वृच्छ फल रहे झूम।।६।।

षटरितुके फूल फले निहार, दिशि निर्मल जिय आनन्दधार॥
जंह शीतल मंद सुगन्ध बाय, पदपंकजतल पंकज रचाय ॥७॥
मलरहित गगन सुरजय उचार, वरषा गन्धोदक होत सार॥
वर धर्मचक्र आगें चलाय, वसुमंगलजुत यह सुर रचाय॥ ८॥
सिंहासन छत्र चमर सुहात, भामंडल छवि बरनी न जात।
तरु उच्च अशोक रु सुमनवृष्टि धुनि दिव्य और दुन्दुभी मिष्ट॥९॥
दृग ज्ञान शर्म वीरज अनन्त, गुण छियालीस इम तुम लहन्त॥
इन आदि अनन्ते सुगुनधार, वरनत गनपति नहिं लहत पार॥१०॥
तब समवशरनमँह इन्द्र आय, पद पूजत वसुविधि दरब लाय॥ अति
भगति सहित नाटक रचाय, ताथेइ थेइ थेइ धुनि रही छाय॥११॥
जय नूपुर जननन जननाय, तननननन तननन तान गाय॥
धननन नन नन घण्टा घनाय, छम छम छम छम घुंघरू बजाय॥१२॥
दृम दृम दृम दृम दृम मुरज ध्वान, संसाग्रदि सरंगीसुर भरत तान॥
झट झट झट अटपट नटत नाट, इत्यादि रच्यो अद्‌भुत सुठाट॥१३॥
अन्वयार्थ – (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूंथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मनरूपी हाथों में ग्रहण करके (अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृतियुता पर्येम) भगवन्तों की निर्वाण भूमियों की आदर सहित परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे उत्तम सिद्धगति की प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः,
पण्डोः सुताः परमनिर्वृतिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा,

नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वततले वर सिद्धकूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रि बलाहके च,
विन्ध्ये च पोदनपुरे वृषदीपके च॥२४॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्यभूवन्॥२५॥

अन्वयार्थ - (दमित अरिपक्षाः पण्डोः सुताः) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्- अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय नामक श्रेष्ठ पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहितः बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह से रहित बलभद्रनामा मुनि तुङ्गिगिरि से तथा (जितरिपुः सुवर्णभद्रः) कर्मशत्रुओं को जीतने वाले मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) पावागिरि के पास चेलनानदी के किनारे से मुक्ति को प्राप्त हुए (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रबल कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मेढ्रगिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के तलभाग से (वर-सिद्धकूटे) उत्कृष्ट सिद्धवर कूट से (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल तथा बलाहक पर्वत (विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले) सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत पर (ये साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षय कर (सुगतिं प्रयाताः)

उत्तम सिद्धगति को प्राप्त हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेनलोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयातियद्वत्।
तद्वच्च पुण्यपुरुषै रुषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि॥२६॥

अन्वयार्थ - (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रसपृक्तगुणेन) गन्ने के रस से निर्मित मिष्ट (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है (तद्वत् च) उसी प्राकर (पुण्यपुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृत्ति भूमिदेशाः।
ते मे जिना जितभया मुनयश्च शांताः,
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥२७॥

अन्वयार्थ - (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ-(अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृत्ति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शान्ताः मुनयः च) वे निर्भय तीर्थंकर जिन और शान्त अवस्था प्राप्त मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्य सौख्याम् सुगतिं दिश्यासुः) निर्दोष सुख से युक्त, उत्तम मोक्षगति को प्राप्त कराने वाले हों।

क्षेपक श्लोक

शान्ति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।

उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजा:।।१।।

अन्वयार्थ - (शान्ति कुंथुअर-कोरव्या) शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में उत्पन्न हुए हैं (नेमिसुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में उत्पन्न हुए हैं (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथजी उग्रवंश में और महावीर स्वामी नाथवंश में पैदा हुए हैं। (शेषा इक्ष्वाकु वंशजा:) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकुवंश में पैदा हुए हैं

अंचलिका

इच्छामि भंते। परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मिचउत्थ समयस्य मज्झिमे भाए णव णवदि लक्ख कोडि सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि सम्मेए पव्वए चैत मासस्स सुक्क एकादसीए मघा णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो सुमतिजिणो सिद्धिं गदो। तिसुविलोएसु, भवण वासिय-वाणविंतर, जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण दीवेण, दिव्वेणधूवेण, दिव्वेणवासेण, णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वदंति, णमंसंति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति। अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं, अंच्चेमि पुज्जेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगईगमणं, समाहि-मरणं जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ – (भंते) हे भगवन् ! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति संबंधी कायोत्सर्ग किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उसकी आलोचना करने की इच्छा करती हूँ (चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए) चौथे काल के मध्य में (णव णवदिलक्ख कोडि सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि) ९९ लाख कोटी सागर काल व्यतीत हो जाने पर (सम्मेए पव्वए चैत मासस्स सुक्क एकादसीय मघाणक्खत्ते पच्चूसे भयवदो सुमदिजिणो सिद्धिं गदो) सम्मेद शिखर पर्वत से चैत्र मास के शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन रात्रि में मघा नक्षत्र के रहते हुए श्री सुमतिनाथ भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए (तिसुविलोएसु भवणवासिय, वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति–चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेणण्हाणेण दिव्वेण गंधेण, दिव्वेणअक्खेण, दिव्वेणपुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण–धूवेण दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्यगंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य, दिव्य दीप दिव्य धूप, दिव्य फलों के द्वारा (णिच्चकालं अंचंति, पुज्जंति, वंदंति णमंसंति परिणिव्वाण–महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चा करते हैं पूजा करते हैं, नमस्कार करते हैं परिनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं। (अहमवि इहसंतो तत्थसंताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करती हूं पूजा करती हूँ, वंदना करती हूँ नमस्कार करती हूँ (दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगईगमणं समाहिमरणं)

मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, बोधि की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो समाधि मरण हो (जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनेंद्र देव की गुण रूपी सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

श्री सुमतिनाथ पूजा

संजमरतनविभूषन भूषित, दूषन वर्जित श्रीजिनचन्द।
सुमतिरमारंजन भवभंजन, संजयंत तजि मेरुनरिंद।।
मातुमंगला सकलमंगला, नगर विनीता जये अमंद।
सोप्रभुदयासुधारसगर्भित आय तिष्ठ इत हरि दुखदंद।।१।।

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथ जिनेन्द्र ! अत्रावतरावतर। संवौषट् आह्वाननम्

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ। ठः ठः स्थापनम्

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव। वषट् सन्निधिकरणम् इति पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

अष्टक

पंचम उदधितनों सम उज्वल, जल लीनों वरगंध मिलाय।
कनककटोरीमाहिं धारिकरि, धारदेहु सुचि मनवचकाय।।
हरिहरवंदित पापनिकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवनके राय।
तुमपदपद्म सद्मशिवदायक, जजत मुदितमन उदित सुभाय।।१।।

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा।।

मलयागर घनसार घसौं वर, केशर अर करपूर मिलाय।
भवतपहरन चरन पर वारों, जनमजरामृततताप पलाय।।हरि।।२।।

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दनं नि० स्वाहा।।

शशिसमउज्ज्वल सहितगंधतल, दोनों अनी शुद्ध सुखदास।

सौ लै अखयसंपदाकारन, पुञ्ज धरों, तुमचरनन पास॥हरि०॥३

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् नि० स्वाहा

कमलकेतुकी बेल चमेली, करना अरु गुलाब महकाय

सौ लै समरशूलछ्यकारन, जजों चरनअति प्रीति लगाय॥हरि०॥४॥

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं नि० स्वाहा॥

नव्य गव्य पकवान बनाऊँ, सुरस देखि दृगमन ललचाय।

सौ लै क्षुधारोग छयकारण, धरौं चरणढिग मनहरषाय॥हरि०॥५॥

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि० स्वाहा॥

रतन जड़ित अथवा घृतपूरित, वा करपूरमय जोति जगाय।

दीप धरों तुम चरनन आगैं जातें केवलज्ञान लहाय॥हरि०॥६॥

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं नि० स्वाहा॥

अगर तगर कृष्णागरु चंदन, चूरि अगिनिमें देत जराय।

अष्टकरम ये दुष्ट जरतु हैं, धूम धूम यह तासु उड़ाय॥ह०॥७॥

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं नि० स्वाहा॥

श्रीफल मातुलिंग वर दाड़िम, आम निंबु फल प्राशुक लाय।

मोक्ष महाफल चाखन कारन, पूजत हों तुमरे जुग पाय॥ह०॥८

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं नि० स्वाहा॥

जल चंदन तंदुल प्रसून चरु दीप धूप फल सकल मिलाय।

नाचि राचि शिरनाय समरचों,जयजय जय जय जिनराय॥ह०॥९॥

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं नि० स्वाहा॥

पंचकल्याणक

संजयंत तजि गरभ पधारे। सावनसेत दुतिय सुखकारे॥

रहे अलिप्त मुकुर जिमि छाया। जजों चरन जय २ जिनराया॥१॥

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लद्वितीयादिने गर्भमंगलप्राप्ताय श्रीसुमतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ नि०॥१॥

चैत सुकलग्यारस कहँ जानों। जनमे सुमति सहित त्रयज्ञानों।।
मानों धर्‍यो धरम अवतारा। जजों चरनजुग अष्टप्रकारा।।२।।
ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लैकादश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्री सुमतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।।२।।
चैतसुकलग्यारस तिथि भाखा। ता दिन तपधरि निजरस चाखा।।
पारन पद्मसद्म पय कीनों। जजत चरन हम समता भीनों।।३।।
ॐ ह्रीं चैत्र शुक्लैकादश्यां तपमंगलमंडिताय श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।।३।।
सुकल चैतएकादशि हाने। घाति सकल जे जगुपति जाने।।
समवसरनमँह कहि वृषसारं। जजहुँ अनंतचतुष्टयधारा।।।४।।
ॐ ह्रीं चैत्र शुक्लैकादश्यां ज्ञानसाम्राज्यप्राप्ताय श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।।
चैत सुकल ग्यारस निरवानं। गिरिसमेदतैं त्रिभुवन मानं।।
गुन अनन्त निज निरमलधारी। जजों देव सुधिलेहु हमारी।।५।।
ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लैकादश्यां मोक्षमंगलप्राप्ताय श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।।

जयमाला

सुमति तीनसौ छत्तीसो, सुमति भेद दरसाय।
सुमति देहु विनती करों, सुमति विलम्ब कराय।।१।।
दयाबेलि तहँ सुगुननिधि, भविक मोद गण चन्द।
सुमतिसतीपति सुमति कों, ध्यावों धरि आनन्द।।२।।
पंच परावरतन हरन, पंचसुमति सित देन।।
पंच लब्धिदातार के, गुन गाऊँ दिनरैन।।३।।

छन्द भुजंगप्रयात

पिता मेघराजा सबै सिद्ध काजा, जपें नाम जाको सबै दुःखभाजा।।
महासूर इक्ष्वाकुवंशी विराजे, गुणग्राम जाकौ सबै ठौर छाजै।।४।।
तिन्होंके महापुण्यसों आप जाये, तिहुँलोकमें जीव आनन्द पाये।।
सुनासीर ताही धरी मेरु धायो, क्रिया जन्मकी सर्व कीनी यथा यों।।५।।

बहुरि तातकों सोंपि संगीत कीनों नमें हाथ जोरी भलीभक्ति भीनों।।
बिताई दशै लाख ही पूर्व बाले, प्रजा उन्तीस ही पूर्व पालै।।६।।
कछु हेततैं भावना बार भाये, तहाँ ब्रह्मलौकान्त देव आये।।
गये बोधि ताही समै इन्द्र आयो, धरे पालकीमें सु उद्यान ल्यायो।।७।।
नमः सिद्ध कहि केशलोंचे सबै ही, धर्‌यो ध्यान शुद्धं जु घाती हने ही।।
लह्यो केवलं औ समोसर्न साजं, गणाधीश जु एकसौ सोल राजं।।८।।
खिरै शब्द तामें छहों द्रव्यधारे, गुनौपर्जउत्पादव्यय ध्रौव्य सारे।।
तथा कर्म आठों तनी थिति गाज, मिले जासुके नाशतें मोच्छराजं।।९।।
धरैं मोहिनी सत्तरं कोड़कोड़ी, सरित्पत्प्रमाणं थिति दीर्घ जोड़ी ।।
अवर्ज्ञानदृग्वेदिनी अन्तरायं, धरें तीस कोड़ाकुड़ि सिन्धुकायं।।१०।।
तथा नाम गोतं कुड़ाकोड़ि बीसं, समुद्र प्रमाणं धरें सत्तईसं।।
सु तेंतीसअब्धि धरें आयु अब्धि, कहें सर्व कर्मों तनी वृद्धलब्धिं।।११।।
जघन्य प्रकारे धरे भेद ये ही, मुहूर्तं बसू नामगोतं गने ही।।
तथाज्ञान दृग्मोह प्रत्यूह आयं, सुअन्तर्मुहूर्तं धरें थित्ति गायं।।१२।।
तथा वेदिनी बारहें ही मुहूर्तं, धरैं थित्ति ऐसे भन्यो न्यायजुत्तं।।
इन्हें आदि तत्वार्थ भाख्यो अशेसा, लह्यो फेरि निर्वाण मांही प्रवेसा।।१३।।
अनन्तं महन्तं सुरंतं सुतंतं, अनन्दं अमन्दं अनन्तं अभन्तं।।
अलक्षं विलक्षं सुलक्षं सुदक्षं, अनक्षं अवक्षं अभक्षं अतक्षं।।१४।।
अवर्णं सुवर्णं अमर्णं अकर्णं अभर्णं अतर्णं अशर्णं सुशर्णं।।
अनेकं सदेकं चिदेकं विवेकं, अखण्डं सुमण्डं प्रचण्डं सदेकं।।१५।।
सुपर्मं सधर्मं सुशर्मं अकर्मं, अनन्तं गुनाराम जयवन्त धर्मं।।
नमैं दास वृन्दावनं शर्न आई, सबै दुःखतैं मोहि लीजे छुड़ाई।।१६।।
तुम सुगुन अनन्ता ध्यावत सन्ता, भ्रमजम भंजन मार्तंडा।
सतमजकरचंडा भवि कजमंडा, कुमतिकुबल भन गन हंडा।।१७।।

ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

छन्द रोड़क

सुमतिचरन जो जजैं, भविक जन मनवचकाई।
तासु सकलदुखदंद फंद ततछिन छय जाई।।
पुत्रमित्र धनधान्य, शर्म अनुपम सो पावै।।
'वृन्दावन' निर्वाण, लहे जो निहचै ध्यावै।।१८।।

इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्

अविचल कूट ।।दोहा ।।

सुमतिनाथ जिनराज का, अविचल कूट है जेह ।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह ।।

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्रादि एकः कोटाकोटी चतुरशीति कोटि द्वासप्तति लक्ष एकाशीति सहस्र सप्तशतैकाशीति मुनिः अविचल कूटतः मोक्षं गतः योगैः तान् चरणान् अहं पुनः पुनः नमस्करोमि जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।१८।।

वासुपूज्याय नमः

श्री पद्मप्रभु निर्वाण भक्ति

विबुधपति खगपतिनरपतिधनदोरगभूतयक्षपतिमहितम्।
अतुलसुखविमलनिरुपम शिवमचलमनामयं हि संप्राप्तम्।।१।।
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परम गुरुम्।
भव्यजनतुष्टि जननैर्दुरवापैः पद्मप्रभुं भक्त्या।।२।।

अन्वयार्थ - जो (हि) यथार्थ (विबुधपति, खगपति, नरपति-धनद, उरग-भूत यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेंद्र भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं)

अतुल्य सुखरूप हैं (विमल निरुपमशिवम्) निर्मल हैं, उपमातीत हैं, कल्याणरूप हैं (अनघं) जो निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरुम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ गुरू हैं (संप्राप्तम्) ऐसे विशेषणों को प्राप्त (श्री पद्मप्रभुं) श्री पद्मप्रभु भगवान को (भक्त्या) भक्ति पूर्वक (नत्वा) नमस्कार करके (भव्यजन तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यंत दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः) गर्भादि पाँच कल्याणकों के द्वारा (संस्तोष्ये) मैं उन पद्मप्रभु भगवान की स्तुति करूँगी।

माघमासासित षष्ठ्यां चित्राभानि मध्यमाश्रिते शशिनि।
आयातः स्वर्ग सुखं भुक्त्वा वैजयंताधीशः॥३॥
श्रीधरण नृपति तनयो भारतवास्ये कौशाम्बीनगरे।
देव्यां प्रियसुसीमायां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ - (वैजयंत-आधीशः) वैजयंत विमान का स्वामी (विभुः) भगवान पद्मप्रभु का जीव (माघ कृष्ण षष्ठ्यां) माघ कृष्ण षष्ठी के दिन (शशिनि) चंद्रमा के (चित्राभानि-मध्यमाश्रिते) चित्रा नक्षत्र के मध्य स्थित होने पर (वैजयंत-सुखं-भुक्त्वा) वैजयंत विमान के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष में (कौशाम्बीपुरे) कौशाम्बी नगर में (सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (प्रियसुसीमायां) प्रिय सुसीमा (देव्यां) देवी और (धरण नृपति तनयः) धरण राजा का पुत्र (आयातः) हुआ।

कार्तिक वदि चित्रायां पितृयोगे शुभ दिने त्रयोदश्याम्।
जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सोम्येषु शुभलग्ने॥५॥
चित्राश्रिते शशांके कार्तिक कृष्णे त्रयोदशी दिवसे।

पूर्वाण्हे रत्नघटैर्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्।।६।।

अन्वयार्थ- (कार्तिक वदि चित्रायां पितृ योगे त्रयोदशी शुभ दिने) कार्तिक कृष्ण तेरस के दिन जब चित्रा नक्षत्र तथा पितृयोग था (सौम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषु-जज्ञे) शुभ ग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे, (शुभलग्ने) शुभ लग्न था (शशांके चित्राश्रिते) चंद्रमा चित्रा नक्षत्र पर था उस समय पद्मप्रभु का जन्म हुआ (त्रयोदशी दिवसे) तेरस के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) इन्द्रों ने रत्नमय कलशों से उन पद्मप्रभु का अभिषेक किया।

भुक्त्वा कुमार काले बहुलक्ष पूर्वानंत गुणराशिः।
अमरोपनीत भोगान् जातिस्मरणबोधितोत्वरितः।।७।।
नानाविधरूपचितां विचित्रकूटोच्छ्रितां मणि विभूषाम्।
निर्वृत्तिकाख्य शिविकामारूह्य पुराद्विनिःक्रान्तः।।८।।
मार्ग कृष्ण दशम्यां चित्रा भा मध्यमाश्रिते सोमे।
अष्टेनत्वपराण्हे च भक्तेन जिनः प्रवव्राज।।९।।

अन्वयार्थ - जो (अनंत-गुण-राशिः) अनंतगुणों के राशिस्वरूप वे पद्मप्रभु (कुमार काले) कुमार काल अवस्था में (बहु लक्ष पूर्णाणि) साढ़े सात लाख पूर्व (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवों के द्वारा लाये गये भोगों को भोग कर (जातिस्मरण अभिनिबोधितः) जाति स्मरण से वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरंत (नानाविध रूपचितां) विविध प्रकार के चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची विशाल (मणि-विभूषाम्) मणियों से विभूषित ऐसी

(निर्वृत्तिकाख्याशिविकाम् - आरूह्य) निर्वृत्ति नामक पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्क्रान्तः) कोशाम्बी नगर से बाहर निकल गये (मार्ग कृष्ण दशम्यां चित्रा मध्यमाश्रिते सोमे) अगहन माह के कृष्ण पक्ष की दशमी के दिन जब चंद्रमा चित्रा नक्षत्र पर था उन्होंने (अष्टेन भक्तेन तु अपराण्हे जिन प्रवव्राज) तेला का नियम लेकर दोपहर में जिनेश्वरी निर्ग्रंथ दीक्षा धारण कर ली।

ग्रामपुर खेट कर्वट मटंब घोषाकरान्प्रविजहार।
उग्रैस्तपोविधानैः खलु षण्मासान्यमरैः पूज्यः॥१०॥

अन्वयार्थ - (अमरैः पूज्यः) देवों के द्वारा पूज्य पद्मप्रभु मुनिराज जी ने (उग्रैः तपोविधानैः) उग्रतपों के विधान से (षण्मासेन) छह माह तक (ग्राम- पुर- खेट- कर्वट- मटंब- घोषा- करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट, मटंब घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

मनोहरवनस्यमध्ये प्रियंगुद्रुम संश्रिते शिलापट्टे।
पराण्हे षष्ठेनस्थितस्य खलु कोशाम्बी ग्रामे ॥११॥

अन्वयार्थ - (मनोहर वनस्यमध्ये) मनोहर वन के बीच में (खलु कोशाम्बी ग्रामे) कोशाम्बी ग्राम के पास (प्रयंगुद्रुम संश्रिते शिलापट्टे) प्रियंगु वृक्ष के नीचे स्थित शिलापट्ट पर (अपराण्हे षष्ठेनस्थितस्य) अपराह्न काल में दो दिन का उपवास लेकर विराजमान हो गये।

चैत्रसित पूर्णिमायां चित्रा भा मध्यमाश्रिते चंद्रे।
क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्॥१२॥

अन्वयार्थ -(चैत्रसित पूर्णिमायां) चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के दिन

(चित्रा नक्षत्र मध्यमाश्रिते शशिनि) जब चन्द्रमा चित्रा नक्षत्र पर स्थित था तब (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानं) क्षपक श्रेणी पर आरूढ उन पद्मप्रभु मुनिराज को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभिकुसुमवृष्टिम्।

वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्॥१३॥

अन्वयार्थ - साढ़े नौ योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष, (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुन्दुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगंधित सुमनों की वर्षा (वर-चामर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दशविधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।

देशयमानो व्यवहरं खलु लक्ष पूर्वाण्यथजिनेंद्रः॥१४॥

अन्वयार्थ - (अथ) केवल ज्ञान के पश्चात् (जिनेंद्रः) भगवान पद्मप्रभु ने (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनि धर्म का (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्मम्) ग्यारह प्रतिमा रूप श्रावक धर्म का (देशयमानः) उपदेश देते हुए (ऊनलक्षपूर्वाणि) १६ पूर्वांग ६ मास कम १ लाख पूर्वकाल तक विहार किया।

अथ भगवान् संप्रापद् दिव्यं सम्मेद पर्वतं रम्यम्।

चातुर्वर्ण्य सुसंघस्तत्राभूद् वज्रगणप्रभृति॥१५॥

अन्वयार्थ - (अथ) धर्मोपदेश के समाप्ति के पश्चात् (भगवान्) पद्मप्रभु (दिव्यं रम्यं सम्मेद पर्वतम् सम्प्रापत्)

विशाल सुंदर मनोज्ञ ऐसे सम्मेद शिखर पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ साथ में (वज्रगण प्रभृतिः) वज्रगण स्वामी को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका रूप चार प्रकार का संघ था।

पद्मवनदीर्घिकाकुल विविध द्रुमखण्डमंडिते रम्ये।
मोहन कूटोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः।।१६।।

अन्वयार्थ - (सः मुनि) वे केवलज्ञानी भगवान (पद्मवन दीर्घिका-कुल विविध-द्रुम-खण्ड-मंडिते) कमलवन समूह और अनेक प्रकारों के वृक्षों से शोभायमान (मोहन कूटोद्याने) मोहन कूट के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग से स्थित हो गये।

फाल्गुनकृष्ण चतुर्थ्यां चित्राऽऋक्षे निहत्यकर्मरजः।
अवशेषं संप्रापद्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्।।१७।।

अन्वयार्थ - वे सकल परमात्मा (फाल्गुन कृष्ण चतुर्थ्यां) फाल्गुन कृष्ण चतुर्थी के दिन (चित्राऽऋक्षे) चित्रानक्षत्र में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मों का क्षय करके (व्यजरम्, अमरम् अक्षयम्-सौख्यम्) जरा-मरण से रहित अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को (सम्प्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधह्यथासु चागम्य।
देवतरु रक्त चंदन कालागरु सुरभिगोशीर्षैः।।१८।।
अग्नीन्द्राज्जिन देहं मुकुटानल सुरभि धूपवर माल्यैः।
अभ्यर्च्य गणधरानपिगतादिवं खं च वनभवने।।१९।।

अन्वयार्थ - (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) पद्मप्रभु को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इंद्र आदि

चारों निकाय के देवों ने (आशु-आगम्य) शीघ्र आकरके (देवतरु, रक्त चंदन कालागरु सुरभिगोशीर्षैः) देवदारु, लाल चंदन, कालागरु और सुगंधित गोशीर्ष-चंदनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नीकुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि- धूपवर- माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नी, सुगंधित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेंद्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरान् अपि अभ्यर्च्य) गणधरों की पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वनभवने गता) सभी देव यथास्थान स्वर्ग को, आकाश को, वन और भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति पद्मप्रभु चंद्रे,
यः स्तोत्रं पठति सुसंध्ययोर्द्वयोर्हि
सोऽनंतं परम सुखं नृदेव लोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति॥२०॥

अन्वयार्थ - (इति एवं) इस प्रकार (भगवति पद्मप्रभु चंद्रे) श्री पद्मप्रभु से संबंधित (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों ही (सुसन्ध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृदेव लोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनन्तं शिवपदं) अविनाशी शाश्वत ऐसे मोक्ष पद को (प्रयाति) प्राप्त करता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाण भूमिरिह भारतवर्ष जानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रियया वचोभिः,

संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमि भक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ – (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्ष जानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां, निर्वाण भूमिः) अर्हंतों की तीर्थंकरों की, गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियां हैं (संस्तोतुम् उद्यत-मतिः) उन भूमियों की सम्यक् प्रकार स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्ति पूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया-वचोभिः) शुद्ध मन, काय और वचन से (परिणौमि) नमस्कार करती हूँ।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानस करैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः,
संप्रार्थिता वयमिमे परमां गतिं ताः॥२२॥

अन्वयार्थ – (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूंथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मनरूपी हाथों में ग्रहण करके (अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृतियुता पर्येम) भगवन्तों की निर्वाण भूमियों की आदर सहित परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे उत्तम सिद्धगति की प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः,
पण्डोः सुताः परमनिर्वृत्तिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संग रहितो बलभद्रनामा,

नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वततले वर सिद्धकूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रि बलाहके च,
विन्ध्ये च पोदनपुरे वृषदीपके च॥२४॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्यभूवन्॥२५॥

अन्वयार्थ - (दमित अरिपक्षाः पण्डोः सुताः) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्- अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय नामक श्रेष्ठ पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहितः बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्रनामा मुनि तुङ्गिगिरि से तथा (जितरिपुः सुवर्णभद्रः) कर्मशत्रुओं को जीतने वाले मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) पावागिरि के पास चेलनानदी के किनारे से मुक्ति को प्राप्त हुए (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रबल कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मेढ्रगिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के तलभाग से (वर-सिद्धकूटे) उत्कृष्ट सिद्धवर कूट से (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल तथा बलाहक पर्वत (विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले) सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत से (ये

साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षय कर (सुगतिं प्रयाताः) उत्तम सिद्धगति को प्राप्त हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रस पृक्त गुणेनलोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयातियद्वत्।
तद्वच्च पुण्यपुरुषै रुषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि॥२६॥

अन्वयार्थ – (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रसपृक्तगुणेन) गन्ने के रस से निर्मित मिष्ट (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है (तद्वत् च) उसी प्रकार (पुण्यपुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृत्ति भूमिदेशाः।
ते मे जिना जितभया मुनयश्च शांताः,
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥२७॥

अन्वयार्थ – (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ-इस निर्वाण भक्ति स्तोत्र में (अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृत्ति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शान्ताः मुनयः च) वे सप्तभयों को जीतने वाले तीर्थंकर जिन और शान्त अवस्था को प्राप्त मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्य सौख्याम् सुगतिं दिश्यासुः) निर्दोष सुख

से युक्त, उत्तम मोक्षगति को प्राप्त कराने वाले हों।

क्षेपक श्लोक

शान्ति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।
उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजा:।।१।।

अन्वयार्थ – (शान्ति कुंथुअर–कोरव्या) शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में उत्पन्न हुए हैं (नेमिसुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में उत्पन्न हुए हैं (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथजी उग्रवंश में और महावीर स्वामी नाथ वंश में पैदा हुए हैं। (शेषा इक्ष्वाकु वंशजा:) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकुवंश में पैदा हुए हैं

अंचलिका

इच्छामि भंते। परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मिचउत्थ समयस्य मज्झिमे भाए णव णवदि लक्ख कोडी णवदि सहस्स कोडि सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि सम्मेए पव्वए फागुण किण्ह चउत्थीए पुव्वण्हे चित्ताए णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो पम्मजिणो सिद्धिं गदो। तिसुविलोएसु, भवणवासिय- वाणविंतर, जोयसिय क्प्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण–चुण्णेण दिव्वेण दीवेण, दिव्वेणधूवेण, दिव्वेणवासेण, णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वंदंति, णमंसंति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करेंति। अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं, अंच्चेमि पुज्जेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाहो

सुगईगमणं, समाहि-मरणं जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवन ! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति संबंधी कायोत्सर्ग किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उसकी आलोचना करने की इच्छा करती हूँ (चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए) चौथे काल के मध्य में (णव णवदिलक्ख कोडि णवदि सहस्स कोडि सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि) ९९ लाख कोटी ९० हजार कोटी व्यतीत हो जाने पर (सम्मेए पव्वए फागुण किण्ह चउत्थीए पुव्वण्हे चित्ताए णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो पम्मजिणो सिद्धिं गदो) सम्मेद शिखर पर्वत से फागुण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन प्रातः काल चित्रा नक्षत्र के रहते हुए श्री पद्मप्रभु भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए (तिसुविलोएसु भवणवासिय, वाणविंतर जोइसिय कप्पवासियत्ति -चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेणण्हाणेण दिव्वेण गंधेण, दिव्वेणअक्खेण, दिव्वेणपुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण, दिव्वेणधूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्यगंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य, दिव्य दीप दिव्य धूप, दिव्य फलों के द्वारा (णिच्चकालं अंचंति, पुज्जंति, वंदंति णमंसंति परिणिव्वाण- महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चा करते हैं पूजा करते हैं, वन्दना करते हैं, नमस्कार करते हैं परिनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं। (अहमवि इहसंतो तत्थसंताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णंमस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करती हूं पूजा करती हूँ,

वंदना करती हूँ नमस्कार करती हूँ (दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगईगमणं समाहिमरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, बोधि की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो समाधि मरण हो (जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनेंद्र देव की गुण रूपी सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

पदमप्रभु जिन पूजा

छन्द- पदमरागमनिवरन धरन, तनतुङ्ग अढाई।
शतक दंड अघखंड, सकल सुर सेवत आई।।
धरनि तात विख्यात सुसीमाजूके नंदन।
पदमचरन धरि राग सु थापों इतकरि वंदन।।१।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्। इतिपुष्पांजलिं क्षिपामि।

अष्टक

पूजों भावसों, श्रीपदमनाथपद सार पूजों भावसों ।।टेक।।
गंगाजल अतिप्रासुक लीनों, सौरभ सकल मिलाय।।
मनवचतन त्रयधार देत ही जनम जरामृत जाय।
पूजों भावसों, श्रीपदमनाथपद सार पूजों भावसों।।१।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति०।।

मलयागर कपूर चन्दन घँसि, केशर रंग मिलाय।
भवतपहरन चरनपर वारौं, मिथ्याताप मिटाय।।पू०।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय भवाताप विनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति०।।

तंदुल उज्ज्वल गंधअनीजुत, कनक थार भर लाय।
पुंज धरों तुव चरनन आगैं, मोहि अखयपद दाय।।पू०।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामि०।।

पारिजात मंदार कलपतरुजनित, सुमन शुचि लाय।
समरशूल निरमूलकरनको, तुम पद पद्म चढ़ाय।।पू०।।४।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं नि०।।

घेवर बावर आदि मनोहर, सद्यसजे शुचि भाय।
छुधारोगनिर्वाशन कारन, जजों हरष उरलाय।।पू०।।५।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि० स्वाहा।।

दीपकजोति जगाय ललित वर, धूमरहित अभिराम।
तिमिरमोह नाशनके कारन, जजों चरन गुनधाम।।पू०।।६।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं नि० स्वाहा।।

कृष्णागर मलयागिर चंदन, चूर सुगंध बनाय।
अगिनिमाहिं जारों तुम आगें अष्टकरम जरिजाय।।पू०।।७।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं नि० स्वाहा।।

सुरस वरन रसना मनभावन, पावन फल अधिकार।
तासों पूजों जुगम चरन यह, विघन करमनिरवार।।पू०।।८।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं नि० स्वाहा।।

जल फल आदिमिलाय गाय गुन, भगतभाव उमगाय।
जजों तुमहिं शिवतियवर जिनवर आवागमन मिटाय।।पू०।।९।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं नि० स्वाहा।।

पंच कल्याणक

असित माघ सु छट्ठि बखानिये, गरभमंगल तादिन मानिये।
उरध ग्रीवक सौं चय राजजी, जजत इन्द्र जजैं हम आजजी।।१।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णषष्ठीदिने गर्भ मंगल प्राप्ताय श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं नि०
स्वाहा।।

सुक्लकार्तिक तेरसकों जये, त्रिजगजीव सु आनन्दकों लये।।
नगर स्वर्ग समान कुसंबिका, जजतु हैं हरिसंजुत अंबिका।।२।।

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ल त्रयोदश्यां जन्ममंगलप्राप्ताय श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं०

सुकल तेरसकार्तिक भावनी, तप धरयौ वनषष्ठम पावनी।।
करत आतमध्यान धुरंधरो, जजत हैं हम पाप सबै हरो।।३।।

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ल त्रयोदश्यां निःक्रमणकल्याणक प्राप्ताय श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय
अर्घं०

शुकलपूनमचैत सुहावनी, परमकेवल ता दिन पावनी।।
सुरसुरेश नरेश जजैं तहां, हम जजैं पदपंकजको इहां ।।४।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लपूर्णिमायां केवलज्ञानप्राप्ताय श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं नि०
स्वाहा।।

असित फागुन चौथि सुजानियो, सकलकर्ममहारिपु हानियो।
गिरिसमेदथकी शिवको गये, हम जजैं पद ध्यानविषैंलये।।५।।

ॐ ह्रीं फाल्गुन कृष्ण चतुर्थी दिने मोक्षमंगल मण्डिताय श्रीपद्मप्रभुजिनेन्द्राय
अर्घं नि० स्वाहा।।

जयमाला

छन्द- जय पद्मजिनेशा शिवसद्मेशा, पादपद्म जजि पद्मेशा।
जयभवतमभंजन मुनिमनकंजन, रंजनको दिव साधेशा।।१।।

जय जय जिन भविजनहितकारी, जय जय जिन भवसागरतारी।
जय जय समवसरन धनधारी, जय जय वीतराग हितकारी ।।२।।
जय तुम साततत्व विधि भाख्यो, जय जय नव पदार्थ लखि आख्यो ।।
जय षट द्रव्य पंच युत काया, जय सब भेद सहित दरशाया ।।३।।

जय गुनथान जीव परमानो, जय पहले अनन्त जिन जानो ॥
जय दूजे सासादनमाही, बावन कोटि जीवथित आँहीं ॥४॥
जय तीजे मिश्रित गुणथाने, जीव दोबावन कोटि प्रमाने ॥
जय चौथे अविरति गुन जीवा , सप्तशतक हैं कोटि सदीवा ॥५॥
जय जय देशवरतमें शेषा, तेरहसों कोडी थिति वेशा ॥
जय प्रमत्त षट शून्य दोय वसु, नव तीन नव पांच जीव लसु ॥६॥
जय जय अपरमत्तदुइ करोरं, लच्छ छानवै सहस बहोरं ।
निन्यानवे एकशत तीना, ऐते मुनि तित रहहिं प्रवीना ॥७॥
जय जय अष्टममें दुह धारा, ग्यारहसो छियानवे सारा ॥
उपशममें दुइसो निन्यानों, छपकमाहिं तसु दूने जानों ॥८॥
जय इतने इतने हितकारी, नवें दशें जुग श्रेणी धारी ॥
जय ग्यारें उपशममगगामी, दुइसौं निन्यानों अध गामी ॥९॥
जय जय छीनमोह गुन थानों, तेईसों बानवे मुनि तुम जानो॥
जय जय तेरहमें अरहन्ता, जुग नभ पन बसु नव बसु तंता ॥१०॥
एते राजतु हैं चतुरानन, हम बंदे पद थुतिकरि आनन ॥
हैं अजोग गुनमें जे देवा, पनसो ठानों करों सुसेवा ॥११॥
तितित तिथि अ इ उ ऋ लृ भाषत, करि तिथि फिर शिवआनन्द चाखत।
ये उतकृष्ट सकलगुन थानी, तथा जघन मध्यम जे प्रानी ॥१२॥
तीनों लोकसदनके वासी, निज गुनपरजभेदमय राशी ॥
तथा और द्रव्यनके जेते, गुन परजाय भेद हैं तेते ॥१३॥
तीनों कालतने जु अनन्ता, सो तुम जानत जुगपत सन्ता ॥
सोई दिव्यवचनके द्वारे, दे उपदेश भविक उद्धारे ॥१४॥
फेरि अचलथलबासा कीनों, गुन अनन्त निज आनन्दभीनों ॥
चरमदेहतें किंचित् ऊनो, नर आकृति तित हैं नित गूनो ॥१५॥
जय जय सिद्धदेव हितकारी, बार बार यह अरज हमारी ॥

मोकों दुख सागरतें काढ़ो, वृन्दावन जाँचतु है ठाढ़ो ।।१६।।

घत्ता -जय जय जिनचंदा पद्मानंदा, परम सुमतिपद्माधारी।
जय जनहितकारी दयाविचारी, जय जय जिनवर अधिकारी।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय महार्घ नि० स्वाहा।।

छन्द रोड़क - जजत पद्मपदपद्मसद्म ताके सुपद्म अत।।
होत वृद्ध सुतमित्र सकल आनन्दकंद शत।।
लहत स्वर्गपदराज तहांतें चय इत आई।
चक्रीको सुख भोगि, अंत शिवराज कराई।।८।।
इत्या०।।

इतिश्रीपद्मप्रभजिन पूजा समाप्त।

मोहन कूट ।। दोहा ।।

पद्मप्रभु जिनराज का, मोहन कूट है जेह।
मन वच तन कर पूजहूं, शिखर सम्मेद यजेह।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्रादि नवनवति कोटि सप्ताशीति लक्ष त्रिचावारिंशत् सहस्र सप्तशत सप्तपंचाशत् मुनिः मोहन कूटतः मोक्षं गतः योगैः तान् चरणान् अहं पुनः पुनः नमस्करोमि जलादि अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।८।।

वासुपूज्याय नमः

श्री सुपार्श्वनाथ निर्वाण भक्ति

विबुधपति खगपतिनरपति धनदोरगभूतयक्षपतिमहितम्।
अतुलसुखविमल निरुपम शिवमचलमनामयं हि संप्राप्तम्।।१।।
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोकपरमगुरुम्।
भव्यजनतुष्टि जननैर्दुरवापैः श्री सुपार्श्वजिनं भक्त्या।।२।।

अन्वयार्थ - जो (हि) यथार्थ (विबुधपति, खगपति, नरपति-

धनद, उरग-भूत यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेंद्र भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल्य सुखरूप हैं (विमल निरुपमशिवम्) निर्मल हैं, उपमातीत हैं, कल्याणरूप हैं (अनघं) जो निर्दोष हैं (संप्राप्तम्) ऐसे विशेषणों को प्राप्त (त्रिलोक परमगुरुम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ गुरू हैं ऐसे (भक्त्या सुपार्श्व जिनं नत्वा) भगवान सुपार्श्वनाथ को नमस्कार करके (भव्यजन तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यंत दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः) गर्भादि पाँच कल्याणकों के द्वारा (संस्तोष्ये) मैं उन सुपार्श्वनाथ भगवान की स्तुति करूँगी।

भाद्र शुक्ल पक्ष षष्ठ्यां विशाखा भा मध्यमाश्रिते शशिनि।
आयातः स्वर्ग सुखं भुक्त्वा ग्रैवेयकाधीशः॥३॥
सुप्रतिष्ठ नृपति तनयो भारतवास्ये वाराणसीनगरे।
देव्यां प्रियपृथ्व्यां तु सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ - (ग्रैवेयक-आधीशः) मध्यम ग्रैवेयक विमान का स्वामी (विभुः) भगवान सुपार्श्वनाथ का जीव (भाद्र शुक्ल पक्ष षष्ठ्यां) भाद्र शुक्लपक्ष षष्ठी के दिन (शशिनि) चंद्रमा के (विशाखा भा मध्यमाश्रिते) विशाखा नक्षत्र के मध्य स्थित होने पर (स्वर्ग-सुखं-भुक्त्वा) स्वर्ग के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष में (काशी वाराणसी नगरे) काशी क्षेत्र के वाराणसी नगर में (सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (प्रियपृथ्व्यां) प्रिय पृथ्वीसेना (देव्यां) देवी और (सुप्रतिष्ठ नृपति तनयः) सुप्रतिष्ठ राजा का पुत्र (आयातः) हुआ।

ज्येष्ठसित विशाखायां अनिलायोगे द्वादश्यां दिवसे।
जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सोम्येषु शुभलग्ने।।५।।
विशाखाश्रिते शशांके ज्येष्ठाज्योत्स्ने द्वादश्यां दिवसे।
पूर्वाण्हे रत्नघटैर्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्।।६।।

अन्वयार्थ- (ज्येष्ठसित विशाखायां-अनिलायोगे द्वादश्याम् दिवसे) ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष बारस के दिन विशाखा नामक नक्षत्र के साथ अनिला योग था (सौम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषु-जज्ञे) शुभ ग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे, (शुभलग्ने) शुभ लग्न था (शशांके विशाखाश्रिते) चंद्रमा विशाखा नक्षत्र पर था (ज्येष्ठ ज्योत्सने) ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की शुभ बेला में सुपार्श्वनाथ का जन्म हुआ था (द्वादशी दिवसे) बारस के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) इन्द्रों ने रत्नमय कलशों से उन सुपार्श्वनाथ का अभिषेक किया।

भुक्त्वा कुमार काले पंचलक्ष पूर्वानंत गुणराशिः।
अमरोपनीत भोगान् जातिस्मरणबोधितोत्वरितः।।७।।
नानाविधरूपचितां विचित्रकूटोच्छ्रितां मणि विभूषाम्।
सुमनोज्ञाख्या शिविकामारुह्य पुराद्विनिःक्रान्तः।।८।।
ज्येष्ठसित द्वादश्यां विशाखा भा मध्यमाश्रिते सोमे।
षष्ठेन त्वपराण्हे भक्तेन जिनः प्रवव्राज।।९।।

अन्वयार्थ - जो (अनंत-गुण-राशिः) अनंतगुणों के राशि स्वरूप वे सुपार्श्वनाथ (कुमार काले) कुमार काल अवस्था में (पंच लक्ष पूर्वाणि) ५ लाख पूर्व वर्ष तक (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवों के द्वारा लाये गये भोगों को भोग कर

(जातिस्मरण अभिनिबोधितः) जाति स्मरण से वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरंत (नानाविध रूपचितां) विविध प्रकार के चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची विशाल (मणि-विभूषाम्) मणियों से विभूषित ऐसी (सुमनोज्ञाख्य शिविकां-आरूह्य) सुमनोज्ञ नामक पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्क्रान्तः) वाराणसी नगर के बाहर निकल गये (ज्येष्ठसित द्वादशी-विशाखाऋक्षे मघ्यमाश्रिते सोमे) ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की बारस के शुभ दिन जब चंद्रमा विशाखा नक्षत्र पर था उन्होंने (अष्टेनतु पूर्वाण्हे) तेला का उपवास कर पूर्वाह्न काल में जिनेश्वरी निर्ग्रंथ दीक्षा धारण कर ली।

ग्रामपुर खेट कर्वट मटंब घोषाकरान्प्रविजहार।
उग्रैस्तपोविधानैः च नव वर्षाण्यमरैः पूज्यः॥१०॥

अन्वयार्थ - (अमरैः पूज्यः) देवों के द्वारा पूज्य सुपार्श्वनाथ जी ने (उग्रैः तपोविधानैः) उग्रतपों के विधान से (नव-वर्षाणि) नव वर्ष तक (ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटंब - घोषा-करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट, मटंब घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

सहेतुक वनस्यमध्ये शिरीषद्रुम संश्रिते शिलापट्टे।
अपराण्हे षष्ठेनस्थितस्य खलु वाराणसी ग्रामे॥११॥

अन्वयार्थ - (सहेतुक वनस्यमघ्ये) सहेतुक वन के मध्य (वाराणसी ग्रामे) बनारस नामक ग्राम के पास (शिरीषद्रुम संश्रिते शिलापट्टे) शिरीष वृक्ष के नीचे स्थित शिलापट्ट पर (अपराण्हे षष्ठेनस्थितस्य) अपराह्न काल में दो दिन का

उपवास लेकर विराजमान हो गये।

फाल्गुन कृष्ण षष्ठ्यां विशाखा भा मध्यमाश्रिते चंद्रे ।
क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्।।१२।।

अन्वयार्थ -(फाल्गुन कृष्ण षष्ठ्यां) फाल्गुन कृष्ण षष्ठी के दिन (विशाखाभा मध्यमाश्रिते चंद्रे) जब चन्द्रमा विशाखा नक्षत्र पर स्थित था तब (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवल ज्ञान) क्षपक श्रेणी पर आरूढ उन सुपार्श्वनाथ भगवान को (केवलज्ञानम्) केवलज्ञान उत्पन्न हुआ।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभिकुसुमवृष्टिम्।
वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्।।१३।।

अन्वयार्थ - वहाँ ९ योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष, (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुन्दुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगंधित सुमनों की वर्षा (वर-चमर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दशविधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।
देशयमानो व्यवहरं खलु लक्षोन पूर्वाण्यथजिनेंद्रः।।१४।।

अन्वयार्थ - (अथ) केवलज्ञान के पश्चात् (जिनेंद्रः) भगवान सुपार्श्वनाथ ने (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनि धर्म का (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्मम्) ग्यारह प्रतिमा रूप श्रावक धर्म का (देशयमानः) उपदेश देते हुए (ऊनलक्ष पूर्वाणि) २० पूर्वांग ९ वर्ष कम एक लाख पूर्व काल तक (व्यवहरत्) विहार किया।

अथ भगवान् संप्रापद् दिव्यं सम्मेद पर्वतं रम्यम्।
चातुर्वर्ण्य सुसंघस्तत्राभूद् वज्रनाभिप्रभृति॥१३॥

अन्वयार्थ - (अथ) धर्मोपदेश के समाप्ति के पश्चात् (भगवान्) सुपार्श्वनाथ भगवान (दिव्यं रम्यं सम्मेद पर्वतम् रम्यम्) विशाल सुंदर मनोज्ञ ऐसे सम्मेद शिखर पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ साथ में (वज्रनाभि प्रभृति) वज्रनाभि स्वामी को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका रूप चार प्रकार का संघ था।

पद्मवनदीर्घिकाकुल विविध द्रुमखण्डमंडिते रम्ये।
प्रभास कूटोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः॥१६॥

अन्वयार्थ - (सः मुनि) वे केवलज्ञानी भगवान सुपार्श्वनाथ (पद्मवनदीर्घिका-कुल विविध-द्रुम-खंड-मंडिते) कमलवन समूह और अनेक प्रकारों के वृक्षों से शोभायमान (प्रभास कूटोद्याने) प्रभास कूट के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग से स्थित हो गये।

फाल्गुन कृष्णे सप्तम्यां अनुराधाऋक्षे निहत्यकर्मरजः।
अवशेषं संप्रापद्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्॥१७॥

अन्वयार्थ - वे सकल परमात्मा सुपार्श्वनाथ (फाल्गुन कृष्ण -सप्तम्यां) फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन (अनुराधाऋक्षे) अनुराधा नक्षत्र में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मों का क्षय करके (व्यजरम्, अमरम् अक्षयम्-सौख्यम्) जरा-मरण से रहित अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को (सम्प्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधह्यथासु चागम्य।

देवतरु रक्त चंदन कालागरु सुरभिगोशीर्षैः॥१८॥
अग्नीन्द्राज्जिन देहं मुकुटानल सुरभि धूपवर माल्यैः।
अभ्यर्च्य गणधरानपिगतादिवं खं च वनभवने॥१९॥

अन्वयार्थ - (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) श्री सुपार्श्वनाथ भगवान को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इंद्र आदि चारों निकाय के देवों ने (आशु-आगम्य) शीघ्र आकरके (देवतरु, रक्त चंदन कालागरु सुरभिगोशीर्षैः) देवदारू, लाल चंदन, कालागरु और सुगंधित गोशीर्ष-चंदनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नीकुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि-धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नी, सुगंधित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेंद्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरान् अपि अभ्यर्च्य) गणधरों की पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वनभवनेगता) सभी देव यथास्थान स्वर्ग को, आकाश को, वन और भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति सुपार्श्वजिन चंद्रे,
यः स्तोत्रं पठति सुसंध्ययोर्द्वयोर्हि
सोऽनंतं परम सुखं नृदेव लोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति॥२०॥

अन्वयार्थ - (इति एवं) इस प्रकार (भगवति सुपार्श्वजिन चंद्रे) श्री सुपार्श्वनाथ से संबंधित (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों ही (सुसन्ध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृदेव लोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनन्तं शिवपदं)

अविनाशी शाश्वत ऐसे मोक्ष पद को (प्रयाति) प्राप्त करता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाण भूमिरिह भारतवर्ष जानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रियया वचोभिः,
संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमि भक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ - (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्ष जानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां, निर्वाण भूमिः) अर्हंतों की तीर्थंकरों की, गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियां हैं (संस्तोतुम् उद्यत-मतिः) उन भूमियों की सम्यक् प्रकार स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्ति पूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया-वचोभिः) शुद्ध मन, काय और वचन से (परिणौमि) नमस्कार करती हूँ।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानस करैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः,
संप्रार्थिता वयमिमे परमां गतिं ताः॥२२॥

अन्वयार्थ - (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूंथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मनरूपी हाथों में ग्रहण करके (अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृतियुता पर्येम) भगवन्तों की निर्वाण भूमियों की आदर सहित परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे उत्तम सिद्धगति की प्राप्ति की

प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः,
पण्डोः सुताः परमनिर्वृतिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा,
नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वततले वर सिद्धकूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रि बलाहके च,
विन्ध्ये च पोदनपुरे वृषदीपके च॥२४॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पथुसारयष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्यभूवन्॥२५॥

अन्वयार्थ - (दमित अरिपक्षाः पण्डोः सुताः) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्- अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय नामक श्रेष्ठ पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहितः बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्रनामा मुनि तुङ्गिगिरि से तथा (जितरिपुः सुवर्णभद्रः) कर्मशत्रुओं को जीतने वाले मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) पावागिरि के पास चेलनानदी के किनारे से मुक्ति को प्राप्त हुए (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रबल कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मेढ्रगिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के तलभाग से (वर-सिद्धकूटे) उत्कृष्ट सिद्धवर कूट से (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल और बलाहक पर्वत

(विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले) सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसारयष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत पर से (ये साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षय कर (सुगतिं प्रयाताः) उत्तम सिद्धगति को प्राप्त हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेनलोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयातियद्वत्।
तद्वच्च पुण्यपुरुषै रुषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि॥२६॥

अन्वयार्थ - (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रसपृक्तगुणेन) गन्ने के रस से निर्मित मिष्ट (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है (तद्वत् च) उसी प्राकर (पुण्यपुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृत्ति भूमिदेशाः।
ते मे जिना जितभया मुनयश्च शांताः,
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥२७॥

अन्वयार्थ - (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ- इस निर्वाण भक्ति स्तोत्र में (अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृत्ति

भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शान्ताः मुनयः च) वे सप्तभयों को जीतने वाले तीर्थंकर जिन और शान्त अवस्था को प्राप्त मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्य सौख्याम् सुगतिं दिश्यासुः) निर्दोष सुख से युक्त, उत्तम मोक्षगति को प्राप्त कराने वाले हो।

क्षेपक श्लोक

शान्ति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।
उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजाः॥१॥

अन्वयार्थ – (शान्ति कुंथुअर-कोरव्या) शांतिनाथ, कुंथुनाथ, अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में उत्पन्न हुए हैं (नेमिसुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में उत्पन्न हुए हैं (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथजी उग्रवंश में और महावीर स्वामी नाथ वंश में पैदा हुए हैं । (शेषा इक्ष्वाकु वंशजाः) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकुवंश में पैदा हुए हैं

अंचलिका

इच्छामि भंते। परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मिचउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए णव णवदि लक्ख कोडि णव णवदि सहस्स कोडि सागरोवम तिण्णि कोडि छत्तीस लक्ख पुव्व वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि सम्मेए पव्वए फागुण मासस्स किण्ह सत्तमीए पुव्वण्हे अणुराहाए णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो सुपासजिणो सिद्धिं गदो। तिसुविलोएसु, भवण वासिय- वाणविंतर, जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेणअक्खेण,

दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण णिच्चकालं अंच्चंति पुज्जंति, वंदंति, णमंसंति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति। अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं, अंचेमि, पुज्जेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगईगमणं, समाहि-मरणं जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवन् ! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति संबंधी कायोत्सर्ग किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उसकी आलोचना करने की इच्छा करती हूँ (चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए) चौथे काल के मध्य भाग में (णव णवदिलक्ख कोडी णव णवदि सहस्स कोडि सागरोवम तिण्णिकोडि छत्तीस लक्ख पुव्व वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि) ९९ लाख कोटी ९९ हजार कोटी सागर तीन कोटि ३६ लाख पूर्व वर्ष व्यतीत हो जाने पर (सम्मेए पव्वए फागुण काल मासस्स किण्ह सत्तमीए पुव्वण्हे अणुराहाए णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो सुपासजिणो सिद्धिं गदो) सम्मेद शिखर पर्वत से फागुण मास कृष्ण पक्ष सप्तमी के दिन प्रातः काल अनुराधा नक्षत्र के रहते हुए श्री सुपार्श्वनाथ भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए (तिसुविलोएसु भवणवासिय, वाणविंतर जोइसिय कप्पवासियत्ति-चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेणण्हाणेण दिव्वेण गंधेण, दिव्वेणअक्खेण, दिव्वेणपुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण, दिव्वेणधूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्यगंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य, दिव्य दीप

दिव्य धूप, दिव्य फलों के द्वारा (णिच्चकालं अंचेंति पुज्जंति, वंदंति णमंसंति परिणिव्वाण-महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चा करते हैं पूजा करते हैं, नमस्कार करते हैं परिनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं। (अहमवि इहसंतो तत्थसंताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करती हूं पूजा करती हूँ, वंदना करती हूँ नमस्कार करती हूँ (दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगईगमणं समाहिमरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, बोधि की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो समाधि मरण हो (जिणगुण संपत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनेंद्र देव की गुण रूपी सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

सुपार्श्वनाथजिन पूजा

छन्द हरिगीता तथा गीता

जय जय जिनिंद गनिंद इन्द, नरिंद गुन चिंतन करै।
तन हरिहर मनसम हरत मन, लखत उर आनन्द भरै।
नृप सुपरतिष्ठ वरिष्ठ इष्ट, महिष्ठ शिष्ट पृथी प्रिया।
तिन नन्दके पद वन्द वृन्द, अमंद थापत जुतक्रिया।।१।।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् अह्वाननम् ।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम् ।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम् ।

चाल द्यानतरायजीकृत सोलहकारण भाषाष्टककी।

तुम पद पूजों मनवचकाय, देव सुपारस शिवपुरराय।।

दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो।।
उज्जवल जल शुचि गंध मिलाय, कंचनझारी भरकरलाय।।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो।।तुम०।।१।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा।।
मलयागरचंदन घसि सार, लीनो भवतप भंजनहार।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो।।तुम०।।२।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दनं नि० स्वाहा।।
देवजीर सुखदास अखंड । उज्ज्वल जलछालित सितमंड।।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो ।।तुम०।।३।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् नि० स्वाहा।।
प्रासुक सुमन सुगंधित सार, गुंजत अलि मकरध्वजहार।।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो।।तुम०।।४।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय कामवाणाविध्वंसनाय पुष्पं नि० स्वाहा।।
छुधाहरण नेवज वर लाय। हरों वेदनी तुम्हें चढ़ाय।।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो।।तुम०।।५।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि० स्वाहा।।
ज्वलित दीप भरकरि नवनीत । तुमढिग धारतु हों जगमीत।।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो।।तुम०।।६।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि० स्वाहा।।
दशविधि गन्ध हुताशनमाहिं । खेवत क्रूर करम जरि जाहिं।।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो।। तुम०।।७।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं नि० स्वाहा।।
श्रीफल केला आदि अनूप । लै तुम अग्र धरो शिवभूप।।
दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो ।।तुम०८।।
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं नि० स्वाहा।।

आठों दरबसाजि गुनगाय । नाचत राचत भगति बढ़ाय।।

दयानिधि हो, जयजगबंधु दयानिधि हो ।।तुम०९।।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं नि० स्वाहा।।

पंचकल्याणक

छन्द द्रुतविलम्बित तथा सुन्दरी (वर्ण १२)

सुकल भादवछट्ठ सुजानिये, गरभमंगल तादिन मानिये।

करत सेव सची रचि मातकी, अरघ लेय जजों वसुभांत की ॥१॥

ॐ ह्रीं भाद्रपदशुक्लषष्ठिदिने गर्भमंगलप्राप्ताय श्री सुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि० ।।१।।

सुकल जेठदुवादशि जन्मये, सकल जीव सु आनन्द तन्मये ॥

त्रिदशराज जजैं गिरिराजजी, हमजजैं पद मंगलसाजजी ।।२।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठशुक्लद्वादश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं०

जनमके तिथि श्रीधरने धरी, तप समस्त प्रमादनकों हरी।।

नृपमहेन्द्र दियो पय भावसों, हम जजैं इत श्रीपद चावसों।।३।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठशुक्लद्वादश्यां तपकल्याणकप्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं।।

भ्रमरफाल्गुनछट्ठ सुहावनों, परमकेवलज्ञान लहावनों ।।

समवसर्नविषैं वृष भाखिओ, हम जजैं पद आनन्द चाखियो।।४।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णषष्ठिदिने ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथ अर्घं०

असितफागुनसातय पावनों सकलकर्म कियो छय भावनो।।

गिरिसमेदथकी शिव जातु हैं, जजत ही सब विघ्न विलातु हैं।।५।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णसप्तमीदिने मोक्षमंगलप्राप्ताय श्रीसुपार्श्वनाथ अर्घं०

जयमाला

दोहा - तुंग अंग धनु दोयसौ, शोभा सागरचन्द

मिथ्यातपहर सुगुनकर, जयसुपास सुखकंद।।१।।

जयति जिनराज शिवराज हितहेत हो, परामवैराग आनन्द भरि देत हो ।।

गर्भके पूर्व षट्मास धनदेवने, नगर निरमापि वाराणसी सेवमें ॥२॥
गगनसों रतनकी धार बहु वरष ही, कोड़ि त्रैअर्द्ध त्रैवार सब हरषहीं ॥
तातके सदन गुनवदन रचना रची, मातुकी सर्वविधि करत सेवा शची ॥३॥
भयोजब जन्म तब इन्द्रआसन चल्यो, होय चकित तब तुरित अवधितैंलखि भल्यो॥
सप्त पग जाय शिर नाय वंदन करी, चलन उमग्यो तबैमानि धनि धनि घरी ॥४॥
सात विधि सैन गज वृषभ रथ बाज लै, गन्धरव नृत्यकारी सबै साज लै।
गलितमदगण्ड ऐरावती साजियो, लच्छजोजन सु तन वदन सत राजियो॥५॥
वदन वसुदन्त प्रतिदन्त सरवर भरे, तासुमधि शतकपनबीस कमलिनि खरे।
कमलिनी मध्य पनवीस फूले कमल, कमलप्रति कमलमँह एकसौ आठदल ॥६॥
सर्वदल कोड़शतवीस परमान जू, तासुपर अपछरा नचहिं जुतमान जू॥
तततता तततता विततता ताथई, धृगतता धृगतता धृगतता मैं लई ॥७॥
ॐ ह्रीं श्रीकुन्थुनाथ जिनेन्द्रादि मुनिः षण्णवति कोटाकोटिः षण्णवति कोटिः द्वात्रिंशत् लक्ष षण्णवति सहस्र सप्तशत द्विचत्वारिंशत् ज्ञानधर कूटतः मोक्षंगतः तान् चरणानहं योगैः पुनःपुनः नमस्करोमि जलाद्यर्घ्यं निर्वापामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्याय नमः

श्री अरहनाथ निर्वाण भक्ति

विबुधपति-खगपति नरपति धनदोरग भूत यक्षपति महितम्।
अतुल सुख विमल निरूपम शिवमचल मनामयं हि संप्राप्तम्।।१।।
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परम गुरुम्।
भव्यजनतुष्टि जननै र्दुरवापैः अरहजिनं भक्त्या ।।२।।

अन्वयार्थ- जो (हि) यथार्थ (विबुधपति-खगपति-नरपति-धनद-उरग भूत-यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर, चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेन्द्र, भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल्य सुख रूप हैं(विमल-निरूपम शिवम्) निर्मल हैं उपमातीत हैं, कल्याणरूप हैं(अनघं) निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरूम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ गुरू हैं, ऐसे (सम्प्राप्तम्) विशेषणों को प्राप्त (भक्त्या अरहजिनं नत्वा) भगवान अरहनाथ को भक्ति से नमस्कार करके (भव्यजन-तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यन्त दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः)गर्भादि पांच कल्याणकों के द्वारा (संस्तोष्ये) उन भगवान अरहनाथ की मैं स्तुति करुँगी।

फाल्गुन सित तृतियायां रेवती भा मध्यमाश्रिते शशिनि।
आयातः स्वर्गसुखं भुक्त्वा सर्वार्थांधीशः।।३।।

सुदर्शन नृपति तनयो भारतवास्ये कुरूहस्तिनापुरे।
देव्यां मित्र सेनायां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः।।४।।

अन्वयार्थ- (सर्वार्थाधीशः) सर्वार्थ सिद्धि विमान का स्वामी (विभुः) भगवान अरहनाथ का जीव (फाल्गुन सित तृतीयायां) फाल्गुन शुक्ल तृतीया के दिन (शशिनि) चन्द्रमा (रेवती-भामध्यम्-आश्रिते) रेवती नक्षत्र के मध्य में होने पर (स्वर्ग सुखं-भुक्त्वा) स्वर्ग के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष में (कुरूहस्तिनापुरे) कुरू क्षेत्र के हस्तिनापुर में (सु-स्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (मित्र सेनायां) मित्र सेना (देव्यां) देवी और (सुदर्शन नृपति-तनयः) सुदर्शन राजा का पुत्र (आयातः) हुआ।

मार्ग शुक्ल रोहिण्यां शशांक योगे दिने चतुर्दश्याम्।
जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सौम्येषु शुभलग्ने।।५।।
रोहिणी शशांके खलु मार्ग ज्योत्सने चतुर्दशी दिवसे।
पूर्वाण्हे रत्नघटै र्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्।।६।।

अन्वयार्थ- (मार्ग-शुक्ल-रोहिणी शशांक योगे चतुर्दश्याम् दिने) मगशिर सुदी चतुर्दशी के दिन रेवती नक्षत्र और चंद्र योग था (सौम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषु-जज्ञे) शुभग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे (शुभ लग्ने) शुभ लग्न था (शशांके रोहिण्याश्रिते) चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्र पर था तब (मार्ग ज्योत्सने) मार्ग शीर्ष की शुभ बेला में अरहनाथ का जन्म हुआ था (चतुर्दशी दिवसे) चतुर्दशी के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः) इंद्रों ने (रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) रत्नमय कलशों से उन अरहनाथ का अभिषेक किया।

भुक्त्वा कुमार काले सहस्र वर्षाण्यनंत गुणराशिः।
अमरोपनीत भोगान् मेघनाशाबोधितो त्वरितः॥७॥
नानाविधरूपचितां विचित्र कूटोच्छ्रितां मणि विभूषाम्।
वैजयन्ताख्य शिविकामारूह्य पुराद्विनिक्रान्तः॥८॥
मार्ग शुक्ल दशम्यां रेवती भामध्यमाश्रिते सोमे।
षष्टेन त्वपराण्हे भक्तेन जिनः प्रवव्राज॥९॥

अन्वयार्थ- जो (अनंत-गुण-राशिः) अनंत गुणों के राशि स्वरूप वे अरहनाथ (कुमार काले) कुमार काल अवस्था में २१ हजार वर्ष (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवों के द्वारा लाये गये भोगों को भोगकर (मेघनाशा अभिनिबोधितः) मेघनाश को देखकर वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरन्त (नानाविधरूपचितां) विविध प्रकार के चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र-ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची विशाल (मणि-विभूषाम्) मणियों से विभूषित (वैजयन्ताख्य शिविकाम्-आरूह्य) वैजयन्त नामक पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्क्रांतः) हस्तिनापुर नगर के बाहर निकल गये (मार्ग शुक्ल दशमी-रेवती भा मध्यमाश्रिते सोमे) मार्ग शुक्ल की दशमी के दिन जब चन्द्रमा रेवती नक्षत्र पर था। (षष्टेन भक्तेन तु अपराण्हे जिनः प्रवव्राज) दो दिनों का उपवास लेकर अपरान्ह में जिनेश्वरी दीक्षा धारण कर ली।

ग्रामपुर खेटकर्वटमटंब घोषाकरान्प्रविजहार।
उग्रैस्तपोविधानैः षोडसवर्षाण्यमरैः पूज्यः॥१०॥

अन्वयार्थ- (अमरैः पूज्यः) देवों से पूज्य मुनिराज अरहनाथ (उग्रैः तपोविधानैः) उग्र तपों के विधान से (षोडस-वर्षाणि)

सोलह वर्ष तक (ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटंब, घोषा-करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट- मटम्ब-घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

सहेतुक वनस्य मध्ये आम्रद्रुम संश्रिते शिलापट्टे।

अपराण्हे षष्ठेन स्थितस्य खलु हस्ति निकट ग्रामे॥११॥

अन्वयार्थ- (सहेतुक वनस्यमध्ये) सहेतुक वनके बीच में (खलु हस्ति निकट ग्रामे) हस्तिनापुर के पास (आम्रद्रुम संश्रिते शिलापट्टे) आम के वृक्ष के नीचे स्थित शिलापट्ट पर (अपराण्हे षष्ठेन स्थितस्य) अपरान्ह काल में दो दिन का उपवास ग्रहण कर विराजमान हो गए।

कार्तिक सित द्वादश्यां रेवती भामध्यमाश्रिते चंद्रे।

क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्॥१२॥

अन्वयार्थ- (कार्तिक सित द्वादश्यां) कार्तिक शुक्ल बारस के दिन (रेवती भा मध्यमाश्रिते चंद्रे) चन्द्रमा रेवती नक्षत्र पर था तब (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानम्) क्षपक श्रेणी पर आरूढ उन मुनिराज को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभिः कुसुमवृष्टिम्।

वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्॥१३॥

अन्वयार्थ- वहाँ ३ योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुंदुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगन्धित सुमनों की वर्षा (वर-चामर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दस विधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।

देशयमानो व्यवहरं सहस्रवर्षाणि जिनेन्द्रः॥१४॥

अन्वयार्थ- केवलज्ञान के पश्चात् (जिर्नेद्रः) भगवान अरहनाथ (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनिधर्मका (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्म) ग्यारह प्रतिमा रूप श्रावक धर्मका (देशयमानः) उपदेश देते हुए (सहस्रवर्षाणि) २०९८४ वर्षकाल तक (व्यवहरत्) विहार किया।

अथ भगवान संप्रापद् दिव्यं सम्मेद पर्वतं रम्यम्।

चातुर्वर्ण्य सुसंघस्तत्राभूद् कुम्भगण प्रभृति॥१५॥

अन्वयार्थ- (अथ) धर्मोपदेश और समवशरण के विघटन के पश्चात् (भगवान) भगवान अरहनाथ (दिव्यं रम्यं सम्मेद पर्वतं सम्प्रापत्) विशाल सुंदर मनोज्ञ ऐसे सम्मेद शिखर पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ(कुम्भगण प्रभृति) साथ में कुंभगण स्वामी को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका रूपचार प्रकार का संघ था।

पद्मवनदीर्घिका कुल विविध द्रुमखण्ड मंडितेरम्ये।

नाटककूटोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः॥१६॥

अन्वयार्थ- (सः मुनिः) वे भगवान (पद्मवन-दीर्घिकाकुल-विविध-द्रुम-खण्ड-मण्डिते) कमलवन और अनेक प्रकारों के वृक्षों से शोभायमान (नाटक कूटोद्याने) नाटककूट के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग से स्थित हो गये।

चैत्रासित अमावस्यां रेवतीमृक्षे निहत्य कर्मरजः।

अवशेषं संप्रापत्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्॥१७॥

अन्वयार्थ- (चैत्रासित अमावस्यां) चैत्र अमावस्या के दिन

(रेवती मृक्षे) रेवती नक्षत्र के काल में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मों का क्षय करके (व्यजरम्-अमरम् अक्षयम् सौख्यम्) निर्दोष अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को (सम्प्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधह्यथाशु चागम्य।
देवतरू रक्त चंदन कालागरू सुरभिगोशीर्षैः।।१८।।
अग्नीन्द्राज्जिन देहं मुकुटानल सुरभि धूपवरमाल्यैः।
अभ्यर्च्य गणधरानपि गतादिवं खं च वनभवने।।१९।।

अन्वयार्थ- (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) अरहनाथ जिनेन्द्र को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इंद्र आदि देवों ने (आशु-आगम्य) शीघ्र आकरके (देवतरू-रक्त-चंदन-कालागरू-सुरभिगोशीर्षैः) देवदारू, लाल चंदन, कालागरू और सुगंधित गोशीर्ष-चंदनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नि कुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल- सुरभि- धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नि सुंगन्धित धूप तथा उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेंद्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरानपि अभ्यर्च्य) गणधरों की भी पूजा की इसके बाद (गता दिवं खं च-वन भवने) वैमानिक देव स्वर्ग को, ज्योतिषी देव आकाश को, व्यन्तर देव वन को तथा भवनवासी देव भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति अरहजिन चंद्रे
यः स्तोत्रं पठति सुसंध्ययो र्द्वयोर्हि।
सोऽनंतं परम सुखं नृ देव लोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति।।२०।।

अन्वयार्थ- (इति एवं) इस प्रकार (भगवति अरहजिन चंद्रे) भगवान अरहनाथ (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों हि (सुसंध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृ-देवलोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनंतं शिवपदं) अविनाशी शाश्वत ऐसे मोक्ष को (प्रयाति) पाता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाण भूमिरिह भारत वर्ष जानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रिययावचोभिः,
संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमिभक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ- (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्षजानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां, निर्वाणभूमिः) अर्हन्तों की तीर्थंकरों की, गणधरों की, श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियां हैं। (संस्तोतुम्-उद्यत-मतिः) उन की स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्तिपूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया-वचोभिः) शुद्ध योगों से (परिणौमि) नमस्कार करती हूँ ।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानसकरैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः,
संप्रार्थिता वयमिमे परमांगतिं ताः॥२२॥

अन्वयार्थ- (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूँथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मन रूपी हाथों में ग्रहण करके

(अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृतियुता पर्येम) भगवन्तों की निर्वाण भूमियों की सादर परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे उत्तम मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः
पण्डोः सुताः परमनिर्वृत्तिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा,
नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वत तले वर सिद्ध कूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रिबलाहके च
विन्ध्ये च पोदन पुरे वृषदीपके च ॥२४॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्य भूवन्॥२५॥

अन्वयार्थ- (दमित अरिपक्षाः पण्डोः सुताः) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्-अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहितः बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्र मुनि तुड्.गगिरि से तथा (जितरिपुः सुवर्णभद्रः) कर्म विजेता मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) चेलना नदी के किनारे से (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रवल-कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मुक्तागिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के नीचे से (वर-सिद्धकूटे)

सिद्धवर कूट से (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल तथा बलाहक पर्वत (विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले)सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे-हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत से (ये साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षयकर (सुगतिं प्रयाताः) उत्तम सिद्ध हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेन लोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयाति यद्वत्।
तद्वच्च पुण्य पुरुषै रूषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि ॥२६॥

अन्वयार्थ- (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रसपृक्त गुणेन) गन्ने के रस से निर्मित (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है। (तद्वत् च) उसी प्रकार (पुण्य पुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृति भूमि देशाः।
ते मे जिना जितमया मुनयश्च शांताः
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥२७॥

अन्वयार्थ- (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र)

यहाँ- (अंर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शांताः मुनयः च) वे निर्भय तीर्थंकर जिन और शांत मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्यसौख्याम् सुगतिं दिश्यासु) निर्दोष सुख से युक्त उत्तम मोक्ष गति को प्राप्त कराने वाले हों।

-क्षेपक श्लोक -

शांति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।
उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजाः॥१॥

अन्वयार्थ- (शांतिकुन्थु-अर-कौरव्या) शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में (नेमि सुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथ जी उग्रवंश में तथा महावीर नाथवंश में (शेषा इक्ष्वाकु वंशजाः) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकु वंश में पैदा हुए हैं।

- अंचलिका -

इच्छामि भंते! परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मि चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए सद लक्ख कोडी सहस्स कोडी वस्समुच्चा एगड्ढं पल्लूण तेत्तीसा तिहत्तरि णव सद सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि सम्मेए पव्वए चैत किण्ह अमावस्साए पुव्वण्हे रेवती णक्खत्ते भयवदो अरह जिणो सिद्धिं गदो। तिसुवि लोएसु भवण वासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण

पुप्फेण दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वंदंति, णमस्संति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति। अहमवि इहसंतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि, पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगई गमणं समाहि मरणं जिण गुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवन! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति से संबंधित कायोत्सर्ग किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उसकी आलोचना करने की इच्छा करती हूँ। (चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए) चौथे काल के मध्य भाग में (सद लक्ख कोडी सहस्स कोडी वस्समुच्चा एगड्ढं पल्लूण तेत्तीस तिहत्तरि णवसद सागरोवम वस्सहीणे वास चउक्कम्मि सेसकालम्मि) १०० लाख कोडी एक हजार करोड वर्ष काल छोड़कर डेढ पल्य कम ३३७३९०० सागरोपम काल के व्यतीत हो जाने पर तथा चौथे काल के शेष रहने पर (सम्मेए पव्वए चैत किण्ह अमावस्साए पुव्वण्हे रेवती णक्खत्ते भयवदो अरहजिणो सिद्धिं गदो) सम्मेद शिखर पर्वत से चैत्र मास कृष्ण पक्ष अमावस्या की प्रातः काल रेवती नक्षत्र के रहते हुए अरहनाथ भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए (तिसुविलोएसु भवणवासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्य गंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य,

दिव्यदीप, दिव्यधूप, दिव्यफलों के द्वारा (णिच्चकाल अच्चंति पुज्जंति वंदंति णमस्संति परिणिव्वाण- महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चना करते हैं, पूजा करते हैं, वंदना करते हैं, नमस्कार करते हैं, परिनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं (अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करती हूँ, पूजा करती हूँ, वंदना करती हूँ, नमस्कार करती हूँ (दुक्खक्खओ कम्मक्खओ, बोहिलाओ, सुगईगमणं, समाहि मरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो सुगति में गमन हो, समाधि मरण हो (जिणगुण-सम्पत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनेन्द्र देव के गुणरूपी सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

"इति"

अरहनाथ भगवान की पूजा एवं टोंक वन्दना

(छप्पय छंद, वीर रस, रूपकालंकार)

तप तुरंग असवार धार, तारन विवेक कर।
ध्यान शुकल असिधार शुद्ध सुविचार सुबखतर।।
भावन सेना, धर्म दशों सेनापति थापे।
रतन तीन धरि सकति, मंत्रि अनुभो निरमापे।।
सत्तातल सोहं सुभटि धुनि, त्याग केतु शत अग्र धरि।
इहविध समाज सज राज को, अर जिन जीते कर्म अरि।

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्
ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्

सन्निधिकरणम्।

अष्टक

छंद त्रिभंगी अनुप्रयासक (मात्रा ३२, जगणवर्जित)

कनमनिमय झारी, दृग सुखकारी, सुर सरितारी नीर भरी।
मुनिमन सम उज्जवल, जनम जरादल, सो ले पदतल धार करी।।
प्रभु दीन दयालं, अरिकुल कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन मालं, वरभालं।।

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा।१।

भवताप नशावन, विरद सुपावन, सुनि मन भावन, मोद भयो।
तातैं घसि बावन, चंदनपावन, तुमहिं चढ़ावन, उमगि अयो।।प्रभु०

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दनं नि० स्वाहा।।२।।

तंदुल अनियारे, श्वेत सँवारे, शशिदुति टारे, थार भरे।
पद अखय सुदाता, जगविख्याता, लखि भवत्राता पुंजधरे।।प्रभु०

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्तये अक्षतान् नि० स्वाहा।।३।।

सुरतरू के शोभित, सुरन मनोभित, सुमन अछोभित ले आयो
मनमथ के छेदन, आप अवेदन, लखि निरवेदन गुन गायो।।प्रभु०

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं नि० स्वाहा।।४।।

नेवज सज भक्षक प्रासुक अक्षक, पक्षक रक्षक स्वच्छ धरी।
तुम करम निकक्षक, भस्म कलाक्षक, दक्षक पक्षक रक्ष करी।।
प्रभु दीन दयालं, अरिकुल कालं, विरद विशालं सुकुमालं।
हरि मम जंजालं, हे जगपालं, अरगुन मालं, वरभालं।।

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि० स्वाहा।।५।।

तुम भ्रमतम भंजन मुनिमन कंजन, रंजन गंजन मोह निशा।
रवि केवलस्वामी दीप जगामी, तुम ढिग आमी पुण्य दृशा।।प्रभु०

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि० स्वाहा।।६।।

दशधूप सुरंगी गंध अभंगी वह्नि वरंगी माहिं हवें।
वसुकर्म जरावें धूम उड़ावें, ताँडव भावें नृत्य पवें।।प्रभु०

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं नि० स्वाहा।।७।।

रितुफल अतिपावन, नयन सुहावन, रसना भावन, कर लीने।
तुम विघन विदारक, शिवफलकारक, भवदधि तारक चरचीने।प्रभु०

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्व० स्वाहा।८।

सुचि स्वच्छ पटीरं, गंधगहीरं, तंदुलशीरं, पुष्प-चरुं।
वर दीपं धूपं, आनंदरूपं, ले फल भूपं, अर्घ करुं।।प्रभु०

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्त्ये अर्घ्यं निर्व० स्वाहा।६।

पंच कल्याणक अर्घ्यावली
(छंद चौपाई (मात्रा १६)

फागुन सुदी तीज सुखदाई, गरभ सुमंगल ता दिज पाई।
मित्रादेवी उदर सु आये, जजे इन्द्र हम पूजन आये ।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्ला तृतीयायां गर्भमंगलप्राप्ताय श्रीअरहनाथ जि०अर्घ्यं निर्व०।१।

मँगसिर शुक्ल चतुर्दशि सोहे, गजपुर जनम भयो जग मोहे।
सुर गुरू जजे मेरू पर जाई, हम इत पूजें मनवचकाई।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला चतुर्दश्यां जन्ममंगल प्राप्ताय श्री अरह०अर्घ्यं नि०।।२।।

मंगसिर सित दसमी दिन राजे, ता दिन संजम धरे विराजै।
अपराजित घर भोजन पाई, हम पूजें इत चित हरषाई।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ला दशम्यां तपोमंगल प्राप्ताय श्री अर०अर्घ्यं नि०।।३।।

कार्तिक सित द्वादशि अरि चूरे, केवलज्ञान भयो गुन पूरे।
समवसरन तिथि धरम बखाने, जजत चरन हम पातक भाने।।

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ला द्वादश्यां ज्ञानमंगलप्राप्ताय श्री अर०अर्घ्यं नि०।।४।।

चैत कृष्ण अमावसी सब कर्म, नाशि वास किय शिव-थल पर्म।
निहचल गुन अनंत भंडारी, जजौं देव सुधि लेहु हमारी।।
ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा अमावस्यायां मोक्षमंगलप्राप्ताय श्री अर०अर्घ्यं नि०।।५।।

जयमाला

(दोहा छन्द-जमकपद तथा लाटानुबंध)

बाहर भीतर के जीते, जाहर अर दुखदाय।
ता हर कर अर जिन भये, साहर शिवपुर राय।१।
राय सुदरशन जासु पितु, मित्रादेवी माय।
हेमवरन तन वरष वर, नव्वै सहस सुआय।२।

(छन्द तोटक-वर्ण १२)

जय श्रीधर श्रीकर श्रीपति जी, जय श्रीवर श्रीभर श्रीमति जी।
भवभीम भवोदधि तारन हैं, अरनाथ नमों सुखकारन हैं।३।
गरभादिक मंगल सार धरे, जग जीवनि के दुखदंद हरे।
कुरूवंश शिखामनि तारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।४।
करि राज छखंड विभूति मई, तप धारत केवलबोध ठई।
गण तीस जहाँ भ्रमवारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।५।
भविजीवन को उपदेश दियो, शिवहेत सबै जन धारि लियो।
जग के सब संकट टारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।६।
कहि बीस प्ररूपन सार तहाँ, निजशर्म सुधारस धार जहाँ।
गति चार हृषीपन धारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।७।
षट काय तिजोग तिवेद मथा, पनवीस कषा वसु ज्ञान तथा।
सुर संजम भेद पसारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।८।
रस दर्शन लेश्या भव्य जुगं, षट सम्यक् सैनिय भेद युगं।
जुग हार तथा सु अहारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।९।

गुनथान चतुर्दस मारगना, उपयोग दुवादश भेद भना।
इमि बीस विभेद उचारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।१०।
इन आदि समस्त बखान कियो, भवि जीवनि ने उर धार लियो।
कितने शिववादिन धारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।११।
फिर आप अघाति विनाश सबै, शिवधाम विषै थित कीन तबै।
कृतकृत्य प्रभू जगतारन हैं, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।१२।
अब दीनदयाल दया धरिये, मम कर्म कलंक सबै हरिये।
तुमरे गुन को कछु पार न है, अरनाथ नमौं सुखकारन हैं।१३।

घत्तानन्द छन्द (मात्रा ३१)

जय श्रीअरदेवं, सुरकृतसेवं, समताभेवं, दातारं।
अरिकर्म विदारन, शिवसुखकारन, जयजिनवर जग त्रातारं।।

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

छन्द आर्या

अर जिन के पदसारं, जो पूजै द्रव्य भाव सों प्राणी।
सो पावै भवपारं, अजरामर मोक्षथान सुखखानी।

इत्याशीर्वादः (पुष्पांजलिं क्षिपेत्)।

अरहनाथ जिनराज का, नाटक कूट है जेह।
मन वच तन कर पूजहूँ, शिखर सम्मेद यजेह।।

ॐ ह्रीं श्रीअरहनाथ जिनेन्द्रादि मुनिः नवनवति कोटिः नवनवति लक्ष नवनवति सहस्र नवशत नवनवति नाटक कूटतः मोक्षंगतः तान् चरणानहं योगैः पुनः पुनः नमस्करोमि जलाद्यर्घ्यं निर्वापामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्याय नमः

श्री मल्लिनाथ निर्वाण भक्ति

विबुधपति-खगपति नरपति धनदोरग भूत यक्षपतिमहितम्।

अतुल सुख विमल निरूपम शिवमचलमनामयं हि संप्राप्तम्॥१॥
कल्याणै: संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परम गुरूम्।
भव्यजनतुष्टि जननै दुरवापै: मल्लिजिनं भक्त्या ॥२॥

अन्वयार्थ- जो (हि) यथार्थ (विबुधपति-खगपति-नरपति-धनद-उरग भूत-यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर, चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेन्द्र, भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल्य सुख स्वरूप हैं(विमल-निरूपम शिवम्) निर्मल हैं उपमातीत हैं, कल्याणस्वरूप हैं(अनघं) निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरूम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ गुरू हैं, (सम्प्राप्तम्) ऐसे विशेषणों को प्राप्त (भक्त्या मल्लिजिनं नत्वा) उन मल्लिनाथ भगवान को भक्तिपूर्वक नमस्कार करके (भव्यजन-तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यन्त दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः)गर्भादि पांच कल्याणकों के द्वारा (संस्तोष्ये) मैं उन मल्लिनाथ भगवान की स्तुति करुँगी।

चैत्र सित प्रतिपदायां अश्विनी भा मध्यमाश्रिते शशिनि।
आयातः स्वर्गसुखं भुक्त्वा अपराजिताधीशः॥३॥
कुम्भ श्री नृपति तनयो भारतवास्ये अंग मिथिलापुरे।
देव्यां श्री प्रभावत्यां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ- (अपराजिताधीशः) अपराजित विमान का स्वामी (विभुः) भगवान मल्लिनाथ का जीव (चैत्र शुक्ल प्रतिपदायां) चैत्र सुदीएकम के दिन (शशिनि) चंद्रमा (अश्विनी भामध्यम्-आश्रिते) अश्विनी नक्षत्र के मध्य में था तब (स्वर्ग सुखं भुक्त्वा) सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष में

(अंग मिथिलापुरे) अंग क्षेत्र के मिथिलापुर नगर में (सु-स्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (प्रभावत्यां) प्रभावती (देव्यां) देवी (कुम्भ नृपति -तनयः) कुम्भराज राजा का पुत्र (आयातः) हुआ।

मार्गशीर्ष अश्विन्यां शशांक योगे दिने एकादश्याम्।
जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सौम्येषु शुभलग्ने।।५।।
अश्विन्यामाश्रिते शशांके मार्ग सित एकादशी दिवसे।
पूर्वाण्हे रत्नघटै र्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्।।६।।

अन्वयार्थ- (मार्गशीर्ष अश्विन्यां शशांकयोगे एकादश्यां दिवसे) अगहन सुदी एकादशी के दिन अश्विनी नामक नक्षत्र के साथ चन्द्रयोग था (सौम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषु जज्ञे) शुभ ग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे (शुभ लग्ने) शुभ लग्न था (शशांके अश्विन्यामाश्रिते) चन्द्रमा अश्विनी नक्षत्र पर था (मार्गशीर्ष) मार्गशुक्ल पक्ष की शुभ बेला में मल्लिनाथ का जन्म हुआ था (एकादशी दिवसे) एकादशी के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः) इंद्रों ने (रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) रत्नमय कलशों से अभिषेक किया।

भुक्त्वा कुमार काले शतैक वर्षाण्यनंत गुणराशिः।
अमरोपनीत भोगान् विद्युत्पाता बोधितोत्वरितः।।७।।
नानाविधरूपचितां विचित्र कूटोच्छ्रितां मणि विभूषाम्।
जयंताख्यशिविकामारूह्य पुराद्विनिःक्रान्तः।।८।।
मार्गशिर एकादश्यां अश्विनी भा मध्यमाश्रिते सोमे।
षष्ठेन पूर्वाण्हे तु भक्तेन जिनः प्रवव्राज।।९।।

अन्वयार्थ- जो (अनंत-गुण-राशिः) अनंत गुणों के राशि

स्वरूप वे मल्लिनाथ (कुमार काले) कुमार काल अवस्था में (शतैक वर्षाणि) १०० वर्ष तक (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवोपुनीत भोगों को भोगकर (विधुत्पाता अभिनिबोधितः) बिजली के नाश को देखकर वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरन्त(नानाविधरूपचितां) विविध प्रकार के चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र-ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची विशाल (मणि-विभूषाम्) मणियों से विभूषित (जयंताख्य शिविकाम्-आरूह्य) जयंत पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्क्रांतः) मिथिलापुर के बाहर निकल गये। (मार्गशिर एकादशी अश्विनी भा मध्यम्-आश्रिते) मार्ग माह की एकादशी के शुभ दिन जब चन्द्रमा अश्विनी नक्षत्र पर स्थित था उन्होंने(षष्टेन भक्तेन जिनः प्रवव्राज) बेला का नियम लेकर (तु-अपराण्हे) अपरान्ह काल में जिनेश्वरी निर्ग्रंथ दीक्षा धारणकर ली।

ग्रामपुर खेटकर्वटमटंब घोषाकरान्प्रविजहार।
उग्रैस्तपोविधानैः षट् दिनान्यामरैः पूज्यः॥१०॥

अन्वयार्थ- (अमरैः पूज्यः) देवों से पूज्य मुनिराज मल्लिनाथ (उग्रैः तपोविधानैः) उग्र तपों के विधान से (षट् दिनानि) छह दिन तक (ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटंब, घोषा-करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट- मटम्ब-घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

श्वेतवनस्यमध्ये तु अशोकद्रुम संश्रिते शिलापट्टे।
पूर्वाण्हे षष्ठेन स्थितस्य खलु मिथिलानिकट ग्रामे॥१।

अन्वयार्थ- (श्वेत वनस्यमध्ये) श्वेतवन के मध्य में (खलु मिथिला निकट ग्रामे) मिथिलापुर के निकट ग्राम में (अशोक द्रुम

संश्रिते शिलापट्टे) अशोक वृक्ष के नीचे स्थित शिलापट्ट पर (पूर्वाण्हे षष्ठेन स्थितस्य) प्रातः बेला का नियम ले स्थित हुए।

मार्गसित एकादश्यां अश्विनी भा मध्यमाश्रिते चंद्रे।
क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्।।१२।।

अन्वयार्थ- (मार्गसित एकादश्यां) मार्ग शुक्ल एकादशी के दिन (अश्विनी भा मध्यम्-आश्रिते चंद्रे) जब चन्द्रमा अश्विनी नक्षत्र पर था (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानम्) तब क्षपक श्रेणी पर आरूढ उन मल्लिनाथ मुनिराज को केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभिः कुसुमवृष्टिम्।
वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्।।१३।।

अन्वयार्थ- वहाँ ३ योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुंदुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगन्धित सुमनों की वर्षा (वर-चामर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दस विधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।
देशयमानो व्यवहरं अनेकवर्षाणि खलु जिनेन्द्रः।।१४।।

अन्वयार्थ- (अथ) केवलज्ञान के पश्चात् (जिनेंद्रः) भगवान मल्लिनाथ (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनिधर्मका (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्म) ग्यारह प्रतिमा रूप श्रावक धर्म का (देशयमानः) उपदेश देते हुए (अनेकवर्षाणि) ४ दिन कम ५४९०० वर्ष तक (व्यवहरत्) विहार किया।

अथ भगवान संप्रापद् दिव्यं सम्मेद पर्वतं रम्यम्।
चातुर्वर्ण्य सुसंघस्तत्राभूद् विशाखा प्रभृति।।१५।।

अन्वयार्थ- (अथ) धर्म सभा की समाप्ति के पश्चात् (भगवान) भगवान मल्लिनाथ (दिव्यं रम्यं सम्मेद पर्वतं संप्रापत्) विशाल सुन्दर मनोज्ञ ऐसे सम्मेद शिखर पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ (विशाखा प्रभृति) साथ में विशाखा स्वामी आदि को लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका रूपचार प्रकार का संघ था।

पद्मवनदीर्घिका कुल विविध द्रुमखण्ड मंडितेरम्ये।
सम्बल कूटोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः।।१६।।

अन्वयार्थ- (सः मुनिः) वे मल्लिनाथ (पद्मवन दीर्घिकाकुल-विविध-द्रुम खण्ड-मण्डिते) कमलवन और अनेक प्रकारों के वृक्षों से शोभित (सम्बल कूटोद्याने) संबल कूट के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग मुद्रा में स्थित हो गये।

फाल्गुन शुक्ल पंचम्यां भरणीनामृक्षे निहत्यकर्मरजः।
अवशेषं संप्रापद्व्यजरामर मक्षयं सौख्यम्।।१७।।

अन्वयार्थ-(फाल्गुन शुक्ल पंचभ्यां) फाल्गुन शुक्ल पंचमी के दिन (भरणीनामृक्षे) भरणी नक्षत्र के काल में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मो का क्षय करके (व्यजरम्-अमरम् अक्षयम् सौख्यम्) निर्दोष अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को (सम्प्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधह्यथाशु चागम्य।
देवतरू रक्त चंदन कालागरू सुरभिगोशीर्षैः।।१८।।
अग्नीन्द्राज्जिन देहं मुकुटानल सुरभि धूपवरमाल्यैः।

अभ्यर्च्य गणधरानपि-गतादिवं खं च वनभवने॥१९॥

अन्वयार्थ- (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) मल्लिनाथ भगवान को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) चारों निकाय के देवों ने (आशु-आगम्य) शीघ्र आकर के (देवतरू-रक्त-चंदन-कालागरू-सुरभिगोशीर्षैः) देवदारू, लाल चंदन, कालागरू और सुगंधित गोशीर्ष-चंदनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नि कुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि-धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नि सुगंधित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेंद्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरानपि अभ्यर्च्य) गणधरों की भी पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वन गता भवने)वैमानिक देव स्वर्ग को, ज्योतिषी देव आकाश को, व्यन्तर देव वन को तथा भवनवासी देव भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति मल्लिजिनेश चंद्रे
य: स्तोत्रं पठति सुसंध्ययो र्द्वयोर्हि।
सोऽनंतं परम सुखं नृ देव लोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति॥२०॥

अन्वयार्थ- (इति एवं) इस प्रकार (भगवति मल्लि जिन चंद्रे) मल्लिनाथ (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों हि (सुसंध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृ-देवलोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनंतं शिवपदं) अविनाशी शाश्वत ऐसे मोक्ष को (प्रयाति) पाता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,

निर्वाण भूमिरिह भारत वर्ष जानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रिययावचोभिः,
संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमिभक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ- (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्षजानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां, निर्वाणभूमिः) अर्हंतों की तीर्थंकरों की गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियां हैं। (संस्तोतुम्-उद्यत-मतिः) उन की स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्तिपूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया-वचोभिः) शुद्ध योगों से (परिणौमि) नमस्कार करती हूँ।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानसकरैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः,
संप्रार्थिता वयमिमे परमांगतिं ताः॥२२॥

अन्वयार्थ- (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूँथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मन रूपी हाथों में ग्रहण करके (अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृति युता पर्येम) भगवन्तों की निर्वाण भूमियों की सादर परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः
पण्डोः सुताः परमनिर्वृत्तिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा,

नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वत तले वर सिद्ध कूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रिबलाहके च
विन्ध्ये च पोदन पुरे वृषदीपके च ॥२४॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्य भूवन्॥२५॥

अन्वयार्थ- (दमित अरिपक्षाः पण्डोः सुताः) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्-अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहितः बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्र मुनि तुङ्.गगिरि से तथा (जितरिपुः सुवर्णभद्रः) कर्म विजेता मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) चेलना नदी के किनारे से (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रबल-कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मुक्तागिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के नीचे से (वर-सिद्धकूटे) सिद्धवर कूट से (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल तथा बलाहक पर्वत से (विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले) सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे-हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत से (ये साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षयकर (सुगतिं प्रयाताः) उत्तम

मोक्ष को प्राप्त हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेन लोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयाति यद्वत्।
तद्वच्च पुण्य पुरुषै रूषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि ॥२६॥

अन्वयार्थ- (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रसपृक्त गुणेन) गन्ने के रस से निर्मित (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है। (तद्वत् च) उसी प्रकार (पुण्य पुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृति भूमि देशाः।
ते मे जिना जितमया मुनयश्च शांताः
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥२७॥

अन्वयार्थ- (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ-(अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शांताः मुनयः च) वे निर्भय तीर्थंकर जिन और शांत मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्यसौख्याम् सुगतिं दिश्यासु) निर्दोष सुख से युक्त उत्तम मोक्ष गति को प्राप्त कराने वाले हों।

शांति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।

उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजाः॥१॥

अन्वयार्थ- (शांतिकुन्थु-अर-कौरव्या) शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में (नेमि सुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथ जी उग्रवंश में तथा महावीर नाथवंश में (शेषा इक्ष्वाकु वंशजाः) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकु वंश में पैदा हुए हैं।

- अंचलिका -

इच्छामि भंते! परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मि चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए सद लक्ख कोडी एग सड्ढं पल्लूण तेत्तीसा तिहत्तरि णवसद सागरोवम वस्स हीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि सम्मेए पव्वए फागुण सुक्क पक्ख पंचमी अपराण्हे भरणीए णक्खत्ते भयवदो मल्लिजिणो सिद्धिं गदो। तिसुवि लोएसु भवण वासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वंदंति, णमंस्संति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति। अहमवि इहसंतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि, पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगई गमणं समाहि मरणं जिण गुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवान! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ) परिनिर्वाण भक्ति संबंधी कायोत्सर्ग किया (तस्सालोचेउं इमम्मि) उसकी आलोचना करने की इच्छा

करती हूँ। (चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए) चौथेकाल के मध्य भाग में (सद लक्ख कोडी एग सड्ढं पल्लूण तेत्तीस तिहत्तरि णवसद सागरोवम) १०० लाख कोडी डेढ़ पल्य कम ३३७३९०० सागरोपम काल (वस्सहीणे वास चउक्कम्मि सेसकालम्मि) व्यतीत होने पर शेष चौथे काल का समय अवशेष रहने पर (सम्मेए पव्वए फागुण सुक्क पंचमी अपराण्हे भरणीए णक्खत्ते भयवदो मल्लिजिणो सिद्धिं गदो) सम्मेद शिवर पर्वत से फाल्गुण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन अपरान्ह काल में भरणी नक्षत्र के रहते हुए मल्लिनाथ भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए। (तिसुविलोएसु भवणवासिए वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चारों प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्यगंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य, दिव्य दीप, दिव्य धूप, दिव्य फलों के द्वारा(णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वंदंति, णमंस्संति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति) नित्यकाल अर्चा करते हैं, पूजा करते हैं, वन्दना करते हैं, नमस्कार करते हैं, परमनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं (अहमवि इहसंतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि, पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करती हूँ, पूजा करती हूँ, वंदना करती हूँ, नमस्कार करती हूँ, (दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगई गमणं समाहिमरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, बोधि (रत्नत्रय) की प्राप्ति हो, सुगति में

गमन हो, समाधि मरण हो (जिण गुण सम्पत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनेन्द्र देव के गुणरूपी सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

"इति"

मल्लिनाथ भगवान की पूजा एवं टोंक वन्दना

(छंद रोड़क)

अपराजित तें आय नाथ मिथलापुर जाये।
कुंभराय के नन्द, प्रभावति मात बताये।
कनक वरन तन तुंग, धनुष पच्चीस विराजे।
सो प्रभु तिष्ठहु आय निकट मम ज्यों भ्रम भाजे।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथ जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक

छंद - जोगीरासा (मात्रा २८)

सुर-सरिता-जल उज्जवल लेकर, मनिभृंगार भराई।
जनम जरामृतु नाशन कारन, जजहुँ चरन जिनराई।।
राग-दोष-मद-मोह हरन को, तुम ही हो वरवीरा।
यातें शरन गही जगपति जी, वेगि हरो भवपीरा।।

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा।१।

बावनचंदन कदली नंदन, कुंकुमसंग घिसायो।
लेकर पूजौं चरनकमल प्रभु, भवआताप नसायो।।
राग-दोष-मद-मोह हरन को, तुम ही हो वरवीरा।
यातें शरन गही जगपति जी, वेगि हरो भवपीरा।।

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्व० स्वाहा।२।

तंदुल शशिसम उज्जवल लीने, दीने पुंज सुहाई।
नाचत गावत भगति करत ही, तुरित अखैपद पाई।।राग०

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्व० स्वाहा।३।

पारिजात मंदार सुमन, संतान जनित महकाई।
मार सुभट मद भंजनकारन, जजहुँ तुम्हें शिरनाई।।राग०

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्व० स्वाहा।४।

फेनी गोझा मोदन मोदक, आदिक सद्य उपाई।
सो लै छुधा निवारन कारन जजहुँ चरन लवलाई।।राग०

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्व०स्वाहा।५।

तिमिरमोह उरमंदिर मेरे, छाय रहयो दुखदाई।
तासु नाश कारन को दीपक, अद्भुत जोति जगाइ।।राग०

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्व०।६।

अगर तगर कृष्णागर चंदन चूरि सुगंध बनाई।
अष्टकरम जारन को तुम ढिग, खेवत हौं जिनराई।।राग०

ॐ ह्रीं श्री मल्लिलनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्व० स्वाहा।७।

श्रीफल लौंग बदाम छुहारा, एला केला लाई।
मोक्ष महाफल दाय जानिके, पूजैं मन हरखाई।।राग०

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्व० स्वाहा।८।

जल फल अरघ मिलाय गाय गुन, पूजौं भगति बढ़ाई।
शिवपदराज हेत हे श्रीधर, शरन गहो मैं आई।।
राग-दोष-मद-मोह हरन को, तुम ही हो वरवीरा।
यातें शरन गही जगपति जी, वेगि हरो भवपीरा।।

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्व० स्वाहा।९।

पंचकल्याणक अर्घ्यावली
(लक्ष्मीधरा छन्द-१२ वर्ण)

चैत की शुद्ध एकैं भली राजई, गर्भकल्यान कल्यान को छाजई।
कुंभराजा प्रभावति माता तने, देवदेवी जजे शीश नाये घने।

ॐ ह्रीं चैत्र शुक्ला प्रतिपदायां गर्भमंगल मण्डिताय श्रीमल्लि०जि० अर्घ्यं निर्व०।१।

मार्गशीर्षे सुदी ग्यारसी राजई, जन्मकल्यान को द्यौस सो छाजई।
इन्द्र नागेंद्र पूजें गिरिंदजी जिन्हें, मैं जजौं ध्याय के शीश नावौं तिन्हें।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्ष-शुक्लैकादश्यां जन्ममंगल मण्डिताय श्री मल्लि०जि० अर्घ्यं निर्व०।२।

मार्गशीर्षे सुदीग्यारसीके दिना, राजको त्याग दीच्छा धरी है जिना।
दान गोछीरको नन्दसेने दयो, मैं जजौं जासु के पंच अचरज भयो।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्ष-शुक्लैकादश्यां तपोमंगल प्राप्ताय श्रीमल्लि० अर्घ्यं निर्व०।३।

पौष की श्याम दूजी हने घातिया, केवलज्ञान साम्राज्यलक्ष्मी वर लिया।
धर्मचक्री भये सेव शक्री करें, मैं जजौं चर्न ज्यों कर्म वक्री टरें।।

ॐ ह्रीं पौषकृष्णाद्वितीयायां केवलज्ञान प्राप्ताय श्रीमल्लि० अर्घ्यं निर्व०।४।

फाल्गुनी सेत पांचैं अघाती हते, सिद्ध आलै बसै जाय सम्मेदतें।
इन्द्रनागेन्द्र कीन्ही क्रिया आयके, मैं जजौं शिव मही ध्यायके गायके।

ॐ ह्रीं फाल्गुन-शुक्ला-पंचम्यां मोक्षमंगल प्राप्ताय श्रीमल्लि० अर्घ्यं नि०।५।

जयमाला
घत्तानन्द छन्द (३२ मात्रा)

तुअ नमित सुरेशा, नर नागेशा, रजत नगेशा भगति भरा।
भवभयहरनेशा, सुखभरनेशा, जै जै जै शिव-रमनिवरा।१।

पद्धरि छन्द (मात्रा १६ लघ्वन्त)

जय शुद्ध चिदातम देव एव, निरदोष सुगुन यह सहज टेव।
जय भ्रमतम भंजन मारतंड, भवि भवदधि तारन को तरंड।२।

जय गरभ जनम मंडित जिनेश, जय छायक समकित बुद्धभेस।
चौथे किय सातों प्रकृतिछीन, चौ अनंतानु मिथ्यात तीन।३।
सातंय किय तीनों आयु नास, फिर नवें अंश नवमें विलास।
तिन माहिं प्रकृति छत्तीस चूर, या भाँति कियो तुम ज्ञानपुर।४।
पहिले महं सोलह कहँ प्रजाल, निद्रानिद्रा प्रचलाप्रचाल।
हनि थानगृद्धि को सकल कुब्ब, नर तिर्यग्गति गत्यानुपुब्ब।५।
इक बे ते चौ इन्द्रीय जात, थावर आतप उद्योग घात।
सूच्छम साधारन एक चूर, पुनि दुतिय अंश वसु करयो दूर।६।
चौथे प्रत्याप्रत्याख्यान चार, तीजे सु नपुंसक वेद टार।
चौथे तियवेद विनाशकीन, पाँचें हास्यादिक छहों छीन।७।
नर वेद छठें छय नियत धीर, सातयें संज्ज्वलन क्रोध चीर।
आठवें संज्ज्वलन मान भान, नवमें माया संज्ज्वलन हान।८।
इमि घात नवें दशमें पधार, संज्ज्वलन लोभ तित हू विदार।
पुनि द्वादशके द्वय अंश माहिं, सोलह चकचूर किये जिनाहिं।९।
निद्रा प्रचला इक भाग माहिं, दुति अंश चतुर्दश नाश जाहिं।
ज्ञानावरनी पन दरश चार, अरि अंतराय पांचों प्रहार।१०।
इमि छय त्रेशठ केवल उपाय, धरमोपदेश दीन्हों जिनाय।
नव केवललब्धि विराजमान, जय तेरमगुन तिथि गुनअमान।११।
गत चौदहमें द्वै भाग तत्र, क्षय कीन बहत्तर तेरहत्र।
वेदनी असाता को विनाश, औदारि विक्रियाहार नाश।१२।
तैजस्य कारमानों मिलाय, तन पंच पंच बंध विलाय।
संघात पंच घाते महंत, त्रय अंगोपांग सहित भनंत।१३।
संठान संहनन छह छहेव, रसवरन पंच वसु फरस भेव।
जुग गंध देवगति सहित पुव्व, पुनि अगुरूलघु उस्वास दुव्व।१४।

परउपघातक सुविहाय नाम, जुत अशुभगमन प्रत्येक खाम।
अपरज थिर अथिर अशुभ सुभेव, दुरभाग सुसुर दुस्सुर अभेव।१५।
अन आदर और अजस्य कित्त, निरमान नीच गोतौ विचित्त।
ये प्रथम बहत्तर दिय खपाय, तब दूजे में तेरह नशाय।१६।
पहले सातावेदनी जाय, नर आयु मनुषगति को नशाय।
मानुष गत्यानु सु पूरवीय, पंचेंद्रिय जात प्रकृति विधिय।१७।
त्रसवादर पर्जापति सुभाग, आदरजुत उत्तम गोत पाग।
जसकीरती तीरथप्रकृति जुक्त, ए तेरह छयकरि भये मुक्त।१८।
जय गुनअनंत अविकार धार, वरनत गनधर नहिं लहत पार।
ताकों मैं वंदौं बार बार, मेरी आपत उद्धार धार।१९।
सम्मेदशैल सुरपति नमंत, तब मुकतथान अनुपम लसंत।
'वृन्दावन' वंदत प्रीति-लाय, मम उरमें तिष्ठहु हे जिनाय।२०।

घत्तानंद

जय जय जिनस्वामी, त्रिभुवननामी, मल्लि विमल कल्यानकरा।
भवदंदविदारन आनंद कारन, भविकुमोद निशिईश वरा।२१।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथ जिनेन्द्राय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शिखरिणी

जजें हैं जो प्रानी दरब अरू भावादि विधि सों,
करैं नाना भाँति भगति थुति औ नौति सुधि सों।
लहै शक्री चक्री सकल सुख सौभाग्य तिनको,
तथा मोक्ष जावे जजत जन जो मल्लिजिन को।।

इत्याशीर्वादः(पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

मल्लिनाथ जिनराज का, संवल कूट है जेह।
मन वच तन कर पूजहूँ, शिखर सम्मेद यजेह।।

ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथः जिनेन्द्रादि मुनिः षण्णवति कोटिः सम्बलकूटतः मोक्षंगत्तः तान् चरणानहं योगैः पुनः पुनः नमस्करोमि जलाद्यर्घ्यं निर्वापामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्याय नमः

श्री मुनिसुव्रत निर्वाण भक्ति

विबुधपति-खगपति नरपति धनदोरग भूत यक्षपति महितम्।
अतुल सुख विमल निरूपम शिवमचल मनामयं हि संप्राप्तम्॥१॥
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परम गुरुम्।
भव्यजनतुष्टि जननै दुरवापैः मुनिसुव्रतं भक्त्या ॥२॥

अन्वयार्थ- जो (हि) यथार्थ में (विबुधपति-खगपति-नरपति-धनद-उरग-भूत-यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर, चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेन्द्र, भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल्य सुख रूप हैं(विमल-निरूपम शिवम्) निर्मल हैं, उपमातीत हैं, कल्याणस्वरूप हैं(अनघं) जो निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरुम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ परम गुरू हैं, ऐसे (सम्प्राप्तम्) विशेषणों को प्राप्त (मुनिसुव्रतं भक्त्या) भगवान मुनिसुव्रत को भक्तिपूर्वक नमस्कार करके (भव्यजन-तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यन्त दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः)गर्भादि पांच कल्याणकों के द्वारा (संस्तोष्ये) उन मुनिसुव्रत भगवान की मैं स्तुति करुँगी।

श्रावण कृष्ण द्वितीयायां श्रवणऋक्षेमध्यमाश्रिते सोमे।
आयातः स्वर्गसुखं भुक्त्वा प्राणताधीशः ॥३॥
सुमित्र नृपति तनयो भारतवास्ये अंग कुशाग्रपुरे।
देव्यां श्री सोमायां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ- (प्राणताधीशः) प्राणत विमान का स्वामी (विभुः) भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जीव (श्रावण कृष्ण द्वितीयायां) श्रावण वदिदोजके दिन (सोमे) चन्द्रमा (श्रवण- ऋक्षे मध्यम्-आश्रिते) श्रवण नक्षत्र पर होने पर (स्वर्ग सुखं-भुक्त्वा) स्वर्ग के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष के (अंग कुशाग्रपुरे) कुशाग्रपुर नगर में (सु-स्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (श्री सोमायां) सोमा (देव्यां) देवी (सुमित्र-नृपति-तनयः) और सुमित्र राजा का पुत्र (आयातः) हुआ।

चैत्र श्रवणे ऋक्षे शशांकयोगे शुभ दिने दशम्याम्।
जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सौम्येषु शुभलग्ने॥५॥
श्रवणाश्रिते शशांके चैत्र कृष्ण शुभ दशम्यां दिवसे।
पूर्वाण्हे रत्नघटै र्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्॥६॥

अन्वयार्थ- (चैत्र कृष्ण दशम्यां श्रवणऋक्षे शशांक योगे) चैत्र वदि दशमी के दिन जब चन्द्रमा श्रवण नक्षत्र पर था (सोम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषु-जज्ञे) शुभग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे (शुभ लग्ने) शुभ लग्न था (शशांके श्रवणाश्रिते) जब चन्द्रमा श्रवण नक्षत्र पर था उस समय मुनिसुव्रतनाथ का जन्म हुआ (दशम्यां दिवसे) दशमी के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल (विबुधेन्द्राः रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) इंद्रों ने रत्नमय कलशों से अभिषेक किया।

भुक्त्वा कुमार काले सहस्र वर्षाण्यनंत गुणराशिः।
अमरोपनीत भोगान् जातिस्मरण बोधितो त्वरितः॥७॥
नानाविधरूपचितां विचित्र कूटोच्छ्रितां मणि विभूषाम्।
अपराजिताख्य शिविकामारूह्य पुराद्विनिःक्रान्तः॥८॥

वैशाख कृष्ण दशम्यां श्रवण भामध्यमाश्रिते सोमे।
अष्टेन त्वपराण्हे भक्तेन जिनः प्रवव्राज॥९॥

अन्वयार्थ- जो (अनंत-गुण-राशिः) अनंत गुणों के राशि स्वरूप वे मुनिसुव्रत (कुमार काले सप्तार्ध सहस्रवर्षाणि) कुमार काल अवस्था में ७ हजार वर्ष तक (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवोपुनीत भोगों को भोगकर (जाति स्मरण अभिनिबोधितः) जाति स्मरण से वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरन्त (नानाविधरूपचितां) विविध प्रकार के चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र-ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची (मणि-विभूषाम्) मणियों से विभूषित (अपराजिताख्य शिविकाम्-आरूह्य) अपराजित पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्क्रांतः) कुशाग्रनगर के बाहर निकल गये (वैशाख कृष्ण दशमी श्रवण भा मध्यमाश्रिते सोमे) वैशाख कृष्ण दशमी के दिन जब चन्द्रमा श्रवण नक्षत्र पर था (अष्टेन भक्तेन तु पूर्वाण्हे जिनः प्रवव्राज) प्रातः में तेला का नियम ले कर जिनेश्वरी निर्ग्रन्थ दीक्षा धारणकर ली।

ग्रामपुर खेटकर्वटमटंब घोषाकरान्प्रविजहार।
उग्रैस्तपोविधानैः अनेक्मासान्यमरैः पूज्यः ॥१०॥

अन्वयार्थ- (अमरैः पूज्यः) देवों से पूज्य मुनिराज मुनिसुव्रतने (उग्रैः तपोविधानैः) उग्र तपों के विधान से (एकादश मासानि) ग्यारह माह तक (ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटंब, घोषा-करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट- मटम्ब-घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

नील वनस्य मध्ये चम्पकद्रुम संश्रिते शिलापट्टे।

पूर्वाण्हे अष्टेन स्थितंतस्य खलु कुशाग्र ग्रामे॥११॥

अन्वयार्थ- (नील वनस्य मध्ये) नीलवन के बीच में (खलु कुशाग्रग्रामे) कुशाग्र नामक ग्राम में (चंपकद्रुम संश्रिते शिलापट्टटे) चम्पक वृक्ष के नीचे स्थित शिलापट्ट पर (पूर्वाण्हे अष्टेन स्थितस्य) प्रातः में तेला का नियम ले कर विराजमान हो गये।

वैशाख कृष्ण नवम्यां श्रवणभा मध्यमाश्रिते चन्द्रे।

क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्॥१२॥

अन्वयार्थ- (वैशाख-कृष्ण नवम्यां) वैशाख कृष्ण नवमी के दिन(श्रवणभा मध्यमाश्रिते चंद्रे) जब चन्द्रमा श्रवण नक्षत्र पर था तब (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानम्) क्षपक श्रेणी पर आरूढ उन मुनिराज को केवलज्ञान उत्पन्न हो गया।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभिः कुसुमवृष्टिम्।

वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्॥१३॥

अन्वयार्थ- वहाँ २ योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुंदुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगन्धित सुमनों की वर्षा (वर-चामर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दशविधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।

देशयमानो व्यवहरं सहस्रवर्षाण्यथ जिनेन्द्रः॥१४॥

अन्वयार्थ- केवलज्ञान के पश्चात् (जिनेंद्रः) भगवान मुनिसुव्रत ने (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनि धर्म का (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्मं) ग्यारह प्रतिमा रूप

श्रावक धर्म का (देशयमानः) उपदेश देते हुए (सप्तसहस्रार्ध वर्षाणि) ११ माह कम ७५०० वर्ष तक (व्यवहरत्) विहार किया।

अथ भगवान सम्प्रापद् दिव्यं सम्मेद पर्वतं रम्यम्।
चातुर्वर्ण्य सुसंधस्तत्राभूद् मल्लिजिनप्रभृति।।१५।।

अन्वयार्थ- (अथ) धर्मोपदेश की समाप्ति के पश्चात् (भगवान) मुनिसुव्रत (दिव्यं रम्यं सम्मेद पर्वतं सम्प्रापत्) विशाल सुंदर मनोज्ञ ऐसे सम्मेद शिखर पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ (मल्लि प्रभृतिः) साथ में मल्लिनाथ स्वामी को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि आर्यिका, श्रावक, श्राविका, रूप चार प्रकार का संघ था।

पद्मवनदीर्घिका कुल विविध द्रुमखण्ड मंडिते रम्ये।।
निर्जर कूटोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः।।१६।।

अन्वयार्थ- (सः मुनि) वे केवलज्ञानी (पद्मवन दीर्घिकाकुल-विविध-द्रुम खण्ड-मण्डिते) कमलवन और अनेक प्रकारों के वृक्ष समूह से शोभित (निर्जर कूटोद्याने) निर्जर कूट के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग से स्थित हो गये।

फाल्गुन वदि द्वादश्यां श्रवण ऋक्षे निहत्यकर्मरजः।।
अवशेषं संप्रापत्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्।।१७।।

अन्वयार्थ-(फाल्गुन वदि द्वादश्यां) फाल्गुण कृष्ण द्वादशी के दिन (श्रवण नक्षत्रे) श्रवण नक्षत्र में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मों का क्षय करके (व्यजरम्-अमरम् अक्षयम् सौख्यम्) निर्दोष अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को (सम्प्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधह्यथाशु चागम्य।
देवतरू रक्त चंदन कालागरू सुरभिगोशीर्षैः॥१८॥
अग्नीन्द्राज्जिन देहं मुकुटानल सुरभि धूपवरमाल्यैः।
अभ्यर्च्य गणधरानपि गतादिवं खं च वनभवने॥१९॥

अन्वयार्थ- (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) भगवान को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इंद्र आदि देवों ने (आशु-आगम्य) शीघ्र आकरके (देवतरू-रक्त-चंदन-कालागरू-सुरभिगोशीर्षैः) देवदारू, लाल चंदन, कालागरू और सुगंधित गोशीर्ष-चंदनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नि कुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि-धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नि सुंगन्धित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेंद्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरानपि अभ्यर्च्य) गणधरों की भी पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वन गता भवने) वैमानिक देव स्वर्ग को, ज्योतिषी देव आकाश को, व्यन्तर देव वन को तथा भवनवासी देव भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति मुनिसुव्रत जिन चंद्रे
यः स्तोत्रं पठति सुसंध्ययो र्द्वयोर्हि।
सोऽनंतं परम सुखं नृ देव लोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति॥२०॥

अन्वयार्थ- (इति एवं) इस प्रकार (भगवति मुनिसुव्रत चंद्रे) मुनिसुव्रत (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों ही (सुसंध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृ-देवलोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा)

उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनंत शिवपदं) अविनाशी शाश्वत ऐसे मोक्ष को (प्रयाति) पाता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाण भूमिरिह भारत वर्ष जानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रिययावचोभिः,
संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमिभक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ- (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्षजानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां, निर्वाणभूमिः) अर्हंतों की तीर्थंकरों की गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियां हैं। (संस्तोतुम्-उद्यत-मतिः) उन की स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्तिपूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया-वचोभिः) शुद्ध योगों से (परिणौमि) नमस्कार करती हूँ।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानसकरैरभितः किरन्तः।
जयमाला (दोहा)

श्याम छवी तनु चाप दश, उन्नत गुननिधिधाम।
शंख चिन्ह पद में निरखि, पुनि-पुनि करौं प्रनाम।१।

पद्धरि छंद (१५ मात्रा लघ्वन्त)

जै जै जै नेमि जिनिंद चन्द, पितु समुद देन आनन्दकन्द।
शिवमात कुमुदमन मोददाय, भविवृन्द चकोर सुखी कराय।२।
जयदेव अपूरव मारतंड, तुम कीन ब्रह्मसुत सहस खंड।
शिवतिय मुखजलज विकाशनेश, नहिं रह्यो सृष्टि में तम अशेष।३।
भविभीत कोक कीनों अशोक, शिवमग दरशायो शर्म थोक।
जै जै जै जै तुम गुनगँभीर, तुम आगम निपुन पुनीत धीर।४।
तुम केवल जोति विराजमान, जै जै जै जै करूना निधान।
तुम समवसरन में तत्वभेद, दरशायो जा तें नशत खेद।५।
तित तुमको हरि आनन्दधार, पूजत भगतीजुत बहु प्रकार।
पुनि गद्यपद्यमय सुजस गाय, जै बल अनंत गुनवंतराय।६।
जय शिवशंकर ब्रह्मा महेश, जय बुद्ध विधाता विष्णुवेष।
जय कुमतिमतंगन को मृगेंद्र, जय मदनध्वांत को रवि जिनेंद्र।७।
जय कृपासिंधु अविरूद्ध बुद्ध, जय रिद्धिसिद्धि दाता प्रबुद्ध।
जय जगजन मनरंजन महान, जय भवसागर महं सुष्टुयान।८।
तुव भगति करें ते धन्य जीव, ते पावैं दिव शिवपद सदीव।
तुमरो गुनदेव विविध प्रकार, गावत नित किन्नर की जुनार।९।
वर भगति माहिं लवलीन होय, नाचें ताथेई थेई थेई बहोय।
तुम करूणासागर सृष्टिपाल, अब मों को वेगि करो निहाल।१०।
मैं दुख अनंत वसुकरमजोग, भोगे सदीव नहिं और रोग।
तुमको जग में जान्यो दयाल, हो वीतराग गुन रतन माल।११।
ता तें शरना अब गही आय, प्रभु करो वेगि मेरी सहाय।
यह विघनकरम मम खंड खंड, मनवांछित कारज मंडमंड।१२।
संसार कष्ट चकचूर चूर, सहजानन्द मम उर पूर पूर।

निजपर प्रकाशबुद्धि देई देई, तजि के विलंब सुधि लेई लेई।१३।
हम याचतु हैं यह बार, बार भवसागर तें मो तार तार।
नहिं सह्यो जात यह जगत दुःख, तातैं विनवैं हे सुगुनमुक्ख।।१४।
घत्तानंद :- श्रीनेमिकुमारं जितमदमारं, शीलागारं, सुखकारं।
भवभयहरतारं, शिवकरतारं, दातारं धर्माधारं।१५।
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मालिनी (१५ वर्ण)

सुख धन जस सिद्धि पुत्र पौत्रादि वृद्धी।
सकल मनसि सिद्धि होति है ताहि रिद्धी।।
जजत हरषधारी नेमि को जो अगारी।
अनुक्रम अरिजारी सो वरे मोक्षनारी।।

इत्याशीर्वादः (पुष्पांजलिं क्षिपेत्)।

।।दोहा।।

नेमिनाथ जिन सिद्ध भए, सिद्ध क्षेत्र गिरनार।
मन वच तन कर पूजहूँ, भवदधि पार उतार।।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्रादि शम्बू प्रद्युम्न अनिरूद्धादि द्वासप्तति कोटिः सप्तशत गिरनारगिरेः मोक्षंगतः तान् चरणानहं योगैः पुनः पुनः नमस्करोमि जलाद्यर्घ्यं निर्वापामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्याय नमः

श्री पार्श्वनाथ निर्वाण भक्ति

विबुधपति-खगपति नरपति धनदोरग भूत यक्षपति महितम्।
अतुल सुख विमल निरूपम शिवमचल मनामयं हि संप्राप्तम्।।१।।
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परम गुरूम्।
भव्यजनतुष्टि जननै र्दुरवापैः पार्श्वजिनं भक्त्या ।।२।।

अन्वयार्थ- जो (हि) यथार्थ (विबुधपति-खगपति-नरपति-धनद-उरग भूत-यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर, चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेन्द्र, भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल्य सुख रूप हैं (विमल-निरूपम शिवम्) निर्मल हैं उपमातीत हैं, कल्याणरूप हैं (अनघं) निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरूम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ गुरू हैं, ऐसे (सम्प्राप्तम्) विशेषणों को प्राप्त (भक्त्या पार्श्व जिनं नत्वा) भगवान पार्श्वनाथ को भक्ति से नमस्कार करके (भव्यजन-तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यन्त दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः) गर्भादि पांच कल्याणकों के द्वारा (संस्तोष्ये) उन भगवान पार्श्वनाथ की मैं स्तुति करुँगी।

वैशाख कृष्ण तृतीयायां विशाखा भामध्यमाश्रितेशशिनि।
आयातः स्वर्गसुखं भुक्त्वा प्राणताधीशः ॥३॥
विश्वसेन नृपति तनयो भारतवास्ये वाराणसी नगरे।
देव्यां प्रियवामायां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ- (प्राणत-अधीशः) प्राणत विमान का स्वामी (विभुः) भगवान पार्श्वनाथ का जीव (वैशाख कृष्ण-तृतीयायां) वैशाख वदि तीज के दिन (शशिनि) चन्द्रमा (विशाखा भा-मध्यम्-आश्रिते) विशाखा नक्षत्र पर था (स्वर्ग सुखं-भुक्त्वा) स्वर्ग के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष के (वाराणसी नगरे) वाराणसी नगर में (सु-स्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (प्रियवामायां) प्रिय वामा (देव्यां) देवी और (विश्वसेन-नृपति-तनयः) विश्वसेन राजा का पुत्र (आयातः)

हुआ।

पौष कृष्ण विशाखायां अनिलायोगे दिने एकादश्यां।

जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सौम्येषु शुभलग्ने।।५।।

विशाखाश्रिते शशांके पौष कृष्णे एकादशी दिवसे।

पूर्वाण्हे रत्नघटै र्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्।।६।।

अन्वयार्थ- (पौष-कृष्ण-विशाखा अनिलायोगे दिने एकादश्याम्) पौष वदि एकादशी के दिन विशाखा नक्षत्र तथा अनिला योग था (सौम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषु-जज्ञे) शुभग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे (शुभ लग्ने) शुभ लग्न था (शशांके विशाखाश्रिते) जब चन्द्रमा विशाखा नक्षत्र पर था (पौष कृष्ण) पौष वदि में पार्श्वनाथ का जन्म हुआ था (एकादशी दिवसे) एकादशी के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः) इंद्रों ने (रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) रत्नमय कलशों से अभिषेक किया था।

भुक्त्वा कुमार काले च त्रिंशत् वर्षाण्यनंत गुणराशिः।

अमरोपनीत भोगान् जाति स्मरण बोधितोत्वरितः।।७।।

नानाविधरूपचितां विचित्र कूटोच्छ्रितां मणि विभूषाम्।

विमला कुर्वाख्य शिविकामारूह्य पुराद्विनिःक्रान्तः।।८।।

पौषवदि एकादश्यां विशाखा भामध्यमाश्रिते सोमे।

षष्टेन त्वपराण्हे भक्तेन जिनः प्रवव्राज।।९।।

अन्वयार्थ- जो (अनंत-गुण-राशिः) अनंत गुणों के राशि स्वरूप वे पार्श्वनाथ (कुमार काले) कुमार अवस्था में (त्रिंशत् वर्षाणि) ३० वर्ष तक (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवोपनीत भोगों को भोगकर (जातिस्मरणामिनिबोधितः) जाति स्मरण से

वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (त्वरितः) तुरन्त (नानाविधरूपचितां) विविध प्रकार के चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र-ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची विशाल (मणि-विभूषाम्) मणियों से विभूषित सुशोभित ऐसी (विमल कुर्वाख्य शिविकाम्-आरूह्य) विमला कुरु नामक पालकी पर आरोहण करके (पुंरात् विनिष्क्रांतः) वाराणसी नगर के बाहर निकल गये (पौष कृष्ण एकादशी-विशाखा-भा-मध्यमाश्रिते सोमे) पौष कृष्ण एकादशी के दिन जब चन्द्रमा विशाखा नक्षत्र पर स्थित था (षष्टेन भक्तेन त्वपराण्हे) बेला के उपवास का नियम ग्रहण कर अपरान्ह काल में (जिनः प्रवव्राज) जिनेश्वरी निर्ग्रंथ दीक्षा धारण कर ली।

ग्रामपुर खेटकर्वटमटंब घोषाकरान्प्रविजहार।
उग्रैस्तपोविधानैः चतुर्मासान्यमरैः पूज्यः॥१०॥

अन्वयार्थ-(अमरैः पूज्यः) देवों से पूज्य मुनिराज पार्श्वनाथ (उग्रैः तपोविधानैः) उग्र तपों के विधान से (चतुर्मासानि्) चार मास तक (ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटंब, घोषा-करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटम्ब-घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

अश्व वनस्य मध्ये धवलद्रुम संश्रिते शिलापट्टे।
पूर्वाण्हे अष्टेन स्थितस्य वाराणसी ग्रामे॥११॥

अन्वयार्थ- (अश्व वनस्यमध्ये) अश्व वनके बीच में (वाराणसी ग्रामे) बनारस नगर के पास (धवलद्रुम संश्रिते शिलापट्टटे) धवल वृक्ष के नीचे शिलापट्टट पर स्थित (पूर्वाण्हे अष्ठेन स्थितस्य) अपरान्ह काल में तीन दिन का उपवास

ग्रहण कर विराजमान हो गये।

चैत्र कृष्ण चतुर्थ्यां विशाखा भामध्यमाश्रिते चंद्रे।

क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्।।१२।।

अन्वयार्थ- (चैत्र कृष्ण चतुर्थ्यां) चैत्र कृष्ण चौथ के दिन (विशाखा भामध्यमाश्रिते चन्द्रे) जब चन्द्रमा विशाखा नक्षत्र पर था तब (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानम्) क्षपक श्रेणी पर आरूढ मुनिराज को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभिः कुसुमवृष्टिम्।

वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्।।१३।।

अन्वयार्थ- वहाँ १ योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुंदुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुगन्धित सुमनों की वर्षा (वर-चामर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दश विधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।

देशयमानो व्यवहरं अनेकवर्षाण्यथ जिनेन्द्रः।।१४।।

अन्वयार्थ- (अथ) केवलज्ञान के पश्चात् (जिनेंद्रः) भगवान पार्श्वनाथ ने (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनिधर्मका (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्म) ग्यारह प्रतिमा रूप श्रावक धर्मका (देशयमानः) उपदेश देते हुए (सप्तत्यून वर्षाणि) ४ माह कम ७० वर्ष तक (व्यवहरत्) विहार किया।

अथ भगवान संप्रापद् दिव्यं सम्मेद पर्वतं रम्यम्।

चातुर्वर्ण्य सुसंघस्तत्राभूत्स्वयंभू प्रभृति।।१५।।

अन्वयार्थ- (अथ) समवशरण और धर्मोपदेश के समाप्ति के पश्चात् विहार करते हुए (भगवान) पार्श्वनाथ भगवान (दिव्यं रम्यं सम्मेद पर्वतं सम्प्रापत्) सम्मेद शिखर पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ तक साथ में (स्वयंभू प्रभृतिः) स्वयंभू स्वामी को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्यसंघः अभूत्) मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका रूपचार प्रकार का संघ था।

पद्मवनदीर्घिका कुल विविध द्रुमखण्ड मंडितेरम्ये।

सुवर्णकूटोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः।।१६।।

अन्वयार्थ- (सः मुनिः) वे भगवान (पद्मवन दीर्घिकाकुल-विविध-द्रुम खण्ड-मण्डिते) कमलवन समूह और अनेक प्रकारों के वृक्षों से शोभायमान (सुवर्ण कूटोद्याने) सुवर्ण भद्र कूट के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग से स्थित हो गये।

श्रावण शुक्ला सप्तम्यां विशाखामृक्षे निहत्यकर्मरजः।

अवशेषं संप्रापत्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्।।१७।।

अन्वयार्थ- (श्रावण शुक्ल सप्तम्यां) श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन (विशाखामृक्षे) विशाखा नक्षत्र में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मों का क्षय करके (व्यजरम्-अमरम् अक्षयम् सौख्यम्) निर्दोष अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को (सम्प्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधह्यथाशु चागम्य।

देवतरू रक्त चंदन कालागरू सुरभिगोशीर्षैः।।१८।।

अग्नीन्द्राज्जिन देहं मुकुटानल सुरभि धूपवरमाल्यैः।

अभ्यर्च्य गणधरानपि गतादिवं खं च वनभवने।।१९।।

अन्वयार्थ- (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा)

पार्श्वनाथ भगवान को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इंद्र आदि देवों ने (आशु-आगम्य) शीघ्र आकरके (दैवतरू-रक्त-चंदन-कालागुरु-सुरभिगोशीर्षैः) देवदारु, लाल चंदन, कालागरु और सुगंधित गोशीर्ष-चंदनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नि कुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि- धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नि सुंगन्धित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिनेंद्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरानपि अभ्यर्च्य) गणधरों की भी पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वन गता भवने) वैमानिक देव स्वर्ग को, ज्योतिषी देव आकाश को, व्यन्तर देव वन को तथा भवनवासी देव भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति पार्श्व जिनेश चंद्रे
य: स्तोत्रं पठति सुसंध्ययो र्द्वयोर्हि।
सोऽनंतं परम सुखं नृ देव लोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति।।२०।।

अन्वयार्थ- (इति एवं) इस प्रकार (भगवति पार्श्व जिनेश चंद्रे) भगवान पार्श्वनाथ (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों हि (सुसंध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृ-देवलोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनंतं शिवपदं) अविनाशी शाश्वत ऐसे मोक्ष को (प्रयाति) पाता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाण भूमिरिह भारत वर्ष जानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रिययावचोभिः,

संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमिभक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ- (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्षजानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां, निर्वाणभूमि) अर्हंतों की तीर्थंकरों की गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियां हैं। (संस्तोतुम्-उद्यत-मतिः) उन की स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाली हुई मैं (भक्त्या) भक्तिपूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया-वचोभिः) शुद्ध योगों से (परिणौमि) नमस्कार करती हूँ।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानसकरैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः,
संप्रार्थिता वयमिमे परमांगतिं ताः॥२२॥

अन्वयार्थ- (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूँथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मन रूपी हाथों में ग्रहण करके (अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृति युता पर्येम) भगवन्तों की निर्वाण भूमियों की सादर परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे मोक्ष की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः
पण्डोः सुताः परमनिर्वृत्तिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा,
नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२३॥

द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वत तले वर सिद्ध कूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रिबलाहके च
विन्ध्ये च पोदन पुरे वृषदीपके च ॥२४॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सु प्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ।
ये साधवोहतमला: सुगतिं प्रयाता:,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्य भूवन्॥२५॥

अन्वयार्थ- (दमित अरिपक्षा: पण्डो: सुता:) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्-अभ्युपेता:) शत्रुञ्जय पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहित: बलभद्रनामा तु तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्र मुनि तुङ्गगिरि से तथा (जितरिपु: सुवर्णभद्र:) कर्म मुनि सुवर्णभद्र से (नद्या: तटे) चेलना नदी के किनारे से मुक्ति को प्राप्त हुए। (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रबल-कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मुक्तागिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के नीचे से (वर-सिद्धकूटे) सिद्धवर कूट से (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल तथा बलाहक पर्वत (विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले) सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे-हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत से (ये साधव:) जो साधु (हतमला:) कर्मों का क्षयकर (सुगतिं प्रयाता:) उत्तम सिद्धगति को प्राप्त हुए हैं

(जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेन लोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयाति यद्वत्।
तद्वच्च पुण्य पुरुषै रुषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि ॥२६॥

अन्वयार्थ- (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रसपृक्त गुणेन) गन्ने के रस से निर्मित (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है। (तद्वत् च) उसी प्रकार (पुण्य पुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृति भूमि देशाः।
ते मे जिना जितमया मुनयश्च शांताः
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥२७॥

अन्वयार्थ- (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ- (अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शांताः मुनयः च) वे तीर्थंकर जिन और शांत मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्यसौख्याम् सुगतिं दिश्यासु) निर्दोष सुख से युक्त उत्तम मोक्ष गति को प्राप्त कराने वाले हों।

शांति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।

उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजाः॥१॥

अन्वयार्थ- (शांतिकुन्थु-अर-कौरव्या) शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में (नेमि सुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथ जी उग्रवंश में तथा महावीर नाथवंश में (शेषा इक्ष्वाकु वंशजाः) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकु वंश में पैदा हुए हैं।

- अंचलिका -

इच्छामि भंते! परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मि चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए सद लक्ख कोडी एग सड्ढं पल्लूण तेत्तीसा तिहत्तरि णवसद सागरोवम पणसट्ठी लक्ख तिसीदि सगं सद पण्णास वस्स हीणे वास चउक्कम्मि सेसकालम्मि सम्मेए पव्वए सावण मासस्स सुक्क सप्तमीए पुव्वण्हे विसाखा णक्खत्ते भयवदो पासजिणो सिद्धिं गदो। तिसुवि लोएसु भवण वासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वंदंति, णमंस्संति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति। अहमवि इहसंतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि, पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगई गमणं समाहि मरणं जिण गुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवन! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति से संबंधित कायोत्सर्ग

किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उस की आलोचना करने की इच्छा करती हूँ। (चउत्थ समयस्स मज्झिमे भाए) चौथे काल के मध्य भाग में (सद लक्ख कोडि एग सड्ढं पल्लूण तेत्तीसा तिहत्तरि णवसद सागरोवम पणसट्ठी लक्ख तीसिदि सग सद पण्णास वस्स हीणे) १०० लाख कोडी डेढ़ पल्य कम ३३७३९०० सागर ६५८३७५० वर्ष कम होने पर (वास चउकम्मि सेसकालम्मि) और चौथे काल के शेष रहने पर (सम्मेए पव्वए सावणमासस्स सुक्क सप्तमीए पुव्वण्हे विसाखा णक्खत्ते भयवदो पासजिणं सिद्धिं गदो) सम्मेद शिखर पर्वत से श्रावण शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन विशाखा नक्षत्र के रहते हुए श्री पार्श्वनाथ भगवान निर्वाण को प्राप्त हुए (तिसुविलोएसु भवणवासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्य गंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य, दिव्यदीप, दिव्यधूप, दिव्यफलों के द्वारा (णिच्चकालं अंचंति पुज्जंति वंदंति णमंसंति परिणिव्वाण-महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चना करते हैं, पूजा करते हैं, वंदना करते हैं, नमस्कार करते हैं, परिनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं (अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमंस्सामि) मैं भी यहाँ रहती हुई वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करती हूँ, पूजा करती हूँ, वंदना करती हूँ, नमस्कार करती हूँ (दुक्खक्खओ कम्मक्खओ, बोहिलाओ, सुगईगमणं,

समाहि मरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो सुगति में गमन हो, समाधि मरण हो (जिणगुण-सम्पत्ति होउ मज्झं) मुझे जिनगुण सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

"इति"

पार्श्वनाथ भगवान की पूजा एवं टोंक वन्दना

प्रानत देवलोक तें आये, वामा दे उर जगदाधार।
अश्वसेन सुत नुत हरिहर हरि, अंक हरित तन सुखदातार।।
जरत नाग जुग बोधि दियो जिहिं, भुवनेसुरपद परम उदार।
ऐसे पारस को तजि आरस, थापि सुधारस हेत विचार।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

सुरदीरधि सों जल कुम्भ भरौं, तुव पादपद्म तर धार करौं।
सुखदाय पाय यह सेवत हौं, प्रभु पार्श्व पार्श्व गुन सेवत हौं।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा।१।

हरिगंध कुंकुम कर्पूर घसौं, हरिचिन्ह हेरि अरचौं सुर सों।
सुखदाय पाय यह सेवत हौं, प्रभु पार्श्व पार्श्व गुन सेवत हौं।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दनं नि० स्वाहा।।२।।

हिम हीर नीरज समान शुचं, वर तंदुल पुंज तवाग्र मुचं।सु०

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्तये अक्षतान् नि० स्वाहा।।३।।

कमलादिपुष्प धनु पुष्प धरी, मदभंजन हेतु ढिग पुंज करी।सु०

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं नि० स्वाहा।।४।।

चरू नव्य गव्य रस सार करौं, धरि पादपद्म तर मोद भरौं।सु०

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि० स्वाहा।।५।।

मणि दीप जोति, जगमग्ग मई, ढिग धारतें स्व पर बोध ठई।सु०

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि० स्वाहा।।६।।

दश गंध खेय मन माचत हैं, वह धूम धूम मिसि नाचत है। सु०

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं नि० स्वाहा।।७।।

फल पक्व शुद्ध रसजुक्त लिया, पदकंज पूजिहौं खोलि हिया।सु०

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं नि० स्वाहा।।८।।

जल आदि साजि सब द्रव्य लिया, कनथार धार नुतनृत्य किया।सु०

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं नि० स्वाहा।।९।।

पंच कल्याणक अर्घ्यावली
(छंद इन्द्रवज्रा तथा उपेन्द्रवज्रा)

पक्ष बैशाख की श्याम दूजी भनो, गर्भकल्यान को द्योस सो ही गनो।
देव देवेन्द्र श्रीमातु सेवें सदा, मैं जजौं नित्य ज्यों विघ्न होवे विदा।।

ॐ ह्रीं वैशाख कृष्णाद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथाय अर्घ्यं नि०।।१।।

पौष की श्याम एकादशी को स्वजी, जन्मलीनो जगन्नाथ धर्मध्वजी।
नाग-नागेन्द्र नागेन्द्र ने पूजिया, मैं जजौं ध्याय के भक्ति धारौंहिया।।

ॐ ह्रीं पौष कृष्णैकादश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथाय अर्घ्यं नि०।।२।।

कृष्ण एकादशी पौष की पावनी, राज को त्याग वैराग धारयो वनी।
ध्यान चिद्रूप को ध्याय साता भई, आपको मैं जजौं भक्ति भावैं लई।।

ॐ ह्रीं पौष कृष्णैकादश्यां तपोमंगलमंडिताय श्री पार्श्वनाथाय अर्घ्यं नि०।।३।।

चैत की चौथि श्यामा महाभावनी, ता दिना घातिया घाति शोभा बनी।
बाह्य आभ्यन्तरे छन्द लक्ष्मीधरा, जयति सर्वज्ञ मैं पादसेवा करा।।

ॐ ह्रीं चैत्र कृष्णाचतुर्थ्यां केवलज्ञानमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथाय अर्घ्यं नि०।।४।।

सप्तमी शुद्ध शोभे महासावनी, ता दिना मोक्ष पायो महापावनी।।
शैल सम्मेद तें सिद्ध राजा भये, आप को पूजत सिद्ध काजा ठये।।
ॐ ह्रीं श्रावण शुक्लासप्तम्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथाय अर्घ्यं नि०।।५।।

जयमाला

(दोहा)

पार्श्व पर्म गुनराशि है, पार्श्व कर्म हरतार।
पार्श्वशर्म निजवास दो, पार्श्वधर्म धरतार।१।
नगरबनारसि जन्म लिय, वंश इक्ष्वाकु महान।
आयु वरष शत तुंग तन-हस्त सु नौ परमान।२।

जय श्रीधर श्रीकर श्रीजिनेश, तुव गुण गण फणि गावत अशेष।
जय जय जय आनन्द कन्द चन्द, जय जय भवि पंकज को दिनन्द।३।
जय जय शिवतिय बल्लभ महेश, जय ब्रह्मा शिवशंकर गनेश।
जय स्वच्छ चिदंग अनंगजीत, तुम ध्यावत मुनिगण सुहृद मीत।४।
जय गरभागममंडित महंत, जग जनमन मोदन परम सन्त।
जय जनम महोच्छव सुखद धार, भवि सारंग को जलधर उदार।५।
हरि गिरिवर पर अभिषेक कीन, झट तांडव निरत अरंभ दीन।
बाजन बाजत अनहद अपार, को पार लहत वरणत अवार।६।
दृमदृम दृमदृम दृम दृम मृदंग, घनघन नननन घण्टा अभंग।
छमछम छमछम छम छुद्र घण्ट, टमटम टमटम टम टंकोर तंट।७।
झननन झननन नूपुर झँकोर, तननन तननन नन तान शोर।
सन नन नन नन नन गगन मांहि, फिरि फिरि फिरि फिरि फिरकी लहांहि।८।
ताथेई थेइ थेइ थेइ धरत पाव, चटपट अटपट झट त्रिदशराव।
करके सहस्र कर को पसार, बहुभांति दिखावत भाव प्यार।९।
निज भगति प्रगट जित करत इन्द्र, ता कों क्या कहिं सकिहे कविन्द्र।

जहँ रंगभूमि गिरिराज पर्म, अरू सभा ईस तुम देव शर्म।१०।
अरू नाचत मघवा भगति रूप, बाजे किन्नर बाज्जत अनूप।
सो देखत ही छवि बनत वृन्द, मुख सों कैसे वरनै अमन्द।११।
धन घड़ी सोय धन देव आप, धन तीर्थंकर प्रकृति प्रताप।
हम तुमको देखत नयन द्वार, मनु आज भये भवसिन्धु पार।१२।
पुनि पिता सौंपि हरि स्वर्ग जाय, तुम सुख समान भोग्यो जिनाय।
फिर तप धरि केवल ज्ञान पाय, धरमोपदेश दे शिव सिधाय।१३।
हम शरणागत आये अबार, हे कृपासिन्धु गुण अमलधार।
मो मन में तिष्ठहु सदाकाल, जबलों न लहौं शिवपुर रसाल।१४।
निरवाण थान सम्मेद जाय वृन्दावन वंदत शीस नाय।
तुम ही सब दुख दंद हरण, ता तें पकरी यह चरण शरण।१५।

घत्ता-

जय जय सुखसागर, त्रिभुवन आगर, सुजस उजागर, पार्श्व पती।
वृन्दावन ध्यावत, पूज रचावत, शिवथल पावत शर्म अती।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कवित्त -

पारसनाथ अनाथनि के हित, दारिद गिरि को वज्र समान।
सुखसागरवर्द्धन को शशिसम, दव कषाय को मेघ महान।।
तिन को पूजे जो भवि प्रानी, पाठ पढ़े अतिआनन्द आन।
सोपावे मनवांछित सुख सब, और लहे अनुक्रम निरवान।१७।

इत्याशीर्वादः (पुष्पांजलिं क्षिपेत्)।

।।दोहा।।

पार्श्वनाथ जिनराज का, स्वर्ण भद्र है कूट ।
मन वच तन कर पूजहूँ, जाऊं करम से छूट।।

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्रादि मुनिः द्वयाशीति कोटिः चतुरशीति लक्ष पंचचत्वारिंशत् सहस्त्र सप्त शतद्विचत्वारिंशत् सुवर्णभद्रकूटतः मोक्षंगतः तान् चरणानहं योगैः पुनः पुनः नमस्करोमि जलाद्यर्घ्यं निर्वापामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्याय नमः

श्री महावीर निर्वाण भक्ति

विबुधपति-खगपति नरपति धनदोरग भूत यक्षपति महितम्।
अतुल सुख विमल निरूपम शिवमचल मनामयं हि संप्राप्तम्॥१॥
कल्याणैः संस्तोष्ये पंचभिरनघं त्रिलोक परम गुरूम्।
भव्यजनतुष्टि जननै दुरवापैः सन्मतिं भक्त्या ॥२॥

अन्वयार्थ- जो (विबुधपति- खगपति -नरपति-धनद उरग भूत-यक्षपति-महितम्) देवेन्द्र, विद्याधर, चक्रवर्ती, कुबेर, धरणेन्द्र, भूत और यक्षों के स्वामियों से पूजे जाते हैं (अचलम्) अविनाशी हैं (अनामयं) निरोगी हैं (अतुल-सुखं) अतुल्य सुख रूप हैं (विमल-निरूपम शिवम्) निर्मल हैं उपमातीत हैं, कल्याणरूप हैं (अनघं) निर्दोष हैं (त्रिलोक परमगुरुम्) तीनों लोकों के श्रेष्ठ गुरू हैं, ऐसे (सम्प्राप्तम्) विशेषणों को प्राप्त (सन्मतिं नत्वा) भगवान महावीर स्वामी को नमस्कार करके (भव्यजन-तुष्टि-जननैः) भव्यजनों को संतोष उत्पन्न करने वाले (दुरवापैः) अत्यन्त दुर्लभ (पंचभिः कल्याणैः) गर्भादि पांच कल्याणकों के द्वारा (संस्तोष्ये) उन भगवान वीरप्रभु की अच्छी तरह से स्तुति करुँगा।

आषाढसुसितषष्ठ्यां हस्तोत्तरमध्यमाश्रितेशशिनि।
आयातः स्वर्गसुखं भुक्त्वापुष्पोत्तराधीशः॥३॥
सिद्धार्थनृपतितनयो भारतवास्ये विदेहकुण्डपुरे।

देव्यां प्रियकारिण्यां सुस्वप्नान् संप्रदर्श्य विभुः॥४॥

अन्वयार्थ- (पुष्पोत्तर-अधीशः) पुष्पोत्तर विमान का स्वामी (विभुः) भगवान महावीर का जीव (आषाढ-सुसित-षष्ठ्यां) आषाढ़ शुक्ला षष्ठी के दिन (शशिनि) चन्द्रमा के (हस्तोत्तर-मध्यम-आश्रिते) हस्तोत्तर नक्षत्र के मध्य स्थित होने पर (स्वर्ग सुखं-भुक्त्वा) स्वर्ग के सुखों को भोगकर (भारतवास्ये) भारतवर्ष में (विदेहकुण्डपुरे) विदेह क्षेत्र के कुण्डपुर नगर में (सु-स्वप्नान् संप्रदर्श्य) उत्तम स्वप्नों को दिखाकर (प्रियकारिण्यां) प्रियंकारिणी (देव्यां) देवी और (सिद्धार्थ-नृपति-तनयः) सिद्धार्थ राजा का पुत्र (आयातः) हुआ।

चैत्रसितपक्षफाल्गुनि शशांकयोगे दिने त्रयोदश्याम्।
जज्ञे स्वोच्चस्थेषु ग्रहेषु सौम्येषु शुभलग्ने॥५॥
हस्ताश्रिते शशांके चैत्र ज्योत्सने चतुर्दशीदिवसे।
पूर्वाण्हे रत्नघटै र्विबुधेन्द्राश्चक्रुरभिषेकम्॥६॥

अन्वयार्थ-(चैत्र-सित-पक्ष-फाल्गुनि-शशांकयोगे-त्रयोदश्याम् दिने) चैत्रमास शुक्ल पक्ष तेरस के दिन जब उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र तथा चन्द्र योग था (सौम्येषु ग्रहेषु स्व-उच्चस्थेषु-जज्ञे) शुभग्रह अपने-अपने उच्च स्थान पर स्थित थे (शुभ लग्ने) शुभ लग्न था (शशांके हस्ताश्रिते) चन्द्रमा हस्त नक्षत्र पर स्थित था तथा (चैत्र ज्योत्सने) चैत्र शुक्ल तेरस के दिन महावीर का जन्म हुआ था। (चतुर्दशी दिवसे) चतुर्दशी के दिन (पूर्वाण्हे) प्रातः काल में (विबुधेन्द्राः) इंद्रों ने (रत्नघटैः अभिषेकं चक्रुः) रत्नमय कलशों से उन वीर का अभिषेक किया था।

भुक्त्वा कुमार काले सहस्र त्रिंशद्धवर्षाण्यनंत गुणराशिः।

अमरोपनीत भोगान्सहसाभिनिबोधितोऽन्येद्यु:॥७॥

नानाविधरूपचितां विचित्र कूटोच्छ्रितां मणि विभूषाम्।

चन्द्र प्रभाख्यशिविकामारूह्य पुराद्विनि:क्रान्त:॥८॥

मार्गशिर कृष्ण दशमी हस्तोत्तर मध्यमाश्रिते सोमे।

षष्ठेन त्वपराण्हे भक्तेन जिन: प्रवव्राज॥९॥

अन्वयार्थ- जो वर्धमान स्वामी (अनंत-गुण-राशि:) अनंत गुणों के राशि स्वरूप (कुमार काले) कुमार अवस्था में (त्रिंशत् वर्षाणि) ३० वर्षों तक (अमर-उपनीत भोगान्-भुक्त्वा) देवों के द्वारा लाये गये भोगों को भोगकर (सहसा अभिनिबोधित:) अचानक वैराग्य को प्राप्त हो गये तथा (अन्येद्यु:) दूसरे दिन(नानाविधरूपचितां) विविध प्रकार के चित्रों से (विचित्र कूटोच्छ्रितां) विचित्र-ऊँचे-ऊँचे शिखरों से ऊँची विशाल (मणि-विभूषाम्) मणियों से सुशोभित ऐसी (चन्द्र प्रभाख्य शिविकाम्-आरूह्य) चन्द्रप्रभा नामक पालकी पर आरोहण करके (पुरात् विनिष्क्रांत:) कुण्डपुर नगर से बाहर निकल गये (मार्ग-शिर-कृष्ण-दशमी-हस्तोत्तर-मध्यमाश्रिते सोमे) अगहन वदि दशमी के शुभ दिन जब चन्द्रमा हस्तोत्तर नक्षत्र पर था, उन्होंने (षष्ठेन भक्तेन त्वपराण्हे) दो उपवास का नियम ग्रहण कर अपरान्ह काल में (जिन: प्रवव्राज) निर्ग्रंथ दीक्षा धारण कर ली।

ग्रामपुर खेटकर्वटमटंब घोषाकरान्प्रविजहार।

उग्रैस्तपोविधानै: द्वादशवर्षण्यमरै: पूज्य:॥१०॥

अन्वयार्थ- (अमरै: पूज्य:) देवों से पूज्य मुनिराज वर्धमान ने (उग्रै: तपोविधानै:) उग्र तपों के विधान से (द्वादश-वर्षाणि)

बारह वर्ष तक (ग्राम-पुर-खेट-कर्वट-मटंब, घोषा-करान्) ग्राम-पुर-खेट-कर्वट- मटम्ब-घोष और आकर आदि में (प्रविजहार) प्रकृष्ट विहार किया।

ऋजुकूलायास्तीरे शाल्मद्रुम संश्रिते शिलापट्टे।
अपराण्हे षष्ठेन स्थितस्य खलु जृंभिकाग्रामे।।११।।

अन्वयार्थ- (ऋजुकूलायाः तीरे) ऋजुकूला नदी के किनारे (खलु जृम्भिकाग्रामे) जृम्भिका ग्राम के पास (शाल्मद्रुम संश्रिते शिलापट्टे) शाल वृक्ष के नीचे शिला पर स्थित (अपराण्हे षष्ठेन स्थितस्य) अपरान्ह में बेला का नियम लेकर विराजमान हो गये।

वैशाखसितदशम्यां हस्तोत्तरमध्यमाश्रिते चंद्रे।
क्षपक श्रेण्यारूढस्योत्पन्नं केवलज्ञानम्।।१२।।

अन्वयार्थ- (वैशाखसितदशम्यां) वैशाख शुक्ल दशमी (हस्तोत्तर मध्यमाश्रिते चन्द्रे) जब चन्द्रमा हस्तोत्तर नक्षत्र पर स्थित था तब (क्षपक श्रेण्यारूढस्य उत्पन्नं केवलज्ञानम्) क्षपक श्रेणी पर आरूढ उन मुनिराज को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ।

अथ भगवान संप्रापद् दिव्यं वैभार पर्वतं रम्यम्।
चातुर्वर्ण्य सुसंघस्तत्राभूत् गौतम प्रभृति।।१३।।

अन्वयार्थ- (अथ) केवलज्ञान प्राप्ति के पश्चात् (भगवान) वीर भगवान (दिव्यं रम्यं वैभार पर्वतं सम्प्रापत्) विशाल सुंदर मनोज्ञ ऐसे वैभार पर्वत पर पधारे (तत्र) वहाँ (गौतम प्रभृति) गौतम स्वामी को आदि लेकर (चातुर्वर्ण्य संघः अभूत्) मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका रूपचार प्रकार का संघ था।

छत्राशोकौ घोषं सिंहासन दुंदुभिः कुसुमवृष्टिम्।

वरचामर भामण्डल दिव्यान्यन्यानि चावापत्॥१४॥

अन्वयार्थ- वहाँ १ योजन विशाल समवशरण में (छत्र-अशोकौ) दिव्य सुंदर छत्र, अशोक वृक्ष (घोषं) दिव्य ध्वनि (सिंहासन-दुंदुभिः) सिंहासन और दुंदुभि बाजे (कुसुम वृष्टिं) सुमनों की वर्षा (वर-चामर-भामण्डल दिव्यानि-अन्यानि च) उत्तम चंवर, भामण्डल और अन्य अनेक दिव्य वस्तुओं को आपने (अवापत्) प्राप्त किया।

दस विधमनगाराणामेकादशधोत्तरं तथा धर्मम्।

देशयमानो व्यवहरं स्त्रिंशद्वर्षाण्यथ जिनेन्द्रः॥१५॥

अन्वयार्थ- (अथ) केवलज्ञान के पश्चात् (जिनेंद्रः) भगवान महावीर ने (दशविधम् अनगाराणाम्) दस प्रकार के मुनिधर्म का (तथा) तथा (एकादशधा उत्तरं धर्म) ग्यारह प्रतिमा रूप श्रावक धर्म का (देशयमानः) उपदेश देते हुए (त्रिंशद् वर्षाणि) ३० वर्षों पर्यन्त (व्यवहरत्) विहार किया।

पद्मवनदीर्घिका कुल विविध द्रुमखण्ड मंडितेरम्ये।

पावानगरोद्याने व्युत्सर्गेण स्थितः स मुनिः॥१६॥

अन्वयार्थ- (सः मुनिः) वे महावीर (पद्मवन दीर्घिकाकुल-विविध-द्रुम खण्ड-मण्डिते) कमलवन समूह और अनेक प्रकारों के वृक्षों से शोभित (पावानगरे उद्याने) पावानगर के उद्यान में (व्युत्सर्गेण स्थितः) कायोत्सर्ग से स्थित हो गये।

कार्तिक कृष्णस्यान्ते स्वातावृक्षे निहत्यकर्मरजः।

अवशेषं संप्रापत्व्यजरामरमक्षयं सौख्यम्॥१७॥

अन्वयार्थ- वे सकल परमात्मा महावीर (कार्तिक-कृष्णस्य-अन्ते) कार्तिक अमावस्या और (स्वातौ ऋक्षे) स्वाति

नक्षत्र के काल में (अवशेषं कर्मरजः निहत्य) सम्पूर्ण अघातिया कर्मों का क्षय करके (व्यजरम्-अमरम् अक्षयम् सौख्यम्) निर्दोष अक्षय अविनाशी, शाश्वत सुख को (सम्प्रापद्) प्राप्त किया।

परिनिर्वृत्तं जिनेन्द्रं ज्ञात्वा विबुधह्यथाशु चागम्य।
देवतरू रक्त चंदन कालागरू सुरभिगोशीर्षैः।।१८।।
अग्नीन्द्राज्जिन देहं मुकुटानल सुरभि धूपवरमाल्यैः।
अभ्यर्च्य गणधरानपि गतादिवं खं च वनभवने।।१९।।

अन्वयार्थ- (अथ हि) तत्पश्चात् (जिनेन्द्रं परिनिर्वृत्तं ज्ञात्वा) वीर भगवान को मुक्त हुए जानकर (विबुधाः) इंद्र आदि देवों ने (आशु-आगम्य) शीघ्र आकरके (देवतरु-रक्त-चंदन-कालागुरु-सुरभिगोशीर्षैः) देवदारु, लाल चंदन, कालागरु और सुगंधित गोशीर्ष-चंदनों से (अग्नीन्द्रात्) अग्नि कुमार देवों के स्वामी "अग्नीन्द्र" के (मुकुट-अनल-सुरभि- धूपवर-माल्यैः) मुकुट से प्राप्त अग्नि सुंगन्धित धूप और उत्कृष्ट मालाओं के द्वारा (जिनदेहं) जिर्नेद्र देव के शरीर की (अभ्यर्च्य) पूजा की तथा (गणधरानपि अभ्यर्च्य) गणधरों की भी पूजा की इसके बाद (दिवं खं च-वन गता भवने) वैमानिक देव स्वर्ग को, ज्योतिषी देव आकाश को, व्यन्तर देव वन को तथा भवनवासी देव भवनों को चले गये।

इत्येवं भगवति वर्धमान चंद्रे
यः स्तोत्रं पठति सुसंध्ययो र्द्वयोर्हि।
सोऽनंतं परम सुखं नृ देव लोके,
भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति।।२०।।

अन्वयार्थ- (इति एवं) इस प्रकार (भगवति वर्धमान चंद्रे)

भगवान महावीर (स्तोत्रं) स्तोत्र को (यः) जो (द्वयोः हि) दोनों हि (सुसंध्ययोः पठति) संध्याओं में पढ़ता है (सः) वह (नृ-देवलोके) मनुष्य और देवलोक में (परम सुखं भुक्त्वा) उत्तम सुखों को भोगकर (अन्ते) अन्त में (अक्षयं-अनंतं शिवपदं) अविनाशी शाश्वत ऐसे मोक्ष को (प्रयाति) पाता है।

यत्रार्हतां गणभृतां श्रुतपारगाणां,
निर्वाण भूमिरिह भारत वर्ष जानाम्।
तामद्य शुद्धमनसा क्रिययावचोभिः,
संस्तोतुमुद्यतमतिः परिणौमिभक्त्या॥२१॥

अन्वयार्थ- (इह) यहाँ जम्बूद्वीप में (यत्र) जहाँ (भारतवर्षजानाम्) भारतदेश में उत्पन्न (अर्हतां, गणभृतां, श्रुतपारगाणां, निर्वाणभूमि) अर्हंतों की तीर्थंकरों की गणधरों की श्रुतकेवलियों की निर्वाण भूमियां हैं। (संस्तोतुम्-उद्यत-मतिः) उन की स्तुति करने के लिए तत्पर बुद्धि वाला हुआ मैं (भक्त्या) भक्तिपूर्वक (ताम्) उनको (अद्य) अभी (शुद्ध-मनसा-क्रियया-वचोभिः) शुद्ध योगों से (परिणौमि) नमस्कार करता हूँ।

कैलाश शैलशिखरे परिनिर्वृतोऽसौ,
शैलेशिभावमुपपद्य वृषो महात्मा।
चम्पापुरे च वसुपूज्यसुतः सुधीमान्,
सिद्धिं परामुपगतो गतरागबन्धः॥२२॥

अन्वयार्थ- (शैलेशिभावम् उपपद्य) अठारह हजार शीलों के स्वामीपने को प्राप्त करके (असौ महात्मा वृषः) ये महान आत्मा वृषभदेव (कैलाश-शैल-शिखरे) कैलाश पर्वत के शिखर से (परिनिर्वृतः) निर्वाण को प्राप्त हुए (गत-रागबन्धः

सुधीमान्) वीतरागी केवलज्ञानी (वसुपूज्यसुतः चम्पापुरे) राजा वसुपूज्य के सुपुत्र-भगवान् वासुपूज्य ने चम्मापुर से (परां सिद्धिं उपगतः) उत्कृष्ट सिद्धि को प्राप्त किया।

यत्प्रार्थ्यते शिवमयं विबुधेश्र्वराद्यैः,
पाखण्डिभिश्र्च परमार्थगवेष शीलैः।
नष्टाष्ट कर्म समये तदरिष्टनेमिः,
संप्राप्तवान् क्षितिधरे वृहदूर्जयन्ते।। २३।

अन्वयार्थ- (विबुधेश्र्वराद्यैः) इन्द्र आदि देवों के द्वारा (च) और (परमार्थ-गवेषशीलैःपाखण्डिभिः) आत्मा की खोज करने वाले अन्य लिंगधारियों के द्वारा भी (यत् शिवम् प्रार्थ्यते) जिस मोक्ष की इच्छा की जाती है (तत्) उस मोक्ष को (अयं अरिष्टनेमिः) इन नेमिनाथ भगवान ने (नष्ट-अष्ट-कर्म समये) अष्ट कर्मों का क्षय करते ही, (वृहत्-उर्जयन्ते क्षितिधरे) उर्जयन्त पर्वत से (संप्राप्तवान्) प्राप्त किया।

पावापुरस्य बहिरुन्नत भूमिदेशे,
पद्मोत्पलाकुलवतां सरसां हि मध्ये।
श्री वर्द्धमान जिनदेव इति प्रतीतो,
निर्वाणमाप भगवान्प्रविधूतपाप्मा।।२४।।

अन्वयार्थ- (पावापुरस्य बहिः) पावापुर के बाहर (पद्म-उत्पलाकुलवतां) कमल से भरे हुए (सरसां हि मध्ये) तालाब के बीच में ही (उन्नतभूमिदेशे) ऊँचे भूमि प्रदेश पर (श्रीवर्धमान-जिनदेव इति प्रतीतो भगवान्) श्री वर्धमान भगवान् ने (प्रविधूतपाप्मा निर्वाणमाप) पापों का क्षय करके मोक्ष पाया।

शेषास्तु ते जिनवरा जितमोहल्ला,

ज्ञानार्क भूरि किरणैरव भास्य लोकान्।
स्थानं परं निरवधारित सौख्यनिष्ठं,
सम्मेद पर्वततले समवापुरीशाः॥२५॥

अन्वयार्थ- (जितमोहमल्लाः) जीत लिया है मोहरूपी मल्ल को जिनने ऐसे (शेषास्तु ते जिनवराः ईशाः) जो शेष तीर्थंकर है, भगवान् हैं वे (ज्ञान-अर्क-भूरि-किरणैः लोकान् अवभावस्य) ज्ञानरूपी सूर्य की अनेकानेक किरणों से लोकों को प्रकाशमान करके (सम्मेद-पर्वत-तले) सम्मेदाचल पर्वत पर (निरवधारित-सौख्यनिष्ठं परं स्थानं) अनन्त सुख से व्याप्त उत्कृष्ठ मोक्ष को (सम् अवापूः) अच्छी तरह से प्राप्त हुए।

आद्यश्चर्तुदश दिनैर्विनिवृत्त योगः,
षष्ठेन निष्ठितकृतिर्जिन वर्द्धमानः।
शेषाविधूत घनकर्म निबद्धपाशाः,
मासेन ते यतिवरांस्त्व भवन्वियोगाः॥२६॥

अन्वयार्थ- (आद्यः) प्रथम तीर्थंकर वृषभदेव ने (चतुर्दशदिनैः विनिवृत्त योगः) चौदह दिनों के द्वारा योग निरोध किया(जिन वर्द्धमानः) वर्द्धमान जिनेन्द्र ने (षष्ठेन-निष्ठित कृतिः) दो दिनों के द्वारा योगों का रिनोध किया (शेषा ते यतिवराः तु मासेन) शेष-२२ तीर्थंकर एक माह के द्वारा योग निरोध कर (विधूत-घन-कर्म-निबद्ध-पाशाः) अत्यन्त दृढ कर्मबंध रूप जाल को नाश कर मुक्त (अभवन्) हुए।

माल्यानि वाक्स्तुतिमयैः कुसुमैः सुदृब्धा,
न्यादाय मानसकरैरभितः किरन्तः।
पर्येम आदृतियुता भगवन्निषद्याः,

संप्रार्थिता वयमिमे परमांगतिं ता:॥२७॥

अन्वयार्थ- (वाक् स्तुतिमयैः कुसुमैः) वचनों के स्तुतिमय पुष्पों के द्वारा (सुदृब्धानि माल्यानि) गूँथी हुई सुंदर मालाओं को (मानसकरैः आदाय) मन रूपी हाथों में ग्रहण करके (अभितः) चारों ओर (किरन्तः) बिखेरते हुए (इमे) ये (वयम्) हम (भगवन् निषद्याः आदृति युता पर्येम) भगवन्तों की निर्वाण भूमियों की साद परिक्रमा करते हैं तथा (ताः परमां गतिं सम्प्रार्थिता) उनसे उत्तम सिद्ध गति की प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं।

शत्रुञ्जये नगवरे दमितारिपक्षाः
पण्डोः सुताः परमनिर्वृत्तिमभ्युपेताः।
तुंग्यां तु संगरहितो बलभद्रनामा,
नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः॥२८॥
द्रोणीमति प्रबल कुण्डल मेढ्रके च,
वैभार पर्वत तले वर सिद्ध कूटे।
ऋष्याद्रिके च विपुलाद्रिबलाहके च
विन्ध्ये च पोदन पुरे वृषदीपके च ॥२९॥
सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे,
दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ।
ये साधवोहतमलाः सुगतिं प्रयाताः,
स्थानानि तानि जगति प्रथितान्य भूवन्॥३०॥

अन्वयार्थ- (दमित अरिपक्षाः पण्डोः सुताः) शत्रु नाशक पाण्डव (शत्रुञ्जये नगवरे परमनिर्वृत्तिम्-अभ्युपेताः) शत्रुञ्जय पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए (संग रहितः बलभद्रनामा तु

तुंग्यां) समस्त परिग्रह के त्यागी बलभद्र मुनि तुङ्गिगिरि से तथा (जितरिपुः सुवर्णभद्रः) कर्म विजेता मुनि सुवर्णभद्र (नद्याः तटे) चेलना नदी के किनारे से (द्रोणीमति) द्रोणगिरि (प्रबल-कुण्डल-मेढ्रके च) प्रकृष्ट कुण्डलगिरि और मुक्तागिरि (वैभार-पर्वततले) वैभार पर्वत के नीचे से (वर-सिद्धकूटे) सिद्धवर कूट से (ऋषि-आद्रिके) सोनागिरि (विपुलाद्रि-बलाहके च) विपुलाचल तथा बलाहक पर्वत (विन्ध्ये) विन्ध्याचल से (वृषदीपके पोदनपुरे) और धर्म को प्रकाशित करने वाले पोदनपुर से (सह्याचले)सह्याचल पर्वत (सुप्रतिष्ठे-हिमवति अपि) अति-प्रसिद्ध हिमालय पर्वत (दण्डात्मके गजपथे पृथुसार यष्टौ) दण्डाकार गजपंथा और वंशस्थ पर्वत से (ये साधवः) जो साधु (हतमलाः) कर्मों का क्षयकर (सुगतिं प्रयाताः) मोक्ष को प्राप्त हुए हैं (जगति) संसार में (तानि स्थानानि) वे सभी स्थान (प्रथितानि अभूवन्) प्रसिद्ध हुए।

इक्षोर्विकार रसपृक्त गुणेन लोके
पिष्टोऽधिकं मधुरतामुपयाति यद्वत्।
तद्वच्च पुण्य परुषै रुषितानि नित्यं,
स्थानानि तानि जगतामिह पावनानि ॥३१॥

अन्वयार्थ- (यद्वत्) जिस प्रकार (लोके) लोक में (इक्षोः विकार रसपृक्त गुणेन) गन्ने के रस से निर्मित (पिष्टः) आटा (अधिकं मधुरताम्) अधिक मधुरता को (उपयाति) प्राप्त हो जाता है। (तद्वत् च) उसी प्रकार (पुण्य पुरुषैः उषितानि) महापुरुषों के आश्रित (तानि स्थानानि) वे स्थान (इहजगतां नित्यं पावनानि) इस संसार को सदैव पवित्र करने वाले होते हैं।

इत्यर्हतां शमवतां च महामुनीनां,
प्रोक्तामयात्र परिनिर्वृति भूमि देशाः।
ते मे जिना जितभया मुनयश्च शांताः
दिश्यासुराशु सुगतिं निरवद्य सौख्याम्॥३२॥

अन्वयार्थ- (इति) इस प्रकार (मया) मेरे द्वारा (अत्र) यहाँ- (अर्हतां शमवतां च महामुनीनां) तीर्थंकर जिन और साम्यभाव को प्राप्त महामुनियों के (परिनिर्वृति भूमि देशाः प्रोक्ताः) निर्वाण स्थलों को कहा गया (ते जितभयाः जिनाः शांताः मुनयः च) वे निर्भय तीर्थंकर जिन और शांत मुनिराज (मे) मेरे लिए (आशु) शीघ्र (निरवद्यसौख्याम् सुगतिं दिश्यासु) निर्दोष सुख से युक्त उत्तम मोक्ष गति को प्राप्त कराने वाले हों।

शांति कुन्थ्वर कौरव्या यादवौ नेमिसुव्रतौ।
उग्रनाथौ पार्श्ववीरौ शेषा इक्ष्वाकुवंशजाः॥१॥

अन्वयार्थ- (शांतिकुन्थु-अर-कौरव्या) शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरूवंश में (नेमि सुव्रतौ) नेमिनाथ और मुनिसुव्रत ये दो तीर्थंकर (यादवौ) यदुवंश में (पार्श्ववीरौ उग्रनाथौ) पार्श्वनाथ जी उग्रवंश में तथा महावीर नाथवंश में (शेषा इक्ष्वाकु वंशजाः) तथा शेष सत्रह तीर्थंकर इक्ष्वाकु वंश में पैदा हुए हैं।

- अंचलिका -

इच्छामि भंते! परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं इमम्मि, अवसप्पिणीए चउत्थ समयस्स पच्छिमे भाए आउट्ठमासहीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि, पावाए णयरीए कत्तिय मासस्स किण्ह चउद्दसिए रत्तीए सादीए, णक्खत्ते,

पच्चूसे, भयवदो महदि महावीरो वड्ढमाणो सिद्धिं गदो। तिसुवि लोएसु भवण वासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण णिच्चकालं अंच्चंति पूजंति, वंदंति, णमंस्संति, परिणिव्वाण महाकल्लाण पुज्जं करंति। अहमवि इहसंतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि, पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगई गमणं समाहि मरणं जिण गुण संपत्ति होउ मज्झं।

अन्वयार्थ - (भंते) हे भगवन! मैंने (परिणिव्वाण भत्ति काउस्सग्गोकओ) परिनिर्वाण भक्ति से संबंधित कायोत्सर्ग किया (तस्स आलोचेउं इच्छामि) उस की आलोचना करने की इच्छा करता हूँ। (इमम्मि अवसप्पिणीए चउत्थ समयस्स पच्छिमे भाए) इस अवसर्पिणी संबंधी चौथे काल के अन्तिम भाग में (आउट्ठमासहीणे वासचउक्कम्मि सेसकालम्मि) साढ़े तीन माह कम चार वर्ष अर्थात् ३ वर्ष आठ मास १५ दिन काल शेष रहने पर (पावाए णयरीए कत्तियमासस्स किण्हचउद्दसिए रत्तीए सादीए णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो महदि महावीरो वड्ढमाणो जिणो सिद्धिं गदो) पावानगरी में कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में स्वाति नक्षत्र के रहते हुए प्रभात काल में भगवान महति महावीर वर्धमान निर्वाण को प्राप्त हुए। (तिसुविलोएसु भवणवासिय वाणविंतर जोयसिय कप्पवासियत्ति चउव्विहादेवा सपरिवारा दिव्वेण ण्हाणेण, दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण अक्खेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण चुण्णेण,

दिव्वेण दीवेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण वासेण) तीनों लोकों में चार प्रकार के देव दिव्यजल, दिव्य गंध, दिव्य अक्षत, दिव्य पुष्प, दिव्य नैवेद्य, दिव्यदीप, दिव्यधूप, दिव्यफलों के द्वारा (णिच्चकालं अंचंति पुज्जंति वंदंति णमंसंति परिणिव्वाण-महाकल्लाण पुज्जं करेंति) नित्यकाल अर्चना करते हैं, पूजा करते हैं, वंदना करते हैं, नमस्कार करते हैं, परिनिर्वाण महाकल्याण पूजा करते हैं (अहमवि इह संतो तत्थ संताइयं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमंस्सामि) मैं भी यहाँ रहता हुआ वहाँ स्थित निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ (दुक्खक्खओ कम्मक्खओ, बोहिलाओ, सुगईगमणं, समाहि मरणं) मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो सुगति में गमन हो, समाधि मरण हो (जिणगुण-सम्पत्ति होउ मज्झं) मुझे गुणरूपी सम्पत्ति की प्राप्ति हो।

"इति"

श्रीमहावीर भगवान की पूजा एवं टोंक वन्दना
(मत्तगयन्द छंद)

श्रीमत वीर हरें भवपीर, भरें सुखसीर अनाकुलताई।
केहरि अंक अरीकरदंक, नये हरि पंकति मौलि सुआई।।
मैं तुमको इत थापत हौं प्रभु, भक्ति समेत हिये हरषाई।
हे करुणा-धन-धारक देव, इहां अब तिष्ठहु शीघ्रहि आई।।

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमान जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमान जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमान जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्

सन्निधिकरणम्।

अष्टक

(चाल-द्यानतरायकृत नंदीश्वराष्टक आदि अनेक रागों में बनती है)

क्षीरोदधिसम शुचि नीर, कंचन भृंग भरौं।
प्रभु वेग हरो भवपीर, यातें धार करौं।।
श्रीवीर महा-अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मतिदायक हो।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा।१।

मलयागिर चन्दनसार, केसर संग घसौं।
प्रभु भवआताप निवार, पूजत हिय हुलसौं।।श्रीवीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दनं नि० स्वाहा।।२।।

तंदुलसित शशिसम शुद्ध, लीनो थार भरी।
तसु पुंज धरौं अविरुद्ध, पावौं शिवनगरी।।श्रीवीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्तये अक्षतान् नि० स्वाहा।।३।।

सुरतरू के सुमन समेत, सुमन सुमन प्यारे।
सो मनमथ भंजन हेत, पूजौं पद थारे।।श्री वीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं नि० स्वाहा।।४।।

रसरज्जत सज्जत सद्य, मज्जत थार भरी।
पद जज्जत रज्जत अद्य, भज्जत भूख अरी।।श्री वीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि० स्वाहा।।५।।

तमखंडित मंडित नेह, दीपक जोवत हौं।
तुम पदतर हे सुखगेह, भ्रमतम खोवत हौं।।श्रीवीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि० स्वाहा।।६।।

हरिचंदन अगर कपूर, चूर सुगंध करा।

तुम पदतर खेवत भूरि, आठों कर्म जरा।।श्रीवीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं नि० स्वाहा।।७।।

रितु फल कल-वर्जित लाय, कंचन थार भरौं।

शिव फलहित हे जिनराय, तुम ढिग भेंट धरौं। श्री वीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं नि० स्वाहा।।८।।

जल फल वसु सजि हिम थार, तन मन मोद धरौं।

गुण गाऊँ भवदधितार, पूजत पाप हरौं।।श्रीवीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं नि० स्वाहा।।९।।

पंच कल्याणक अर्घ्यावली

(राग टप्पा)

मोहि राखो हो शरणा, श्री वर्द्धमान जिनरायजी मोहि राखो०।।

गरभ साढ़ सित छट्ट लियो थित, त्रिशला उर अघ हरना।

सुर सुरपति तित सेव करी नित, मैं पूजूं भवतरना।।

मोहि राखो हो शरणा, श्री वर्द्धमान जिनरायजी, मोहि राखो हो शरणा।

ॐ ह्रीं आषाढ़ शुक्ला षष्ठ्यां गर्भमंगल मंडिताय श्री महावीर जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।१।।

जन्म चैत सित तेरस के दिन, कुण्डलपुर कन वरना।

सुरगिरि सुरगुरु पूज रचायो, मैं पूजौं भवहरना।मोहि०

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्ला त्रयोदश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीमहा०अर्घ्यं नि०।।२।।

मंगसिर असित मनोहर दशमी, ता दिन तप आचरना।

नृपति कूल घर पारन कीनों, मैं पूजौं तुम चरना।मोहि०

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षकृष्णादशम्यां तपोमंगलमंडिताय श्री महा०अर्घ्यं नि०।।३।।

शुक्ल दशैं वैशाख दिवस अरि, घात चतुक क्षय करना।

केवल लहि भवि भवसर तारे, जजौं चरन सुख भरना। मोहि०

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्ला-दशम्यां केवल ज्ञानमंगलमंडिताय श्रीमहा०अर्घ्यं नि०।।४।।

कार्तिक श्याम अमावस शिव तिय, पावापुर तैं वरना।
गणफनिवृन्द जजें तित बहुविध मैं पूजौं भयहरना।मोहि०

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णा अमावस्यायां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीमहा० अर्घ्यं नि०।।५।।

जयमाला

(छंद हरिगीतिका-२८ मात्रा)

गणधर, अशनिधर, चक्रधर, हलधर, गदाधर, वरवदा।
अरू चापधर, विद्यासुधर तिरशूलधर सेवहिं सदा।।
दुखहरन आनंदभरन तारन, तरन चरन रसाल हैं।
सुकुमाल गुण मनिमाल उन्नत भालकी जयमाल हैं।

छन्द घत्ता

जय त्रिशलानंदन, हरिकृतवंदन, जगदानंदन चंदवरं।
भवतापनिकंदन, तनकनमंदन, रहित सपंदन नयन धरं।।

छन्द त्रोटक

जय केवलभानु-कला-सदनं, भवि-कोक-विकाशन कंदवनं।
जगजीत महारिपु मोहहरं, रजज्ञान-दृगांवर चूर करं।१।
गर्भादिक मंगल मंडित हो, दुखदारिद को नि र खंडित हो।
जग माहिं तुम्हीं सतपंडित हो, तुम ही भवभाव-विहंडित हो।२।
हरिवंश सरोजन को रवि हो, बलवंत महंत तुम्हीं कवि हो।
लहि केवलधर्म प्रकाश कियो, अबलों सोई मारग राजतियो।३।
पुनि आप तने गुण माहिं सही, सुरमग्न रहैं जितने सबही।
तिनकी वनिता गुनगावत हैं, लय-ताननिसों मनभावत हैं।४।
पुनि नाचत रंग उमंग-भरी, तुअ भक्ति विषै पग एम धरी।
झननं झननं झननं झननं, सुर लेत तहां तननं तननं।५।

घननं घननं घनघंट बजै, दृमदं दृमदं मिरदंग सजै।
गननांगन-गर्भगता सुगता, ततता ततता अतता वितता।६।
धृगतां धृगतां गति बाजत है, सुरताल रसालजु छाजत है।
सननं सननं सननं नभ में, इकरूप अनेक जु धारि भ्रमें।७।
किन्नर सुर बीन बजावत हैं, तुमरो जस उज्ज्वल गावत हैं।
करताल विषै करताल धरैं, सुरताल विशाल जु नाद करैं।८।
इन आदि अनेक उछाह भरी, सुरभक्ति करें प्रभुजी तुमरी।
तुमही जग जीवन के पितु हो, तुमही बिनकारनतें हितु हो।९।
तुमही सब विघ्न विनाशक हो, तुमही निज आनंदभासन हो।
तुमही चितचिंतितदायक हो,जगमाहिं तुम्हीं सब लायक हो।१०।
तुमरे पन मंगल माहिं सही, जिय उत्तम पुन्य लियो सबही।
हमतो तुमरी शरणागत हैं, तुमरे गुन में मन पागत है।११।
प्रभु मो हिय आप सदा बसिये, जबलों वसु कर्म नहीं नसिये।
तबलों तुम ध्यान हिये वरतों, तबलों श्रुतचिंतन चित्त रतो।१२।
तबलों व्रत चारित चाहतु हों, तबलों शुभभाव सुगाहतु हों।
तबलों सतसंगति नित्त रहो, तबलों मम संजम चित्त गहो।१३।
जबलों नहिं नाश करौं अरिको, शिव नारि वरौं समता धरिको।
यह द्यो तबलों हमको जिनजी, हम जाचतु हैं इतनी सुनजी।१४।

घत्ता-

श्रीवीर जिनेशा नमित सुरेशा, नाग नरेशा भगति भरा।
'वृन्दावन' ध्यावै विघन नशावै, वाँछित पावै शर्म वरा।।

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमान जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा-

श्रीसन्मति के जुगल पद, जो पूजैं धरि प्रीत।

वृन्दावन सो चतुर नर, लहैं मुक्ति नवनीत।।

इत्याशीर्वादः (पुष्पांजलिं क्षिपेत्)।

।।दोहा।।

महावीर जिन सिद्ध भए, पावापुर से जोय।

मन वच तन कर पूजहूँ, शिखर नमूं पद दोय।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर स्वामी पावापुरेः पदमूसरोवरात् षडविंशति मुनिः सह मोक्षंगतः तान् चरणानहं योगैः पुनः पुनः नमस्करोमि जलाद्यर्घ्यं निर्वापामीति स्वाहा।

निर्वाणकाण्ड (भाषा)

दोहा- वीतराग वंदौं सदा, भाव सहित सिरनाय।
कहूं काण्ड निर्वाण की, भाषा सुगम बनाय।१।
चौपाई-अष्टापद आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य 'चंपापुरि' नामि।
नेमिनाथ स्वामी 'गिरनार', वंदौं भाव- भगति उर धार।२।
चरम तीर्थंकर चरम-शरीर, पावापुरि' स्वामी महावीर।
'शिखर सम्मेद'जिनेश्वर बीस, भाव सहित वंदौं निश-दीस।३।
वरदत्तराय रु इंद्र मुनिंद्र, सायरदत्त आदि गुणवृंद।
'नगर तारवर मुनि उठकोड़ि, वंदौं भाव सहित कर जोडि।४।
श्री ' गिरनार' शिखर विख्यात, कोड़ि बहत्तर अरु सौ सात।
शम्भू-प्रद्युम्न कुमर द्वै भाय, अनिरुद्ध आदि नमूं तसु पाय।५।
राम चंद्र के सुत द्वै वीर, लाड-नरिंद आदि गुणधीर।
पांच कोड़ि मुनि मुक्ति मंझार, 'पावागढ़' वंदौं निरधार।६।
पांडव तीन, द्रविड-राजान, आठ कोड़ि मुनि मुकति पयान।
श्री 'शत्रुंजय-गिरि' के सीस , भाव सहित वंदौं निश-दीस।७।
जे बलभद्र मुकति में गये, आठ कोड़ि मुनि औरहु भये।

श्री, 'गजपंथ' शिखर सुविशाल, तिनके चरण नमूं तिहूं काल।८।
राम हनू सुग्रीव सुडील, गवय गवाख्य नील महानील।
कोड़िनिन्याणवे मुक्ति पयान, 'तुंगीगिरि' वंदौं धरि ध्यान।९।
नंग अनंग कुमार सुजान , पांच कोड़ि अरू अर्ध प्रमान।
मुक्ति गये 'सोनागिरि'-शीश, ते वंदौं त्रिभुवनपति ईश।१०।
रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये 'रेवा-तट' सार।
कोटि पंच अरू लाख पचास, ते वंदौं धरि परम हुलास।११।
रेवानदी 'सिद्धवर-कूट' पश्चिम दिशा देह जहं छूट।
द्वै चक्री दश कामकुमार, उटकोड़ि वंदौं भव पार।१२।
'बडवानी' बड़नयर सुचंग, दक्षिण दिशि गिरि चूल' उतुंग।
इंद्रजीत अरू कुंभ जु कर्ण, ते वंदौं भव-सायर तर्ण।१३।
सुवरण- भद्र आदि मुनि चार, 'पावागिरिवर' शिखर मंझार।
चेलना-नदी-तीर के पास, मुक्ति गये वंदौं नित तास।१४।
फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पश्चिम दिशा 'द्रोणगिरि' रूप।
गुरूदत्तादि- मुनीश्वर जहां, मुक्ति गये वंदौं नित तहां।१५।
बाल महाबाल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय।
श्री 'अष्टापद' मुक्ति मंझार, ते वंदौं नित सुरत संभार।१६
अचलापुर की दिश ईसान, तहां मेंढगिरि' नाम प्रधान।
साढे तीन कोड़ि मुनिराय, तिनके चरण नमूं चित लाय।१७।
वंसस्थल वनके ढिग होय, पच्छिम दिश 'कुंथुगिरि' सोय।
कुलभूषण देशभूषण नाम, तिनके चरणनि करुं प्रणाम।१८।
जसरथ राजा के सुत कहे, देश कलिंग पांच सौ लहे।
कोटिशिला मुनि कोटि प्रमान, वंदन करुं जोड़ जुग पान।१९।
समवसरण श्री पार्श्व-जिनंद, 'रेसिंदीगिरि' नयनानंद।

वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वंदौं नित धरम-जिहाज।२०।
'मथुरा नगरी' पवित्र उद्यान, जम्बूस्वामी जी निर्वाण।
चरमकेवली पंचमकाल, ते वन्दौं नित दीनदयाल।२१।
तीन लोक के तीरथ जहाँ, नित प्रति वंदन कीजे तहां।
मन-वच-काय सहित शिरनाय, वंदन करहिं भविक गुणगाय।२२।
संवत सतरहसौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल।
भैया वंदन करहिं त्रिकाल, जय निर्वाणकांड गुणमाल।२३।

श्री चौबीस-तीर्थंकर-निर्वाण-क्षेत्र पूजा

सोरठा- परम पूज्य चौबीस, जिंह जिंह थानक शिव गये।
सिद्धभूमि निश-दीस, मन वच तन पूजा करौं।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशति-तीर्थंकर क्षेत्राणि ! अत्र अवतर अवतर संवौषट आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं चतुर्विंशति-तीर्थंकर क्षेत्राणि ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
